लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 352, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दक्षिण भारत लोक साहित्य का 'आलोक' व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 20.0° अधिकतम तापमान, 12.0° न्यूनतम तापमान — आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। सूर्योदय 07:00, सूर्यास्त 5:52

हल्द्वानी, रविवार, 4 फरवरी 2024

भूलभुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता...15

फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ बनेगा कानून

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

▸▸ दिल्ली में फ्री कानूनी सहायता का मंच गठित

अमृत विचारः फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध इस बार त्रिकोणीय आंदोलन शुरू होने जा रहा है। इसकी मांग झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ देशव्यापी सख्त कानून बनाने की है। अभी तक यह मोर्चा सिर्फ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ही संभालता था। अब एलोपैथी डॉक्टरों के साथ सांसद एवं वकील भी आ गए हैं।

फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध मरीज को निशुल्क सहायता देने के लिए दिल्ली में एक कानूनी मंच भी गठित हुआ है। उक्त मुद्दे पर संसद के बजट सत्र के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और देश के विभिन्न राज्यों के सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दिल्ली में होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन करेंगे। डॉ. अशोकन ने अमृत विचार को बताया कि चिकित्सा जगत में तमाम ज्वलंत मुद्दे हैं, जिनकी वजह से डॉक्टरों को आए दिन परेशान होना पड़ता है। उसमें एक मुद्दा फर्जी डॉक्टरों का भी है, जिनके चंगुल में फंस कर आम मरीज का मर्ज जब नासूर बन जाता है, तब वे बड़े डॉक्टरों या अस्पतालों की शरण में आते हैं। मगर तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

आईएमए झोलाछाप डॉक्टर विरोधी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. अनिल बंसल ने कहा कि केंद्र सरकार को आम जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कानून बनना चाहिए।

नैनीताल, यूएस नगर और चम्पावत में मेट्रो की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि तीनों जनपदों के शहरों को जोड़कर सर्किट बनाने की है योजना

अमृत विचारः कुमाऊंवासियों के लिए अच्छी खबर है। नैनीताल, ऊधम सिंह और चम्पावत जिलों के शहरों को जोड़कर मेट्रो सर्किट बनाई जाएगी। इसका प्रस्ताव केंद्र को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही योजना के लिए औपचारिकताएं शुरू हो जाएंगी। मेट्रो रेल सेवा शुरू होने के बाद पर्यटकों को सस्ता और सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध होगा।

शनिवार को मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने बताया कि नैनीताल जनपद के हल्द्वानी व रामनगर, ऊधम सिंह नगर के काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारंगज, खटीमा और चम्पावत जिले के टनकपुर तक मेट्रो सर्किट बनाई जाएगी। इसके लिए पत्राचार शुरू किया गया है।

अजय भट्ट ने बताया कि वर्ष 2023-24 में राज्य के लिए 11419.78 करोड़ रुपये केंद्रीय आवंटन का प्रावधान था। संशोधित अनुमान में इस राशि को बढ़ाकर 12,348 करोड़ कर दी गई है, जिससे राज्य को 928 करोड़ अधिक मिलेंगे। अगले वित्तीय वर्ष के लिए विशेष पूंजीगत सहायता में 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण संशोधन को 1 लाख से बढ़ाकर 1.30 लाख करोड़ कर दिया है। जमरानी बांध प्रोजेक्ट को भी केंद्रीय कैबिनेट ने अंतिम रूप से हरी झंडी दे दी है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किच्छा में एम्स का सैटेलाइट सेंटर बनाया जा रहा है। एनएच 109, एसटीएच में कैथ लैब बनकर तैयार है। मानसखंड मंदिर माला मिशन में कुमाऊं के 15 पौराणिक मंदिरों का उद्धार, आदि कैलाश और ओम पर्वत के इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिरों के जीर्णोद्धार और ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का काम अंतिम चरण पर है।

एक नजर

एनआईए ने किया हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने हथियारों और गोला-बारूद की सीमा पार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए मिजोरम से एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि देश के कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार और गोला-बारूद की तस्करी का गिरोह चलाने के संबंध में जानकारी मिलने के बाद मिजोरम के ममित इलाके के निवासी लालनगैहौमा को आइजोल से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि यह गिरफ्तारी पिछले साल 26 दिसंबर को एनआईए द्वारा दर्ज मामले की जांच के हिस्से के रूप में की गई है। आरोपी अन्य लोगों के साथ मिलकर न केवल पूर्वोत्तर राज्यों में बल्कि सीमा पार भी हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री की तस्करी में लगा हुआ था। वह अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार स्थित विद्रोही समूहों सहित विभिन्न गुर्गों के साथ मिलकर काम कर रहा था।

इग्नू ने 15 फरवरी तक बढ़ाई दाखिलों की तिथि

चंडीगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने पहले दाखिला सत्र की तारीख 15 फरवरी तक बढ़ा दी है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल ने गुरुवार को बताया कि ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिये भारत की सबसे प्रसिद्ध एवं प्रख्यात (इग्नू) में दाखिले के लिये साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई में। कहा कि जनवरी सत्र के लिए दाखिले जारी है।

रेलवे भर्ती परीक्षा के लिए जारी किया गया कैलेंडर

नई दिल्ली। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में नियमित भर्ती परीक्षा के लिए शनिवार को भर्ती कैलेंडर जारी किया। वैष्णव ने यहां एक कार्यक्रम में भर्ती परीक्षा कैलेंडर जारी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नियमित भर्ती परीक्षा में यह यदि कोई अभ्यर्थी पहले प्रयास में उत्तीर्ण नहीं हो सका तो उसे और भी अवसर मिलेगा। इसके साथ ही चयनित लोगों के लिए बेहतर करियर प्रगति का मौका मिलेगा। वहीं भर्ती और नियुक्ति प्रक्रिया में भी तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि रेलवे में रिक्तियों का नियमित आकलन के साथ ही आरआरबी/आरआरसी की ओर से पैनल में शामिल होने के बाद उम्मीदवारों को तत्काल नियुक्ति और प्रशिक्षण दिया जाएगा। रेलवे भर्ती परीक्षा कैलेंडर के मुताबिक जनवरी-फरवरी में सहायक लोको पायलट, अप्रैल-जून तक तकनीशीयन व जुलाई-सितंबर के दौरान गैर तकनीकी वर्ग, स्नातक स्तरीय 4, 5,6 तथा गैर तकनीकी वर्ग, स्नातक स्तरीय 2, और 3, जूनियर इंजीनियर तथा पैरा मेडिकल केटेगरी में भर्ती परीक्षा होगी।

आडवाणी को भारत रत्न सम्मान

वाजपेयी-नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर इसकी घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने लिए एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। इस घोषणा के बाद आडवाणी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है जिनका पालन करने का उन्होंने प्रयास किया।

सरकार ने पिछले महीने समाजवादी दिग्गज और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान के लिए नामित किया था। कई राजनीतिक विशेषज्ञ ठाकुर के 1988 में निधन के कई वर्षों बाद उन्हें यह सम्मान दिए जाने को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के बीच अपनी जड़ें मजबूत करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। वहीं, आडवाणी को यह पुरस्कार दिया जाना पार्टी की मूल विचारधारा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है।

> मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं। यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने का प्रयास किया। **-लालकृष्ण आडवाणी, वयोवृद्ध भाजपा नेता**

आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी। कई नेताओं ने आडवाणी को यह सम्मान दिए जाने पर खुशी जताई और देश के लिए उनके योगदान की सराहना की। गृह मंत्री अमित शाह ने आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई।'

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भी आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के केंद्र के फैसले की सराहना की और कहा कि भाजपा नेता ने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दीः मोदी

संबलपुर (ओडिशा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दी थी और भारत के लोकतंत्र को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ा। प्रधानमंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आज भाजपा के हर एक कार्यकर्ता के लिए गर्व और गौरव का दिन है। आज देश ने हम सब के आदरणीय नेता लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने की घोषणा की है।"

शुचिता-प्रतिबद्धता के सशक्त प्रतीक का सम्मानः धामी

देहरादून। लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हर्ष जताते हुए कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष एवं प्रसन्नता का क्षण है कि हम सभी के मार्गदर्शक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने एक्स पर लिखा, "आडवाणी जी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष होने के साथ ही शुचिता और प्रतिबद्धता के सशक्त प्रतीक हैं। आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है।"

पंजाब के राज्यपाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पुरोहित ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं की वजह से मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

पुरोहित ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी। महापौर चुनाव में तीनों पदों पर भाजपा को जीत मिली है। इन चुनावों में कांग्रेस-आम आदमी पार्टी गठबंधन को झटका लगा और उसने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। बुधवार को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की पीठ ने 'आप' को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। पार्टी ने अदालत के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में दोबारा चुनाव कराने की मांग की थी।

महिलाकर्मी से आईएफएस अधिकारी ने की छेड़छाड़

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ मुकदमा दर्ज, पुलिस आरोपी से जल्द कर सकती है पूछताछ

अमृत विचारः वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक के खिलाफ महिला कार्मिक से छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे पहले उन्हें इस मामले में शासन ने उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव पद से हटा दिया था। महिला कार्मिक से अभद्रता और छेड़छाड़ के आरोप में अब इस भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अफसर पर कानूनी और विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है।

उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीसीबी) के नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम प्रोजेक्ट (एनसीएपी) के अंतर्गत कार्यरत महिला ने बोर्ड के सदस्य सचिव व आईएफएस अधिकारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इस मामले में राजपुर थाना पुलिस ने अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि 24 जनवरी की दोपहर को वह यूपीसीबी के सदस्य सचिव आईएफएस अधिकारी सुशांत कुमार पटनायक के पिता के निधन पर सांत्वना देने के लिए उनके कार्यालय में गई। इस दौरान सदस्य सचिव ने उन्हें पकड़ लिया और उनके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। किसी तरह से वह उनके चंगुल से छूटी। इसके बाद आरोपित ने अपने वाट्सएप से मैसेज भेजकर घटना के लिए माफी मांगी और तत्काल मैसेज डिलीट भी कर दिए। उन्होंने नोटिफिकेशन हिस्ट्री से मैसेज रिकवर कर लिए हैं। इसके बाद आरोपी ने समझौते के लिए उन पर दबाव बनाया और बोर्ड के एक अधिकारी को भेजकर समझौता करना चाहा। इस संबंध में उन्होंने बोर्ड के अध्यक्ष से 25 जनवरी को शिकायत की, जिसकी जांच अभी चल रही है।

थानाध्यक्ष राजपुर पीडी भट्ट ने बताया कि शिकायत के उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव आधार सुशांत कुमार पटनायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले में जल्द पटनायक से पूछताछ कर सकती है।

यूपी के बदायूं में जज का फंदे पर लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ अवसाद में ज्योत्सना राय के प्राणघातक कदम उठाने की चर्चा

अमृत विचार : जज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह पंखे से लटका मिला। कमरे में रखी एक डायरी से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने तनाव में रहने और किसी को अपनी मौत का जिम्मेदार नहीं बताया है। वहीं, शाम को बदायूं पहुंचे पिता अशोक कुमार राय ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली सदर में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जज ज्योत्सना राय मूलरूप से मऊ जिले की रहने वाली थीं। 29 वर्षीया ज्योत्सना अविवाहित थीं। 29 अप्रैल 2023 को उन्होंने बदायूं में कार्यभार ग्रहण किया था। 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे उनका अर्दली कोर्ट ले जाने के लिए जज कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास पहुंचा, दरवाजा खटखटाया किंतु भीतर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने जज के मोबाइल पर कॉल की, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर अर्दली ने कोर्ट के अन्य कर्मचारियों और पुलिस को सूचना दी।

पांच घंटे के प्रयास में केजरीवाल को सौंपा नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने शनिवार को पांच घंटे के नाटकीय घटनाक्रम के बाद यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उन्हें एक नोटिस तामील कराया और आम आदमी पार्टी (आप) के सात विधायकों की भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त का प्रयास किए जाने के उनके आरोपों पर तीन दिनों के अंदर उनसे जवाब मांगा। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा हमने उन्हें नोटिस तामील कराया है। वह लिखित रूप में तीन दिनों के अंदर जवाब दे सकते हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर मौजूद अधिकारियों को आखिरकार नोटिस सौंपा गया।

नजूल भूमि पर बनी मस्जिद-मदरसे पर आज चलेगा प्रशासन का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

मलिक का बगीचा स्थित भूमिगत मस्जिद।

अमृत विचार : बनभूलपुरा में नजूल भूमि पर अवैध ढंग से बने मलिक का बगीचा और बगीचे में बनी मस्जिद व मदरसे पर आज नगर निगम का बुलडोजर चल सकता है। नगर निगम, प्रशासन व पुलिस ने ध्वस्तीकरण की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, बनभूलपुरा में मलिक का बगीचा नजूल भूमि पर है। बीती 29-30 जनवरी को नगर निगम व प्रशासन की संयुक्त टीम ने पुलिस की मदद से करीब डेढ़ एकड़ भूमि से अवैध कब्जे हटवाए और नगर निगम की तारबाड़ कर दी। इस भूमि के बीचोबीच 800 वर्ग मीटर भूमि में एक मदरसा और भूमिगत मस्जिद है। जांच में पता चला कि अब्दुल मलिक नामक व्यक्ति ने उक्त भूमि पर अवैध ढंग से कब्जा किया हुआ है। मलिक ने इस भूमि का फ्रीहोल्ड भी नहीं कराया है, इसके उलट 50-50 रुपये के स्टांप पर सरकारी भूमि पर प्लॉटिंग कर दी गई। एक-एक प्लॉट का लाखों में सौदा किया गया।

आरोप है कि अवैध कब्जा बनाए रखने की नीयत से मलिक ने भूमि पर धार्मिक स्थलों का निर्माण किया। नगर निगम ने अब्दुल मलिक को नोटिस जारी कर 1 फरवरी तक निर्माण हटाने की चेतावनी दी थी। फिर भी मलिक ने कोई जवाब नहीं दिया। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि नियमानुसार नोटिस दिया गया है। नोटिस के अनुसार कार्रवाई की जाएगी, इसमें कोई परिवर्तन नहीं है।

'आप' के पूर्व विधायक भयानी भाजपा में शामिल

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के महीनों बाद आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक भूपेन्द्र भयानी शनिवार को जूनागढ़ जिले में आयोजित एक समारोह में सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। जूनागढ़ की विसावदर सीट से 'आप' के विधायक रहे भयानी ने पिछले साल दिसंबर में विधानसभा सदस्यता और पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और घोषणा की थी कि वह भाजपा में शामिल होंगे। भाजपा द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, भयानी और उनके समर्थक भेसन गांव में हुए समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल की उपस्थिति में भगवा पार्टी में शामिल हुए।

सीएपीएफ में भर्ती मामले में सीबीआई की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ फर्जी अधिवास प्रमाणपत्र से भर्ती मामले में एजेंसी ने कार्रवाई

▸▸ कोलकाता और चौबीस परगना जिले में 8 स्थानों पर छानबीन

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में भर्तियों में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों के लिए उपलब्ध फायदे हासिल करने के लिए जाली अधिवास प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल के आरोपों पर शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता और 24 उत्तर परगना जिले में आठ स्थानों पर छापे मारे।

सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर पिछले साल अगस्त में इस मामले की जांच संभाली थी। ऐसे आरोप हैं कि सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में फर्जी अधिवास प्रमाणपत्रों के जरिए कई अभ्यर्थियों की अवैध भर्ती की गई। इन प्रमाणपत्रों में उन्हें सीमावर्ती इलाकों का दिखाया गया और इस तरह उन्हें कम कट-ऑफ अंकों पर भी उत्तीर्ण कर दिया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को भी इससे फायदा मिला। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को गिरोह के सदस्यों के परिसरों पर तलाशी ली गई जो जाली अधिवास प्रमाणपत्र बनाने में कथित तौर शामिल हैं।

विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

आज यानी 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। जहां 20वीं शताब्दी में मनुष्य की मौतों का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग था, 21वीं शताब्दी में कैंसर मनुष्यों की मौतों का सबसे बड़ा कारण बनेगा। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को जागरूक करके कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना है। इस दिवस की शुरुआत 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर फॉर न्यू मिलेनियम के दौरान हुई थी। समिट में संकल्प लिया गया था कि हम 21वीं शताब्दी में इस महामारी से लड़ने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

कैंसर से बचना है तो करें उपवास

डॉ. अर्जुन अग्रवाल
वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ
रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट, बरेली

जहां आधुनिक ऐलोपैथी में सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी व इम्यूनोथेरेपी कैंसर से लड़ने के लिए मुख्य तकनीक हैं। वहीं नई तकनीकों का विकास करने में अलग तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। इसको इंटीग्रेटिव मेडिसिन का नाम दिया गया है।

इंटीग्रेटिव मेडिसिन में मौजूदा समय में उपवास यानी व्रत रखने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मनुष्य आदिकाल से ही उपवास करता आया है, चाहे वह भोजन की कमी के कारण, धार्मिक कारणों से या आजकल वजन कम करने जैसे उद्देश्यों के लिए। व्रत रखने से कैंसर से बचाव पर कई क्लीनिकल ट्राइल्स चल रहे थे, परंतु जापानी विशेषज्ञ डॉक्टर योशीबोरी ओसूमी ने एक ऐसी रिसर्च की, जिसमें उन्हें वर्ष 2016 का नोबेल पुरस्कार मिला। उनकी रिसर्च में यह पाया गया कि 12 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के सेल मरने लगे और इसका नार्मल सेल पर फर्क नहीं पड़ा। इससे यह पता लगता है कि कैंसर के सेल को ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है। व्रत रखने से नार्मल सेल को इतना फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कैंसर के सेल को अपने मेटाबालिज्म के लिए ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है, इसलिए वह ग्लूकोज की कमी में मर जाते हैं। इस रिसर्च के बाद व्रत और कैंसर के रिश्ते को खोजने के लिए चूहों और मनुष्यों में क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू हुए। वर्ष 2016 में चूहो पर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि व्रत रखने से बोनमैरो स्टीमूलेट होती है, और ट्यूमर इनफ्लिट्रिंग लिम्फोसाइट्स बनते है, जो कि कैंसर के पास जाकर उसको मारते है।

शोध में मिला कुछ खास

- 2016 में ही यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया की एक रिसर्च में पाया कि जो लोग कीमोथेरेपी ले रहे हैं, अगर वह व्रत रखते हैं, तो कीमोथेरेपी का असर और अच्छा आता है।
- यूनिवर्सिटी ऑफ सेन फ्रांसिस की रिसर्च में यह पाया कि व्रत रखने से इम्यून सिस्टम एक्टीवेट होता है, जिससे कैंसर के प्री-मैलीगेन्ट सेल मर जाते है।
- वैज्ञानिक मैरीअर्क के शोध के अनुसार जो महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित हैं अगर वे 13 घंटे से ज्यादा व्रत रखती हैं, तो कैंसर की आशंका 36 प्रतिशत से कम हो जाती है।
- कुछ लोगों को ये आशंका भी हुई कि कैंसर के मरीजों का वैसे ही वजन कम होता है, तो क्या व्रत रखने से ऐसा तो नहीं होगा कि वो कैंसर के इलाज लेने में अक्षम हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने शोध किया और इसको निराधार बताया।
- अब इतनी चर्चा का हम क्या निष्कर्ष निकालें? निष्कर्ष ये है कि व्रत रखना शरीर के लिए फायदेमंद है। इससे मोटापा, डायबिटीज, बीपी के बचाव के साथ कैंसर से बचने में भी मदद मिलती है। एक हफ्ते में दो बार 16 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के प्रारंभिक सेल मर जाते हैं। आने वाले वर्षों में इसका परिणाम अलग तरह के कैंसर में नजर आएगा।

सार-संक्षेप

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर संपन्न

भीमताल : बिडला इंस्टीट्यूट ऑफ़ अप्लाइड साइंसेज भीमताल की इकाई एनएसएस के तत्वावधान में सोन गांव के मैदान पर 7 दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में बिरला इंस्टिट्यूट के 62 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सोनगांव के विद्यालय को जोड़ने वाली दो सड़कों का चौड़ीकरण किया और पानी के स्रोत की सफाई की। राज्य समन्वयक ललित पांडे और जिला समन्वयक जगमोहन सिंह नेगी ने सभी छात्रों को संबोधित किया। संस्थान संचालक प्रो. बीके सिंह संस्थान के एनएसएस समन्वयक नितिन छात्र समन्वयक दिव्यांशु मेहता आदि मौजूद थे।

मल्लीताल बाजार में फैले केबल के तार। ● अमृत विचार

बाजार में केबल के तार फैले रहने से राहगीरों को परेशानी

भीमताल : भीमताल के मल्लीताल बाजार वार्ड संख्या एक में कई स्थानों पर केबल के तार फैले हुए हैं। ऐसे में कई लोग इसमें उलझकर चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय निर्वतमान सभासद ने बताया कि ब्लाक रोड को मुड़ने वाले मार्ग में तो कई मीटर तार सड़क पर फैला हुआ है। इसके चलते काफी परेशानी हो रही है। निवर्तमान सभासद ने केबल आपरेटरों से तारों को सुव्यवस्थित करने को कहा है।

जुगनू दीवार पत्रिका के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

नौनिहालों ने जुगनू का नया अंक निकाला

भीमताल : भीमताल के संकुल पिनरो स्थित जीपीएस बांसा में छात्रों ने गणतंत्र, राम मंदिर और स्वच्छता पर आधारित दीवार पत्रिका 'जुगनू' का नया अंक निकला। नवीन अंक का विमोचन प्रधानाध्यापक शंकर नाथ गोस्वामी और सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम कुल्याल ने संयुक्त रूप से किया। शिक्षक दीपक नौगाईं अकेला ने बताया कि दीवार पत्रिका में छात्रों की स्वलिखित कविता, लेख, गीत व चित्रों को स्थान दिया गया है। इस अंक के छात्र संपादक जानहवी पलडिया, चन्द्रा शर्मा, विनिता ब्रजवासी, देव शर्मा और पंकज पलडिया हैं।

ग्रामीणों से बात करते भाजपा नेता हेम आर्य। ● अमृत विचार

भाजपा नेता ने किया तौराड़ और घिरोली का भ्रमण

भवाली : भाजपा नेता हेम आर्य ने शनिवार को बेतालघाट ब्लॉक के तौराड़ और घिरोली का भ्रमण किया। आम आदमी पार्टी से भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार पहुंचे आर्य का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने उनको गांव में पीने के पानी की समस्या से अवगत कराया। इस दौरान सुभम कुमार, मनोज बधानी, कपिल पंत, दिनेश जोशी, केवलानन्द, सरिता आर्य, जानकी देवी, जगत सिंह, दीपू राम, नन्द राम, दयाल चन्द्र, अम्बा राम, महेश चंद्र, हरि राम, तुलसी देवी आदि मौजूद रहे।

पालतू कुत्तों के बना लें लाइसेंस वरना पांच हजार का चालान, मुकदमा भी दर्ज होगा

क्या नैनीताल में सिर्फ 62 पालतू कुत्ते हैं...

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: क्या नगर में सिर्फ 62 पालतू कुत्ते हैं? क्योंकि जनवरी माह में 62 लोगों ने ही कुत्तों के लिए लाइसेंस बनवाए हैं। उधर, नगर पालिका ने पालतू कुत्तों के स्वामियों से लाइसेंस बनवाने का अनुरोध किया है।

साथ ही कहा है कि अगर लाइसेंस नहीं बनाया तो पांच हजार का चालान व स्वामी पर मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है।

01 माह में सिर्फ 62 लोगों ने बनवाए लाइसेंस, पालिका ने की अपील

कार्यालय अधीक्षक शिवराज नेगी ने बताया कि एक जनवरी से 30 दिसंबर तक एक साल के लिए लाइसेंस बनाया जाता है। कहा कि बीते वर्ष कुल 151 कुत्तों के लाइसेंस बनाए गए थे। इस वर्ष जनवरी में कुल 62 लाइसेंस बनाए जा चुके हैं।

उन्होंने पशु स्वामियों से कहा कि कुत्ते का वैक्सिनेशन कार्ड व अपना आधार कार्ड लाना होगा तभी लाइसेंस बनाया जाएगा। साथ ही हिंसक कुत्तों का लाइसेंस बनाने के लिए स्वामी से शपथ पत्र भी लिया जाएगा।

जेडी क्रिकेट स्टार दिल्ली और एरीना ने जीते मैच

भीमताल, अमृत विचार : सिक्स एएम के तत्वावधान में भीमताल में मिनी स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मैच जेडी क्रिकेट स्टार दिल्ली की टीम और न्यू यूथ सूपी के बीच खेला गया। न्यू यूथ सूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में चार विकेट खोकर 129 रन बनाए। जवाब में उतरी जीडी क्रिकेट स्टार दिल्ली की टीम ने छह विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। दूसरा मैच टीम एरीना और स्टार 11 की बीच खेला गया। इसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम एरीना ने निर्धारित 15 ओवर में छह विकेट खोकर 133 रन बनाए। जवाब में उतरी स्टार 11 की टीम मात्र 73 रन बना पाई। मुख्य अतिथि प्रभारी विधानसभा भीमताल राजेंद्र सिंह बिष्ट और पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भट्ट रहे।

कैंटोनमेंट बोर्ड की कार्रवाई से भड़के व्यापारी

दुकानें बंद कर प्रदर्शन किया, बुलानी पड़ी पुलिस, किराया वसूलने को लेकर कैंटोनमेंट बोर्ड और व्यापारियों में विवाद

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: कैंटोनमेंट बोर्ड प्रबंधन और व्यापारियों के बीच दुकानों का किराया वसूलने और कैंट के नियमों का पालन न किए जाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो व्यापारियों ने दुकानें बंद कर अपना विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस दौरान व्यापारियों और कैंट के अधिकारियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। हंगामा बढ़ता देख कैंट प्रबंधन ने पुलिस को मौके पर बुलाया जिसके बाद मामला शांत हो सका।

कैंट के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे व्यापारी पूरन मेहरा के अनुसार कैंट प्रबंधन ने उनकी दुकानों के आगे शनिवार शाम 3 बजे नोटिस चस्पा किया कि कैंट के नियमों का पालन न होने के चलते निरीक्षण किया जाएगा। लेकिन नोटिस लगने के कुछ देर बाद कैंट के अधिकारी अपनी टीम के साथ पहुंच गए और दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त करने लगे। विरोध करने पर कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्रता की। इस दौरान कैंट कर्मचारियों ने दुकान में बैठे बुजुर्ग और महिलाओं के साथ भी अभद्रता की।

नैनीताल में हंगामे के बीच व्यापारियों से वार्ता करते कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारी। ● अमृत विचार

कैंटोनमेंट क्षेत्र में 1980 से दुकान चला रहे अशोक कुमार का कहना है व्यापारियों और कैंटोनमेंट बोर्ड का 2008 से किराएदारी और दुकानों के मालिकाना हक को लेकर हाईकोर्ट में विवाद चल रहा है। कई बार दुकानदार कैंट प्रबंधन के पास दुकानों का किराया जमा करने गए लेकिन अधिकारियों ने किराया जमा करने से मना कर दिया। कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ वरुण कुमार ने बताया कि कैंट की परिसंपत्ति और दुकानों का निरीक्षण किए जाने को लेकर नोटिस चस्पा किए गए थे। कैंट की दुकानों का व्यापारियों ने लंबे समय से किराया जमा नहीं किया है। कई दुकानों में नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से पानी के कनेक्शन लिए गए, दुकानो में अग्निशमन यंत्र नहीं लगाए गए। कई दुकानदार बाल मजदूरी करवा रहे हैं। इसको लेकर कार्रवाई की जा रही है। दुकानों में कई अनियमितताएं मिली हैं। एक दुकान के ऊपर जुआ संचालित किया जा रहा था। वहीं साफ सफाई समेत तमाम अनियमितताएं सामने आई हैं।

> व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध किया है। जिन लोगों को बोर्ड की कार्रवाई से आपत्ति है। उनके साथ सोमवार को बैठक की जाएगी ताकि असमंजस की स्थिति न बने। -**वरुण कुमार**, सीईओ कैंटोनमेंट बोर्ड नैनीताल।

निरीक्षण के बाद पुराने विवाद तक पहुंचा मामला

निरीक्षण के दौरान दुकानदारों के विरोध जताने के बाद मुद्दा दुकानों का पुराना एरियर जमा नहीं होने व बेदखली की ओर मुड़ गया। इस बीच आधे घंटे तक सीईओ व दुकानदारों के बीच विवाद चलता रहा। सीईओ ने बताया कि दुकानदारों का वर्षों से एरियर जमा नहीं है। वहीं दुकानदार कहते दिखे कि छावनी परिषद को 2008 तक लगातार किराया जमा कराते रहे हैं। मगर हर वर्ष किराये में 50 से सौ प्रतिशत बढ़ोतरी के बाद किराया नहीं दिया गया है। जिसका मामला हाईकोर्ट में भी चल रहा है।

भूतपूर्व सैनिक लीग ने पूर्व अध्यक्ष को श्रद्धांजलि दी

भीमताल : भूतपूर्व सैनिक लीग भीमताल के सदस्यों ने पूर्व कप्तान खीम सिंह पटवाल के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि दी। कैप्टन खीम सिंह भूतपूर्व सैनिक लीग भीमताल के अध्यक्ष भी रहे थे। उनके कार्यकाल में लीग द्वारा कई कार्य किए गए। लीग के संरक्षक नंदा बल्लभ जोशी ने बताया कि कैप्टन पटवाल बेहद ही निष्ठावान और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। शोक सभा में अध्यक्ष गोपाल सिंह पडियार, कृपाल रौतेला, एमसी जोशी, संदीप गोरखा, सुरेश थापा, केएस जलाल, आरबी जोशी, घनश्याम खड़का, सुशील खड़का, रूपेश थापा, विजय थापा, शेर बहादुर आदि मौजूद थे।

बिना लाइफ जैकेट नौकायन करने पर काटे चालान

नैनीताल : पालिका की सख्ती के बाद शनिवार को बिना लाइफ जैकेट नौकायन करने पर चालानी कार्रवाई की गई।

कर निरीक्षक हिमांशु चंद्रा ने बताया कि शनिवार को निरीक्षण के दौरान लक्ष्मण सिंह, विनोद कुमार, आमिर हुसैन, देवेन्द चंद को बिना लाइफ जैकेट नौकायन करते हुए पकड़ा गया। वे नाव में खड़े होकर फ़ोटो खिंचवा रहे थे। जिस पर सभी चारों के खिलाफ एक-एक हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही नाव चालकों को चेतावनी भी दी।

अराजक तत्वों ने तोड़े 13 वाहनों के शीशे

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: तल्लीताल हल्द्वानी रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय पार्किंग में पार्क 13 वाहनों के शीशे अराजक तत्वों ने तोड़ दिए। सुबह शीशे टूटे देख वाहन स्वामियों के भी होश उड़ गए। वाहन स्वामियों ने तल्लीताल थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले भी उक्त पार्किंग में कुछ वाहनों के शीशे तोड़े जाने की घटना हो चुकी है।

2021 में जिला प्रशासन की ओर से हल्द्वानी रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय के पुराने भवन को ध्वस्त कर पार्किंग का निर्माण किया था। जहां क्षेत्रवासियों के वाहन पार्क होते हैं। बीती रोज रोजाना की तरह तमाम लोग वाहन पार्क कर घर चले गए। सुबह जब लोग वाहनों के पास पहुंचे तो 13 वाहनों के शीशे टूटे हुए पाए। सूचना मिलने के बाद अन्य वाहन स्वामी भी पहुंच गए। लोगों ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अराजक तत्वों का पता लगाया जा रहा है।

163 बेटियों की शादी को मिला अनुदान

संवाददाता, हल्द्वानी/भीमताल

अमृत विचार: जिला समाज कल्याण विभाग ने गत जनवरी माह में अनुसूचित जाति, जनजाति व सामान्य वर्ग की 163 महिलाओं को पुत्रियों की शादी के लिए 81.50 लाख रुपये अनुदान दिया।

योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 61 परिवारों को 30.50 लाख रुपये, जनजाति के 2 परिवारों को 1 लाख रुपये व सामान्य वर्ग की विधवा पेंशन प्राप्त कर रही 12 महिलाओं को पुत्रियों की शादी के लिए 6 लाख रुपये की धनराशि लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रेषित कर दी है। योजना के तहत वर्ष 2023-24 में अब तक अनुसूचित जाति के 134 परिवारों को 67 लाख रुपये, जनजाति के 5 परिवारों को 2.50 लाख रुपये व सामान्य वर्ग की 24 महिलाओं को पुत्रियों की शादी के लिए 12 लाख रुपये की धनराशि लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रेषित कर दी है। बता दें कि योजना में पुत्री की शादी के लिए पचास हजार रुपये अनुदान दिया जाता है। आवेदक की मासिक आय 4000 अथवा बीपीएल परिवार योजना का लाभ ले सकते हैं। शादी का पंजीकरण किए जाने के बाद ही आवेदन ऑन लाइन लिए जाते हैं।

औद्योगिक घाटी के नहीं बहुर पाए दिन

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : वक्त गुजारने के साथ विकास का पहिया आगे बढ़ता है रफ्तार भले ही इसकी कुछ सुस्त हो लेकिन विधानसभा क्षेत्र में हालात इसके विपरीत हैं। 1970 के दशक में पूरे कुमाऊं को रोजगार देने वाली 90 हेक्टेयर में फैली औद्योगिक घाटी उपेक्षा का शिकार है। कभी 65 औद्योगिक इकाइयों से गुलजार रही घाटी की प्रमुख इकाइयां आज बंद हो चुकी हैं। यह हालत पिछले 5 सालों में नहीं बने बल्कि ये सिलसिला विगत 25 सालों से जारी है। समय के अंतराल में भीमताल की जनता ने भाजपा और कांग्रेस दोनों को शासन करने का मौका दिया पर कोई भी पार्टी औद्योगिक इकाई को बचाने में सफल नहीं रही।

स्थानीय जनता की मानें तो स्थानीय जनप्रतिनिधि मात्र मंत्री व मुख्यमंत्री को इसको आबाद करने की मांग को लेकर ज्ञापन देने तक सीमित रह गए हैं। जब भी कोई माननीय भीमताल में आता है तो कुछ लोगों द्वारा उनको मात्र आबाद करने के लिए ज्ञापन देकर खानापूर्ति कर लेते हैं।

> शासन को चाहिए कि इसको आबाद करे ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। इससे पलायन रुकेगा और क्षेत्र का विकास भी होगा। -**कार्तिक कर्नाटक**, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष

> कांग्रेस के शासन काल में एक विकास की सोच के तहत इसको विकसित किया गया था। पर भाजपा के शासनकाल में इसमें कोई कार्य नहीं किया गया। नतीजतन अधिकांश औद्योगिक घाटी विरान है। लोग रोजगार के लिए बाहर जाने को मजबूर हैं। -**राकेश बृजवासी**, सामाजिक कार्यकर्ता

> पर्वतीय क्षेत्र में मिलने वाले कच्चे माल पर आधारित उद्योग लगें तो अनुदान लेकर औद्योगिक घराने भाग नहीं सकेंगे। यह उद्योग स्थानीय बेरोजगार युवकों को उनके प्रोजेक्ट को देखकर आवंटित किए जाएं। -**राहुल जोशी**, होटल कारोबारी

पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने कराई थी स्थापना

कांग्रेस के 1970 के शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन को रोकने के लिए यूपी स्टेट इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से औद्योगिक घाटी की स्थापना की थी। योजना के मुताबिक औद्योगिक घरानों ने सब्सिडी का लाभ उठाते हुए वहां 65 औद्योगिक इकाइयां स्थापित कीं। 10 वर्ष के बाद इनमें से मात्र दर्जन भर रह गई। बाद के वर्षों में बाकी बची इकाईयों ने भी कारोबार समेट लिया। नतीजतन और पूरी घाटी लगभग वीरान हैं।

मुस्लिम समुदाय ने कहा- मस्जिद व मदरसा बचा लो, अफसर बोले-संभव नहीं

मलिक के बगीचे में धार्मिक संरचनाओं के ध्वस्तीकरण को लेकर समझौते के लिए बुलाई बैठक रही बेनतीजा , अब्दुल मलिक को नोटिस दिया गया था लेकिन कोई जवाब नहीं आया

हंगामा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुस्लिम समुदाय के जनप्रतिनिधियों, धर्म गुरुओं ने सरकारी अधिकारियों से मलिक के बगीचे में बनी मस्जिद व मदरसे को बचाने की मांग की। इतना तक कहा कि कोर्ट में जाने के लिए मोहलत दे दी जाए लेकिन अफसरों ने नियमों व शक्तियों की कमी का हवाला देते हुए इंकार कर दिया। इसके बाद बैठक में कई बार हंगामा हुआ। बाद में बेनतीजा बैठक समाप्त कर दी गई।

शनिवार को नगर निगम सभागार में मुस्लिम समुदाय की नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसडीएम परितोष वर्मा, कोतवाल उमेश मलिक के साथ बैठक हुई। मुस्लिम समुदाय के धर्म गुरुओं व जनप्रतनिधियों ने एक लोगों ने एक-एक कर अपनी बात रखी और सभी ने मदरसा और मस्जिद बचाने की मांग की। नगर आयुक्त उपाध्याय ने बताया कि निगम की ओर से अब्दुल मलिक को नोटिस दिया गया था लेकिन कोई जवाब नहीं आया है।

इस पर धर्म गुरुओं ने जनता को पक्षकार बनाने, प्रकरण को कोर्ट में ले जाने के लिए मोहलत देने, सक्षम अधिकारी तक प्रकरण पहुंचाने की मांग की। एसडीएम वर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का हवाला दिया कि धार्मिक निर्माण कर सरकारी भूमि पर कब्जा नहीं किया जा सकता है। नगर आयुक्त उपाध्याय ने कहा कि जब फ्रीहोल्ड करवाने का मौका दिया गया था तब किसी ने नहीं करवाया। अब निगम के पास कार्रवाई रोकने का कोई अधिकार नहीं है। इतना सुनते ही लोगों का पारा चढ़ गया और उन्होंने हंगामा काटना शुरू कर दिया। मामला इतना बिगड़ गया कि पुलिस फोर्स को मौके पर बुलाकर भीड़ को शांत कराना पड़ा।

हल्द्वानी: बैठक में आए अबु तसलीम ने कहा कि मस्जिद और मदरसा तोड़ने से आवाम का दिल दुखेगा और माहौल खराब होगा। पूर्व सभासद शकील सलमानी ने कहा कि तीन दिन का नोटिस देकर तोड़ना गलत है, इन स्थलों को बचाया जाए। पार्षद गुफरान ने कहा कि मलिन बस्ती का सर्वे कराया जाए, लोगों की भावनाओं को देखते हुए धार्मिक स्थल नहीं तोड़ा जाए।

हंगामा कर रहे लोगों को शांत बैठने के लिए कहतीं सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह। ● अमृत विचार

कुर्सियों से उठकर मंच पर बैठे नगर आयुक्त और सिटी मजिस्ट्रेट के खिलाफ आक्रोश जताते लोग। ● अमृत विचार

आपस में ही भिड़ गए मुस्लिम समुदाय के लोग

हल्द्वानी : मुस्लिम समुदाय के लोग मदरसा और मस्जिद बचाने के लिए आए थे। इस बीच उवैस रजा ने अतिक्रमण की आड़ में एक ही समुदाय के घर उजाड़ने का आरोप लगा दिया। यह सुनते ही एक युवक भड़क गया और उवैस से भिड़ गया। दोनों पक्षों में तीखी बहस होने लगी और देखते ही देखते हंगामा शुरू हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि बनभूलपुरा एसओ नीरज भाकुनी ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इस मौलाना मुकीम ने स्थिति संभाली और स्पष्ट किया कि हम बस्ती के लिए मस्जिद/मदरसा बचाने के लिए आए हैं।

सर गलती हो गई अब इसे कानूनी कर दो

हल्द्वानी : मौलाना मुकीम ने नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय से कहा कि सर कबूल करते हैं कि मस्जिद, मदरसा नजूल भूमि पर बना है। हमसे गलती हो गई यह भी मानते हैं, अब इसको वैध कैसे कर सकते हैं इसका उपाय बता दीजिए। यदि संभव हो तो रिसीवर बैठा दीजिए बस इन्हें बचा लीजिए। इस पर नगर आयुक्त ने नियमों का हवाला देते हुए इंकार कर दिया।

प्राधिकरण ने भवन सील किया फिर भी मकान बनते गए

उपाध्याय ने कहा कि मलिक का बगीचा भूमि नजूल है, सरकारी भूमि है। इस भूमि पर बिना नक्शा पास कराए गए मकान बनाए जा रहे थे जिन्हें सील किया गया था। कंपाउंडिंग भी नहीं कराई गई और सील के बाद भी धड़ल्ले से मकान बनते चले गए। जो कि सरासर गलत है।

नगर निगम सभागार में आपस में लड़ते बनभूलपुरा क्षेत्र के लोग।

नजाकत खां का बगीचा में बनाई गई अस्थायी गोशाला

हल्द्वानी : नगर निगम ने नजाकत खां का बगीचा में अस्थायी गोशाला बना दी है। शनिवार की देर रात सड़कों पर आवारा घूम रहे लावारिस पशुओं को इस अस्थायी गोशाला में लाया गया। साथ ही इन पशुओं की देखभाल के लिए नगर निगम कर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, लोगों के विरोध के मद्देनजर पशुओं को हानि नहीं हो इसके लिए उनकी सुरक्षा भी की जा रही है। दीवार बनाई जा रही है और लोहे की ग्रिल भी लगाई जा रही है।

मंच से खड़े होकर ज्ञापन पढ़ने आए मौलाना मुकीम लोगों को शांत कराते हुए।

पुलिस को रोकने के लिए पढ़ी गई दुआ

विरोध का ट्रेलर

- मदरसा और मस्जिद ध्वस्तीकरण से पहले पुलिस ने निकाला था फ्लैग मार्च
- मलिक का बगीचा पहुंचते ही पुलिस के आगे आ गई महिलाओं की भीड़

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नजूल की जमीन (मलिक का बगीचा) पर बनी मस्जिद और मदरसा रविवार को ध्वस्त किया जाना है। भारी विरोध की आशंका पहले से ही है। ऐसे में ठीक एक दिन पहले दम दिखाने निकली पुलिस को बुर्कानशीनों ने दम दिखा दिया। बड़ी संख्या महिलाएं पुलिस के सामने आ गईं और नमाज व दुआ शुरू कर दी।

बता दें कि सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने पहले से ही तैयारी कर ली है। बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में प्रशासन और पुलिस की टीम पहले भी भारी विरोध झेलना पड़ा था। अब जब रविवार को कब्जा ठहाने तय कर लिया गया है तो एक दिन पहले शनिवार को भारी पुलिस बल सीओ भवाली नितिन लोहनी की अगुवाई में फ्लैग मार्च करती बनभूलपुरा से के इलाकों का भ्रमण करते मलिक का बगीचा पहुंच गई।

यहीं वो मस्जिद और मदरसा है, जिसे ध्वस्त किया जाना है। भारी पुलिस को देखते ही महिलाएं घरों से बाहर निकल आईं। पुलिस के विरोध का प्रयास भी हुआ, लेकिन पुलिस समझाते हुए आगे निकल गई। जिसके बाद भारी संख्या में बुर्कानशीन महिलाओं ने मदरसे के बाहर बैठकर नमाज और दुआ शुरू कर दी। इस दौरान खुफिया सक्रिय रही।

मलिक के बगीचे में दुआ करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

गलियों में खुफिया, सड़क पर पुलिस का पहरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा के मलिक के बगीचे में बनी मस्जिद और मदरसे को ढहाने से पहले पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। गलियों में लोगों के बीच खुफिया सर्तक है और सड़कों पर पुलिस की तैनाती कर दी गई है। शनिवार शाम से पूरे इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया और एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा शाम को खुद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने सड़क पर उतर गए।

बता दें कि मलिक के बगीचे में करीब डेढ़ एकड़ जमीन है, जिस पर अवैध निर्माण किया गया था। इसी जमीन पर अंडर ग्राउंड मस्जिद और जमीन के ऊपर मदरसा भी बना है। इसी कब्जे को प्रशासन रविवार को ध्वस्त करेगा। खुफिया की रिपोर्ट है कि ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान भारी विरोध हो सकता है। इसको देखते हुए पूरे जिले की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। तीन दर्जन से अधिक स्थान चिह्नित कर पुलिस तैनात कर दी गई है। शहर के सभी चार थानों की पुलिस ध्वस्तीकरण के दौरान मलिक का बगीचा में मौजूद रहेगी। इससे पहले शनिवार को फ्लैग मार्च निकाल कर पुलिस ने सहयोग की अपील की है। हालांकि विरोध की झलक शनिवार को ही दिख गई। एहतियान पीएसी और आरएएफ को रिजर्व में रखा गया है। ऊधमसिंह नगर व अन्य जिलों से भी फोर्स मंगाया है।

बनभूलपुरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

> पुलिस की तैयारी पूरी है। नगर निगम व प्रशासन के साथ भारी फोर्स रहेगा। हर गतिविधि पर हमारी पैनी नजर रहेगी। इंटरनेट मीडिया में अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई करेंगे।
> **-प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी

सार-संक्षेप

पुलिस ने वारंटी पकड़ा

रामनगर : पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि वारंटी असलम निवासी वार्ड 3 कदीमी मस्जिद के पास गुलरघट्टी रामनगर को धारा 138 एनआई एक्ट के मामले में काफी समय से फरार चल रहा था। उन्होंने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। इस दौरान गिरफ्तारी टीम एसआई दीपक कार्की, कांस्टेबल संजय सिंह आदि शामिल रहे।

शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा

नैनीताल : तल्लीताल क्षेत्र में शराब पीकर वाहन चलाना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया है। शनिवार को एसओ रमेश सिंह बोहरा तल्लीताल डांठ पर चेकिंग अभियान में जुटे हुए थे। इस बीच अनियंत्रित गति से मल्लीताल की ओर से आ रहे वाहन को रोका तो चालक नशे की हालत में मिला। एसओ ने बताया कि स्टोनले कंपाउंड निवासी किशन को गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया गया है।

युवक पर गोली चलाने वाले चिन्हित

रामनगर : कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि बीते दिवस एमपी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में संजीव कश्यप निवासी बम्बाघेर के साथ मारपीट करने व जान से मारने की नीयत से हवाई फायर करने वाले दो लोगो की पहचान हो गई है। आरोपी अबुजर निवासी मीट मार्केट खताड़ी रामनगर व सैफ कुरेशी निवासी बड़ी मस्जिद खताड़ी रामनगर के खिलाफ मुकदमा कायम कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

आज मिलेगा निगम के मृताश्रितों को नियुक्ति पत्र

हल्द्वानी : परिवहन निगम के मृताश्रितों को आज रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने आवास पर नियुक्ति पत्र बांटेंगे। कुल 195 मृताश्रितों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष आन सिंह जीना ने मृताश्रितों को नियमित नियुक्ति दिये जाने पर मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया है।

नैनीताल में तस्करों ने दर्जन भर पेड़ों पर चलाई आरी

नैनीताल : बलरामपुर क्षेत्र में अज्ञात तस्करों ने दर्जनभर से अधिक बांज समेत विभिन्न प्रजाति के पेड़ काट डाले। सभासद मनोज साह जगाती ने पेड़ काटे जाने की शिकायत वन विभाग के अधिकारियों से कर कार्रवाई की मांग की है। सभासद का कहना है कि पूर्व में क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने कई पेड़ों को काट दिया था जिस पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। रात होते ही सुनसान वाले क्षेत्र में लोग अवैध निर्माण और पेड़ों को बेचने के लिए कटान कर रहे हैं।

कल से खाटूश्याम को चलेगी बस

संवाददाता, हल्द्वानी

पहल

- काठगोदाम डिपो ने शुरू की खाटूश्याम के लिये नई बस शुरू
- दिन में 1 बजे हल्द्वानी स्टेशन से होगी रवाना

अमृत विचार: काठगोदाम डिपो से खाटूश्याम के लिए कल (सोमवार) से बस सेवा शुरू होगी। बस हल्द्वानी स्टेशन से दिन में 1 बजे रवाना होगी जो वाया रुद्रपुर-किच्छा-बरेली-मथुरा-भरतपुर-जयपुर होते हुऐ खाटूश्याम पहुंचेगी। अगले दिन बस अपराह्न 3 बजे खाटूश्याम से हल्द्वानी के लिये लौटेगी।

बस कुल 653 किलोमीटर की दूरी तय करेगी जिसका किराया 810 रुपये रखा गया है। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि खाटूश्याम के लिये नई बस सेवा शुरू होने से कुमाऊं के लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

डिपो से खाटूश्याम के लिये बस चलाने पर उन्होंने खुशी जताई और कहा कि नई बस सेवा शुरू होने से धर्मप्रेमी जनता को मथुरा-बालाजी-खाटूश्याम के धार्मिक स्थलों को जानने का अवसर मिलेगा। काठगोदाम डिपो के सहायक महाप्रबंधक आलोक बनवाल ने बताया कि खाटूश्याम के लिये बस का संचालन होने से पूरे कुमाऊं के यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा।

सिग्नल फेल्योर ने आधे घंटे रोकी ट्रेन

हल्द्वानी अमृत विचार : देहरादून जाने वाली काठगोदाम देहरादून एक्सप्रेस शनिवार को आधे घंटे से अधिक देर तक प्लेटफॉर्म पर खड़ी रही जिस कारण कुछ देर के लिए यत्रियों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई।

काठगोदाम स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि सिग्नल फेल्योर के कारण ट्रेन का संचालन देरी से हुआ। उन्होंने बताया कि सिग्नल फेल्योर के कारण दिल्ली जाने वाली रानीखेत एक्सप्रेस का संचालन भी देरी से हुआ।

दुकानों के ताले तोड़ता युवक सीसीटीवी में कैद

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: शहर में बीती देर रात एक युवक ने दुकानों में माल साफ करने के लिए सेंध लगा दी। युवक ने सरिया से कई दुकानों के ताले तोड़ने का प्रयास किया। एक दुकान का ताला तोड़ने में सफल होने के बाद भी गनीमत रही कि उसे भीतर कुछ नहीं मिला। युवक की सेंधमारी सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हुई है। पुलिस ने युवक की पहचान कर ली है और मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर का इंतजार किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार तल्लीताल में रोडवेज बस स्टेशन के निचले तल पर नगर पालिका की दुकानों में शुक्रवार देर रात एक युवक ने सेंधमारी कर दी। करीब आधे घंटे से अधिक समय तक युवक दुकानों के तालों को सरिये से तोड़ने का प्रयास करता रहा। एक दुकान का ताला टूटने के बावजूद भीतर नगदी नहीं मिलने पर वह मौके से भाग गया।

बारिश को लेकर आज और कल येलो अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जनपदों में आज और कल बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। इसको लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पंतनगर जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार बारिश होने के बाद कुछ दिन शीतलहर का दौर रहेगा।

रविवार (आज) को मौसम करवट बदलेगा जिससे मैदानी क्षेत्रों में 3 मिमी और पहाड़ी क्षेत्रों में 5 मिमी तक बारिश के आसार हैं। सोमवार को मैदानी क्षेत्रों में 8 मिमी और पहाड़ी क्षेत्रों में 10 से 15 मिमी बारिश की संभावना है। वहीं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की भी संभावना है।

इधर शनिवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा। दिनभर शीतलहर चलती रही। अधिकतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

ऑपरेशन ब्लैक मार्केट में 76 लोगों का चालान

सख्ती

- कबाड़, गैराज व मोटर मैकेनिकों की दुकानों पर चलाया चेकिंग अभियान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एसएसपी प्रहलाद मीणा के निर्देश पर शनिवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में ऑपरेशन ब्लैक मार्केट चलाया गया। इसके तहत कबाड़, गैराज और मोटर मैकेनिकों की दुकानों पर चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस ने करीब 76 दुकानदारों के चालान काटे।

जनपद के नैनीताल, हल्द्वानी, मुखानी, काठगोदाम, वनभूलपुरा, कालाढूंगी, भीमताल, रामनगर, मुक्तेश्वर और खन्स्यू सहित अन्य क्षेत्रों में पुलिस ने सख्ती के साथ पुराने सामान की खरीद-फरोख्त करने वाले कबाड़ी, गैराज और मोटर मैकेनिकों की दुकानों की चेकिंग की।

कई जगहों पर पुलिस को कर्मचारी बिना सत्यापन के काम करते मिले। वहीं कुछ दुकानों में माल की खरीद-फरोख्त के कागजात भी नहीं मिले। इस दौरान करीब 76 दुकानदारों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही दुकानदारों को किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि न करने की हिदायत भी दी।

ऑपरेशन ब्लैक मार्केट के तहत चालान काटते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

एसकेएम स्कूल में विदाई समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

एसकेएम स्कूल में कक्षा 12 के छात्रों को दी विदाई

हल्द्वानी : एसकेएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को कक्षा 11 के छात्रों ने कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना व सरस्वती पूजन से हुई। इस मौके पर बच्चों ने नृत्य, नाटक, गीत की रंगारंग प्रस्तुति दी। वहीं रैंप वॉक, म्यूजिकल चेयर, चिटगेमिंग से कक्षा 12 के छात्रों का मनोरंजन किया। स्कूल के प्रबंधक यूसी जोशी, सचिव पुष्पा जोशी, प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा, प्रशासक ऋषभ जोशी ने सभी छात्राओं को बधाई दी। विदाई समारोह में सागर बिनवाल को मिस्टर एसकेएम, हिमानी गुप्ता को मिस एसकेएम, जसदीप सिंह मिस्टर फेयरवेल व जितिषाअग्रवाल मिस फेयरवेल रहे।

कारगिल शहीद सैनिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

कारगिल शहीद सैनिक स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

हल्दूचौड़ : भगवान सिंह नवाड़ स्थित कारगिल शहीद सैनिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूर्व सैनिक आश्रित कल्याण समिति द्वारा संचालित स्कूल के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ महामंडलेश्वर सोमेश्वर यति जी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. उमेश चंदोला और प्रिंसिपल कृष्णा चंदोला ने समस्त अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान रिटायर्ड मेजर जनरल रविंद्र सिंह, रिटायर्ड कर्नल देवेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख रूपा देवी, दीपक जोशी, हेमंत गोनिया, नेचुरोपैथी एक्सपर्ट राकेश चंदोला, समाजसेवी कौस्तुभ चंदोला, महिमा गड़िया, हेमा उपाध्याय आदि मौजूद रहे। संचालन राजेश कुमार तथा भावना भावना आर्य ने किया।

इंदिरा एकेडमी स्कूल में खेल प्रतियोगिता के विजेता बच्चे।

खो-खो में रानी लक्ष्मीबाई हाउस रहा विजेता

हल्दूचौड़ : इंदिरा एकेडमी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय दुमका बंगर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल की प्रधानाचार्य कमला जोशी व प्रबंधक उमाशंकर जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्री-नर्सरी बच्चों ने रहस्य रेस, आइटम कलेक्शन रेस, ऑब्सटेकल रेस में भाग लिया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई हाउस खो-खो में विजेता रहे। सीनियर वर्ग में शिवाजी हाउस वॉलीबॉल व कबड्डी में विजेता रहे। स्कूल के प्रबंधक उमाशंकर जोशी ने सभी खेलों को सराहा।

माघी खिचड़ी के भंडारे के दौरान मौजूद साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति की महिलाएं।

समिति ने कराया माघ मास की खिचड़ी का भोग

हल्द्वानी : साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति ने शनिवार को मुखानी चौराहे पर माघ मास की खिचड़ी का भोग कराया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने खिचड़ी का आनंद लिया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष दया विनवाल, सचिव हेमा मेलकानी, कोषाध्यक्ष गीता कार्की, संरक्षक लीला मनराल, रमेश चन्द्र, हेमा चिलवाल, दीपा जोशी, कंचन शर्मा आदि मौजूद रहे।

मधु सांगुड़ी का महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष बनने पर स्वागत करते विधायक।

चुनाव के लिए महिलाओं को जोड़ा जाएगा : सांगुड़ी

हल्द्वानी : महिला कांग्रेस की नवनियुक्त अध्यक्ष मधु सांगुड़ी का शनिवार को स्वराज आश्रम में हुए कार्यक्रम में फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। सांगुड़ी ने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि महानगर कार्यकारिणी को सशक्त एवं धारदार बनाया जाएगा। कांग्रेस के प्रति ईमानदार और कर्मठ चेहरों को संगठन में जिम्मेदारी दी जाएगी। लोकसभा व निकाय चुनावों के लिए महिला कार्यकर्ताओं को तैयार किया जाएगा। विधायक सुमित हृदयेश, जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल एवं महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा शासन में बहन-बेटियों से दुराचार व शोषण की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान पार्षद राधा आर्या, जया कर्नाटक, मोनिका सती, गीता बहुगुणा, अलका आर्या, कमला तिवारी, मीनाक्षी नयाल, सविता गुर्रानी, रोशन जहां, कमला सनवाल आदि मौजूद रहीं।

जैव विविधता संरक्षण पर काम करेगी वनाधिकार समिति

लालकुआं : वनाधिकार समिति बिन्दुखत्ता अब क्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण पर भी काम करेगी। उक्त निर्णय शनिवार को समिति की सम्पन्न बैठक में लिया गया। समिति के कार्यालय में हुई बैठक में व्यापक चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र वासियों को पौधों के देख भाल व उनके संरक्षण के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें बाहर से उच्च स्तरीय विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही नियमानुसार एक उपसमिति का गठन किया जाएगा। बैठक में वनाधिकार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी, संरक्षक सदस्य धरम सिंह, चन्द्र सिंह दानू, श्याम सिंह, रमेश गिरि गोस्वामी मौजूद रहे।

रामनगर में बाघ को लेकर धरना प्रदर्शन के निर्णय पर अडिग ग्रामीण

बाघ का आतंक

- पूर्व ब्लाक प्रमुख की आत्मदाह की घोषणा से प्रशासन अलर्ट
- टकराव को टालने के लिए भारी पुलिस बल बुलाया

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बीते दिनों सांवल्दे क्षेत्र में महिला को मारने वाला बाघ अब तक पकड़ में न आने से ग्रामीण रविवार को धरना प्रदर्शन के निर्णय पर अडिग हैं। वहीं पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने भी आत्मदाह के निर्णय को वापस नहीं लिया है। उधर, पुलिस प्रशासन भी अपनी तैयारी करने में जुटा है।

बता दें कि सीटीआर ने बाघ को पकड़ने के लिए शनिवार तक का समय मांगा था जो समाप्त हो गया है। उधर आंदोलन को सफल बनाने के लिए संयुक्त संघर्ष समिति ने शनिवार को धनपुर, वासीटीला, सावल्दे, ठेला, हिम्मतपुर डोटियाल, कानिया, हाथी डगर आदि गांवों में दोपहिया वाहनों से जनसंपर्क एवं प्रचार अभियान चलाया। समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि कार्बेट प्रशासन तथा उत्तराखंड सरकार जंगली जानवरों से जनता को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हुई है। क्षेत्र में दर्जनों टाइगर व तेंदुए घर-घर घूम रहे हैं और सरकार जनता को सुरक्षा देने की जगह टाइगर को बचाने का जश्न मना रही है। सोवन तड़ियाल ने ग्राम वासीटीला में हाथियों के आतंक से तत्काल निजात दिलाने की मांग करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से बासीटीला गांव में हाथियों का आतंक जारी है परंतु वन प्रशासन और सरकार सुरक्षा के कोई उपाय नहीं कर रही है। आंदोलन को सफल बनाने के लिए चार फरवरी को दिन में 11 बजे ग्राम सांवल्दे पश्चिम में पहुंचने की अपील की है। इस दौरान जनसंपर्क में हरीश सत्यवली, ललित पांडे, महेश जोशी, हीरा सिंह राणा, संजय मेहता, कमल नेगी, पंकज नेगी, सरस्वती जोशी, मुनीष कुमार आदि शामिल रहे।

धरने को लेकर जनसंपर्क करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

जंगल में बाघ की लोकेशन देखते सीटीआर कर्मी। ● अमृत विचार

कार्बेट प्रशासन बाघ को पकड़ने में जुटा

कार्बेट टाइगर रिजर्व की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि ढेला रेंज के अन्तर्गत मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना के लिए चिन्हित किए गए बाघ को ट्रैंक्युलाइज कर पकडे.जाने के लिए एक माह से अधिक समय से लगातार प्रयास किया जा रहा है। बाघ की क्षेत्र में उपस्थिति तथा उसकी गतिविधि को ट्रैक करने के लिए ड्रोन तथा कैमरा ट्रैप का उपयोग किया जा रहा है। क्षेत्र में बाघ की उपस्थिति के प्रमाण मिले हैं तथा रेस्क्यू टीम द्वारा चिन्हित किए गए स्थलों पर बाघ को पकड़ने के लिए दो पिंजरे भी लगाए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि देर रात तक बाघ पकड़ लिया जाएगा। अत : आंदोलन के निर्णय को वापस लिए जाने के साथ साथ सीटीआर प्रशासन ने संजय नेगी से भी अपना निर्णय वापस लिए जाने का अनुरोध किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र अधिकारी ने भी ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाने का अनुरोध किया है।

सेमलखलिया चौराहे पर आत्मदाह की चेतावनी

पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि बाघ के न पकड़े जाने पर वह अपने आत्मदाह के निर्णय पर अडिग हैं। सावल्दे में ग्रामीणों का धरना पहले से प्रस्तावित है। कोई टकराव की स्थिति न बने इसलिए वह झिरना गेट पर नहीं बल्कि सेमलखलिया चौराहे पर आत्मदाह की अपनी घोषणा को पूर्ण करेंगे।

183 पाउच शराब के साथ महिला गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : घर के पड़ोस में शराब बेचते पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। मुखानी थाने के एसआई दीवान सिंह ग्वाल ने बताया कि शुक्रवार की देर रात चेकिंग के दौरान लामाचौड़ इलाके में शराब की अवैध बिक्री की शिकायत मिली थी।

टीम पहुंची तो महिला अपने घर के पड़ोस में झाड़ियों के बीच रखकर कच्ची शराब बेच रही थी। पूछताछ में महिला ने अपना नाम नाथूपुर पाडली लामाचौड़ निवासी चंद्र किरन पत्नी पूरन चंद्र सागर बताया। साथ ही बाजपुर निवासी एक व्यक्ति से शराब खरीदने की बात कही। इसके पास से कच्ची शराब के 183 पाउच बरामद हुए।

73 पव्वे शराब के साथ पकड़ा अल्मोड़ा निवासी

हल्द्वानी : अंग्रेजी और देसी शराब की बिक्री करते हुए मुखानी पुलिस ने अल्मोड़ा निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार की रात एएसआई सुमित कुमार ने फतेहपुर स्थित वसुंधरा कॉलोनी से अल्मोड़ा के हीरा डुंगरी निवासी निशांत मैसी को दो पेटी में अंग्रेजी शराब के 48 और देसी शराब के 25 पव्वे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने माल को जब्त कर आरोपी के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

सट्टेबाजी करते प्रापर्टी डीलर समेत तीन दबोचे

कार्यालय संवाददाता

अमृत विचार : पुलिस ने सट्टेबाजी करते हुए प्रापर्टी डीलर समेत तीन को गिरफ्तार किया है। तीनों से एक लाख की नगदी बरामद हुई है। तीनों के लिए जुआ एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई है।

मंगल पड़ाव पुलिस चौकी प्रभारी एसआई प्रकाश पोखरियाल को बीते शुक्रवार की देर रात अंबेडकर नगर में सट्टेबाजी की सूचना मिली। उन्होंने तुरंत टीम को अलर्ट किया और सूचना पर एसओजी व पुलिस की एक संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने देखा कि तीन युवक सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे हैं। सटोरिए 200 पर 16 हजार और 500 रुपये की पर्ची पर 40 हजार रुपये देने की आवाज लगा रहे थे। टीम ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी शिनाख्त अभिमन्यु सागर उर्फ सन्नी, गुलशन सागन और देव सक्सेना के रूप में हुई।

कार्रवाई

- पुलिस ने तीनों से एक लाख नगदी, सट्टे की पर्चियां की बरामद, रिपोर्ट दर्ज

मंगल पड़ाव चौकी प्रभारी पोखरियाल ने बताया कि तीनों से सट्टे की पर्चियों के 1,01,190 रुपये बरामद हुए हैं। मुख्य आरोपी अभिमन्यु प्रापर्टी डीलिंग करता है, बाकी दो गुर्गे भी उसी के साथ काम करते हैं। फिलहाल तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। टीम में कांस्टेबल अरुण राणा, हेड कांस्टेबल ललित कुमार, चंदन नेगी शामिल रहे।

अंडरलोड को सख्ती से कराएंगे लागू

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : देवभूमि ट्रक ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक शनिवार को ट्रांसपोर्ट नगर में हुई। जिसमें ट्रक मालिकों ने एक स्वर में अंडरलोड को सख्ती से लागू कराने की हामी भरी।

एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश जोशी ने कहा कि जल्द संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल ट्रांसपोर्ट कारोबारियों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलेगा। बैठक में भविष्य में अंडरलोड को सरकार से कैसे सख्ती से लागू कराया जाए, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन के सदस्यों का ग्रुप इंश्योरेंस करने पर भी विचार-विर्मश किया गया।

इस दौरान संगठन की भीमताल इकाई का गठन किया गया। जिसमें राहुल जोशी को अध्यक्ष, राजू नयाल, अक्षय वर्मा को उपाध्यक्ष, विनीत जोशी, सूरज कनेरा को सचिव, अर्जुन चनौतिया, पवन, निहाल बृजवासी को उपसचिव, रोहित पलड़िया को सोशल मीडिया प्रभारी व नुकुल शर्मा को कोषाध्यक्ष नामित किया गया। बैठक का संचालन ललित मोहन शर्मा ने किया।

इस दौरान गोविंद मेहरा, ललित रौतेला, डीके शर्मा, हरीश मेहता, सचिन पंत, विमल कांडपाल, वीरेंद्र सिंह, भगवान सिंह, गिरीश मेलकानी, नवीन मेलकानी, राजेश नेवलिया, ललित पाठक आदि मौजूद रहे।

टीपी नगर में बैठक करते देवभूमि ट्रक ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

महिलाओं को जूट बैग बनाने का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हल्द्वानी, अमृत विचार: महिलाओं को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़ौदा आरसेटी की ओर से 13 दिवसीय जूट उत्पाद उद्यमी कार्यक्रम शुरू हो गया है।

राष्ट्रीय शहरीय आजिविका मिशन (एनयूएलएम) नगर निगम के तहत गठित समूह की 25 महिलाओं को निशुल्क जूट से उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त पंकज कुमार उपाध्याय, लीड बैंक मैनेजर केआर आर्य, बैंक ऑफ बड़ौदा से आईपी पंत, आरसेटी के निदेशक प्रदीप सिंह यर्सो, समीर ओझा आदि मौजूद रहे।

बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने को लेकर बैठक आज होगी

लालकुआं : बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा देने के साथ ही गौला नदी में तटबंध निर्माण, नए विद्युत पोल लगाने के अलावा आवारा पशुओं की रोकथाम की मांग को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति बिंदुखत्ता की बैठक रविवार को दोपहर 2 बजे प्रतिभा बाल विद्यालय काररोड में आहूत की गई है।

समिति के सदस्य कुंदन सिंह मेहता ने बैठक में सभी राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के आम लोगों से पहुंचने की अपील की है।

गैस आपूर्ति नहीं होने से लोग परेशान

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: पिछले एक पखवाड़े से नगर व उसके आसपास बिन्दुखत्ता आदि क्षेत्र में गैस आपूर्ति न होने से उपभोक्ताओं को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की है।

विदित हो सुरुचि गैस एजेंसी लालकुआं में भारी अनिमियता के चलते संबंधित अधिकारी ने गैस एजेंसी को सील कर दिया था। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत राधा गैस एजेंसी जवाहर नगर नगला व गोरापड़ाव हल्द्वानी की गैस एजेंसी को लालकुआं, बिंदुखत्ता व हल्दूचौड़ के उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति के निर्देश दिए गए थे। लेकिन अकेले लालकुआं बिंदुखत्ता क्षेत्र में एक लाख से अधिक आबादी होने के कारण दोनों एजेंसियां उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति करने में विफल साबित हुईं हैं।

इससे क्षेत्र में गैस की भारी किल्लत हो गई है। क्षेत्रवासी गैस एजेंसी नगला जाकर सिलेंडर ले रहे हैं। इससे उनमें खासा आक्रोश है। इधर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू ने कहा कि शीघ्र गैस की आपूर्ति के लिए वह जिलाधिकारी से मुलाकात कर समस्या का समाधान मांग करेंगे।

हालात

- गैस एजेंसी सील होने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था फेल

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, विवेकानन्द हॉस्पिटल के सामने, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

सार संक्षेप

हर हाथ को काम, हर खेत को पानी सरकार की प्राथमिकता

भूमि पूजन करते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

रामनगर : विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने ग्राम उदयपुरी बन्दोबस्ती में खीम सिंह आदि के घरों की ओर व हल्दुवा, थारी मार्ग से राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय पीपलसाना की ओर मार्ग निर्माण कार्य जिनकी लागत-14 .93 लाख है, का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हर हाथ को काम, हर खेत को पानी व हर गांव में सड़क का निर्माण हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान भाजपा नेता विजय खुल्वे, हरीश मालगुड़ी, जीतेन्द्र नेगी, आकाश सिंह, हरीश कुमार आदि मौजूद रहे।

बच्चों के चमत्कारी मॉडल देख अभिभावक गदगद

अभिभावकों को मॉडल दिखाता छात्र। ● अमृत विचार

रामनगर : राजकीय इंटर कॉलेज ढेला के बच्चों ने पाठ्यक्रम आधारित विभिन्न विषयों के मॉडल बनाए। बच्चों के मॉडल देख अभिभावक भी गदगद हो गए। विज्ञान वर्ग में वर्षा के पानी का उचित उपयोग कर बिजली निर्माण करने की प्रक्रिया पर आधारित कक्षा दस के सौरभ शर्मा के मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिंदी में अपनी पाठ्य पुस्तक से जवाहरलाल नेहरू लिखित पाठ भारत माता के मॉडल पर ग्याहरवीं की मनीषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामाजिक विज्ञान में आदित्य बोरा के ताजमहल और गणित में फॉर्मूला बॉक्स पर विवेक फुलरा, मूर्ति निर्माण में संजय बिष्ट के मॉडल ने बाजी मारी। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रीराम यादव, डिप्टी रेंजर बालम सिंह रावत, दीपक सती, भारत सिंह गुसाईं, गोधन बिष्ट, उषा पवार, जया बाफिला,नवेंदु मठपाल, महेंद्र आर्य, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला आदि मौजूद रहे।

तल्ला भूमियाधार व्यू प्वाइंट का उद्घाटन किया

भीमताल : ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने तल्ला भूमियाधार व्यू प्वाइंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि यहां पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्राकृतिक व्यू प्वाइंट का निर्माण किया गया है। इस स्थान पर दुकानों में स्थानीय उत्पाद भी बिक्री जाएंगे। इसके अलावा यहां लगी फूड वैन से कई युवाओं को भी आर्थिक रूप से मजबूती मिल रही है। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे, प्रधान अमित कुमार, धर्मेन्द्र रावत, रश्मि माया देवी, वीरेंद्र मेहरा, संदीप कुमार, विपिन कुमार, मोहित कुमार, हरीश चंद्र, राजन लाल, मनोज कुमार, संजय कुमार, मनोज चनियाल, राजेंद्र कोटलिया, कमल कुल्याल आदि मौजूद थे।

कबड्डी टीम के लिए लक्ष्मी, चित्रा व चारू का चयन

उत्तराखंड टीम के लिए चयनित छात्राएं।

कालाढूंगी। राष्ट्रीय उत्तराखंड जूनियर अंडर-20 कबड्डी टीम के लिए नैनीताल जिले की तीन छात्राओं का चयन हुआ है। जिला कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव मनमोहन सिंह बसेड़ा ने बताया कि हैदराबाद में चल रही राष्ट्रीय स्तर की जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम प्रतिभाग कर रही है। टीम में लक्ष्मी मेहता निवासी बिन्दुखत्ता, चित्रा नयाल और चारु रावत निवासी भीमताल का चयन हुआ है। तीनों के चयन पर कबड्डी एसोसिएशन नैनीताल के चेयरमैन परमवीर सिंह पम्मा, अध्यक्ष हरक सिंह राणा, कोषाध्यक्ष कुंदन सिंह बसेड़ा, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, शिवानी उपसचिव, सतीश चंद्र आदि ने बधाई दी है।

राज्य आंदोलनकारियों से किया वादा पूरा करें सीएम

बैठक में विचार रखते पूर्व दर्जा मंत्री धीरेंद्र प्रताप। ● अमृत विचार

रामनगर : राज्य आंदोलनकारीयों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अपने वायदे के अनुसार पांच फरवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में राज्य आंदोलनकारी एवं उनके आश्रितों को 10% क्षैतिज आरक्षण के बिल को विधानसभा एवं राजभवन से पास कराने की मांग की है। नगर पालिका परिषद परिसर स्थित एक रेस्ट्रोरेंट में राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी की अध्यक्षता एवं नवीन नैथानी के संचालन में बैठक हुई। बैठक में चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संगठन के संरक्षक पूर्व दर्जा राज्य मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने सीएम से अपनी मांग पूरी करने को कहा। इस दौरान अनिल अग्रवाल खुलासा, डॉ. धनेश्वरी घिल्डियाल, सुमित्रा बिष्ट, पुष्कर दुर्गापाल, राजेंद्र खुल्ले, चंद्रशेखर जोशी, डीडी सती, योगेश सती, रईस अहमद, प्रभात ध्यानी,नवीन नैथानी आदि मौजूद रहे।

श्रीनगर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी दो बालिकाएं

भीमताल : राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूर्यागांव की दो छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक मॉडल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय की निहारिका और प्रतिज्ञा श्रीनगर में 7 से 10 फरवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। विद्यालय के छात्र गौरव कुमार का चयन राज्य स्तरीय शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है। एसएमसी अध्यक्ष प्रकाश चंद्र ने इस पर खुशी जाहिर की है।

कांग्रेसी नेता की पत्नी का निधन

कृष्णावंती

लालकुआं : नगर के पूर्व ग्राम प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओम प्रकाश अरोड़ा की धर्मपत्नी कृष्णावंती (80) का शनिवार सुबह निधन हो गया। शाम 4 बजे उनकी शव यात्रा निकाली गई तथा नगर के मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा ने शोक जताया है।

कायाकल्प की टीम ने सीएचसी का जायजा लिया

गरमपानी : कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपचार को पहुंचे मरीजों से अस्पताल से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। टीम ने चिकित्सा प्रभारी डा. सतीश पंत से भी फीडबैक लिया। टीम कायाकल्प की टीम लीडर डा. तेजस्विता की अगुवाई में सीएचसी का निरीक्षण किया गया। टीम ने अस्पताल में साफ सफाई, दवा कक्ष, मरीजों के बेड समेत कई अहम बिंदुओं पर जांच की। अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या तथा मरीजों से भी अस्पताल से मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। पेयजल व अन्य व्यवस्थाओं पर भी जानकारी जुटाई। टीम ने चिकित्सा प्रभारी डा. सतीश पंत से भी कई बिंदुओं पर जानकारी जुटाई। निरीक्षण के दौरान सभी स्वास्थ्य कर्मी ड्रेस कोड में नजर आए। इस दौरान कायाकल्प टीम की क्वालिटी कन्सलटेंट निम्मी राणा, क्वालिटी मैनेजर अंकित राणा, डा. योगेश कुमार, फार्मासिस्ट गिरीश पांडे, राकेश मसीह, सौरभ रावत, नवीन सिंह, सोनम आर्या, किरन बिष्ट, हरदयाल सिंह, प्रमोद भट्ट आदि मौजूद रहे।

ट्रांसपोर्ट नगर में 'लाल' तेल का 'काला' बाजार

धड़ल्ले से बिक रहा है ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली इंजन ऑयल, शहर से लेकर पहाड़ तक पहुंच रहा माल

एक्सक्लूसिव

लक्ष्मण मेहरा, हल्द्वानी

अमृत विचार : अगर आप अपना खराब वाहन ट्रांसपोर्ट नगर में ठीक कराने की सोच रहे हैं तो सावधान हो जाएं। क्योंकि ट्रांसपोर्ट नगर नकली माल का असली बाजार बन चुका है। बड़े-बड़े कारोबारी नकली माल बेचते रंगेहाथ पकड़े जा चुके हैं। ताजा मामला असली कंपनी के नाम से बिक रहे नकली इंजन ऑयल का है।

हल्द्वानी ट्रांसपोर्ट नगर में वाहनों के स्पेयर पार्ट्स से लेकर इंजन ऑयल तक नकली बिक रहा है। ब्रांडेड कंपनियों के नाम की आड़ में कुछ थोक कारोबारी इस नकली कारोबार को बेखौफ कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इन थोक कारोबारियों के पास हर दिन बाहर से बड़ी मात्रा में नकली इंजन ऑयल की खेप पहुंचती है जो यहां से पूरे शहर और पहाड़ तक भेजा जाता है। इस नकली ऑयल के धंधे से जुड़े लोग अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं। वहीं वाहन स्वामियों को भारी नुकसान हो रहा है।

एक कारोबारी गया था जेल : ट्रांसपोर्ट नगर में नकली इंजन ऑयल का कारोबार लंबे समय चल रहा है। करीब चार साल पहले नकली ऑयल का कारोबार करने वाले एक कारोबारी को प्रशासन ने रंगेहाथ पकड़ा था। उस दौरान अधिकारियों ने कई अन्य कारोबारियों के गोदामों में छापा भी मारा था, लेकिन ट्रांसपोर्ट नगर में बने गोदामों और दुकानों के ताले नहीं खुल पाए। मामला ठंडा होने के बाद पुनः कारोबारी नकली ऑयल के कारोबार में सक्रिय हो गए हैं। सीटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि मामले का संज्ञान नहीं है इसकी जांच की जाएगी।

दिल्ली, रामपुर और रुद्रपुर से पहुंचता है माल

ट्रांसपोर्ट नगर में नकली इंजन ऑयल का माल दिल्ली, रामपुर और रुद्रपुर से पहुंचता है। यहां सबसे ज्यादा माल दिल्ली से आता है। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली नकली इंजन ऑयल कारोबार का प्रमुख गढ़ है। यहां से देश के अलग-अलग राज्यों में माल भेजा जाता है। हल्द्वानी में थोक कारोबारियों के पास माल पहुंचने के बाद उसे दुकानों या गोदामों में रखा जाता है। जिसे बाद में मांग के अनुसार भेजा जाता है।

ऐसे तैयार होता है नकली ऑयल

मैकेनिक और सर्विसिंग सेंटर वाले वाहनों का जला हुआ ऑयल रखते हैं। फिर इसे इकट्ठा करके इन कारोबारियों को बेच देते हैं। इन जले हुए ऑयल को दोबारा रिसाइकिल किया जाता है। इसके बाद नामी कंपनी के स्टीकर लगाकर इन्हें बेच दिया जाता है। स्टीकर हुबहू असली कंपनी के लगते हैं।

यह होता है नुकसान

नकली इंजन ऑयल में ल्बूरीकेट्स (चिकनाई) कम होती है। इससे इंजन गरम होता है। इससे क्लच प्लेट चिपक जाती हैं। हाफ सेंटर कट जाता हैं कभी-कभी तो इंजन पूरी तरह सूख जाता है, जिससे इंजन सीज होने की नौबत आ जाती है।

ट्रांसपोर्ट से बिना बिल के आता है नकली ऑयल

नकली इंजन ऑयल कारोबार के पीछे ट्रांसपोर्ट कारोबारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सूत्रों के अनुसार कुछ ट्रांसपोर्ट कारोबारी बिना बिल के नकली इंजन ऑयल को यहां तक लाते हैं। इस माल को लाने में कारोबारियों को अच्छा मुनाफा होता है। बिना के बिल के माल लाने में एक कुंतल में 6 रुपये भाड़ा लिया जाता है। जबकि बिल के साथ आने वाले माल पर मात्र ढ़ाई रुपये माल होता है।

गांधी आश्रम को नहीं मिल पाई अब तक रिबेट

हल्द्वानी, अमृत विचार: गांधी आश्रम को राज्य सरकार की ओर से अब तक रिबेट नहीं मिल पाई, जिससे उसके कई कार्य रुके पड़े हैं।

नवाबी रोड स्थित गांधी आश्रम के मुख्य कार्यालय से संचालित 24 दुकानों में हर साल 2 अक्टूबर गांधी जयंती से 13 फरवरी तक उत्पादों में 25 प्रतिशत की छूट मिलती है, जिसकी एवज में उसे 15 प्रतिशत केंद्र व 10 प्रतिशत राज्य सरकार से अनुदान मिलता है। केंद्र की ओर से उसे रिबेट मिल चुकी है लेकिन राज्य की ओर से अब तक नहीं मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांधी आश्रम को राज्य सरकार से करीब 80 लाख रुपये की रिबेट मिलनी है। समय से रिबेट नहीं मिलने के कारण गांधी आश्रम कच्चा माल आदि नहीं खरीद पा रहा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए सरकार को लिखा गया है, जल्द ही रिबेट मिल जाएगा।

योजनाओं को समय से पूरा करना हो प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

निर्देश

- कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव दीपक कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिए निर्देश

अमृत विचार : कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव दीपक कुमार ने शनिवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने योजनाओं को तय समय में पूरा करने और लोनिवि, जल, विद्युत, वन समेत अन्य विभागों को अंतर विभागीय मुद्दों को समन्वय से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

सचिव कुमार ने कहा कि सरकारी विभागों की प्राथमिकता होनी चाहिए कि जनता को योजनाओं का लाभ समय पर मिले। इसके लिए अधिकारी योजनाओं का विभागीय और शासन स्तर पर फॉलोअप करें। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा, सीएम हेल्पलाइन (1905), जल जीवन मिशन, सड़क गड्ढा मुक्त एप, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और नगरीय, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना आदि बिंदुओ पर चर्चा की। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर फोकस किया जाए। बार-बार एक ही तरह की शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को ज्यादा से ज्यादा जन संवाद करना चाहिए। कई बार जानकारी और समझ की कमी से शिकायतें दर्ज होती हैं इसलिए जनता को जागरूक भी करें। उन्होंने ड्रग फ्री स्टेट और साइबर फ्रॉड की रोकथाम के लिए कॉलेज में कैंप लगाकर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कुमार ने कहा कि बजट डिमांग से पूर्व विभागीय अधिकारी वार्षिक कार्ययोजना बनाएं। अधिकारी फील्ड विजिट करें जिससे आमजन की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण हो और धरातल की हकीकत से अधिकारी अपडेट रहेंगे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे, पीडी अजय सिंह, डीडीओ गोपाल गिरी, एसपी सिटी हरबंस सिंह, डॉ. एमएस नेगी, डीएफओ चंद्र शेखर, प्रभारी सीएमओ डॉ. श्वेता, सीएओ वीके यादव, प्रतीक जोशी, कमल मेहरा आदि मौजूद थे।

सर्किट हाउस में बैठक लेते सचिव क्रियान्वयन विभाग दीपक कुमार। ● अमृत विचार

घायलों की मदद करने वालों का होगा सम्मान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

पहल

- बीते एक साल के आंकड़े जुटाने में जुटी जिला पुलिस
- पुलिस मुख्यालय से किया जा रहा मददगार को फोन

अमृत विचार : अगर आपने भी सड़क हादसे में घायल किसी व्यक्ति की मदद की है तो हो सकता है कि आपको भी पुलिस मान-सम्मान दे। पुलिस ऐसे लोगों को सूची बना रही है, जिन्होंने सड़क हादसे में घायल को या तो अस्पताल पहुंचाया हो या फिर किसी अन्य तरह से मदद की हो।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि बीते एक वर्ष के सड़क हादसों का डाटा तैयार किया जा रहा है। इसमें ऐसे मामले जिनमें सड़क हादसों के समय मौके पर मौजूद किसी ने घायलों की मदद की और उन्हें सही समय पर अस्पताल पहुंचाया या फिर पुलिस को हादसे की सूचना देकर जागरुक नागरिक का फर्ज निभाया हो। ऐसे लोगों सम्मानित किया जाएगा। बता दें कि नैनीताल पुलिस के फेसबुक पेज के माध्यम से एसएसपी ने वीडियो संदेश भी जारी किया था। सड़क सुरक्षा माह के तहत 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' थीम पर इस वीडियो को तैयार किया गया।

देवला मल्ला का ट्यूबवेल दूसरी बार हो गया खराब

संवाददाता, हल्द्वानी

परेशानी

- घुनी व कॉलटैक्स भी नहीं हुआ ठीक
- टैंकरों से नहीं मिल रहा लोगों को पर्याप्त पानी

अमृत विचार: गौलापार के देवला मल्ला में ट्यूबवेल खराब होने के कारण लगभग 2 हजार की आबादी को पानी नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि देवला मल्ला का ट्यूबवेल एक माह के भीतर दूसरी बार खराब हो गया है।

बीते जनवरी के पहले सप्ताह में ट्यूबवेल खराब हुआ था जो एक सप्ताह बाद ठीक हो पाया था। अब एक बार फिर ट्यूबवेल खराब होने से लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण लोगों को कई किमी. दूर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है। इधर जल संस्थान के ईई नंदकिशोर ने बताया कि ट्यूबवेल की मोटर में खराबी है जिसे ठीक किया जा रहा है और सोमवार तक ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांग के अनुसार टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है और विभाग लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ घुनी नं. 1 और कॉलटैक्स के पास स्थित ट्यूबवेल एक सप्ताह बाद भी ठीक नहीं हो पाया है जिससे लगभग 10 हजार की आबादी पानी के लिये टैंकरों पर निर्भर है। विभाग के टैंकरों से भी लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

बिजली कटौती ने रुलाया

हल्द्वानी : बिजली की आंख-मिचौली ने शनिवार को लोगों को परेशान किया। दिनभर बिजली आते-जाते रही। शहर के रामपुर रोड, मुखानी सहित शहर के कई हिस्सों में बिजली के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली गुल होने से लोगों को दिक्कतें हुईं। यूपीसीएल ग्रामीण के ईई डीडी पांगती ने बताया कि कठघरिया उपसंस्थान में ट्रांसफार्मर बदलने का काम पूरा कर लिया गया है और संबंधित फीडरों से आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

चुनाव जीतने की कुंजी है बूथ, कमर कस लें

तैयारी

- लामाचौड़ में गांव चलो अभियान की कार्यशाला में पहुंचे विधायक बंशीधर भगत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लामाचौड़ में गांव चलो अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में विधायक बंशीधर भगत ने कार्यकर्ताओं को स्प्ष्ट कर दिया कि चुनाव जीतने की कुंजी बूथ है। बूथ अध्यक्ष और शक्तिकेंद्र संयोजक भी भूमिका चुनाव में सबसे अहम होती है।

कमलुवागांजा रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक बंशीधर भगत मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद थे। उन्होंने कहा, जो बूथ धरातल पर मजबूत है उस बूथ में हमारी जीत पक्की है। आगामी आम चुनाव के लिए पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को कमर अभी से कसनी होगी। विशेषकर बूथ अध्यक्ष और शक्तिकेंद्र संयोजकों की सक्रियता अत्यंत आवश्यक है। अध्यक्षता कर रहे लामाचौड़ मंडल के अध्यक्ष धीरज पांडे ने कहा, चुनावों में अभी से जुटेंगे तभी 400 पार का लक्ष्य प्राप्त होगा। इस दौरान प्रदेश सैनिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक पूर्व सैनिक मेजर बीएस रौतेला, कैलाश भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, प्रताप बोरा, प्रमोद बोरा, धीरज रौतेला, पुष्कर जोशी, दलीप बिष्ट, आनंद बिष्ट, संदीप सनवाल, चंद्रप्रकाश, पंकज निगल्टिया, मुकेश पडलिया, कैप्टन सोबन सिंह भड़, बिरेंद्र कपकोटी, संजय भोजक, राजेश खर्कवाल आदि थे।

कार्यशाला का शुभारंभ करते विधायक बंशीधर भगत व अन्य। ● अमृत विचार

बिठौरिया मंडल के पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हल्द्वानी : भाजपा के 9 से 12 फरवरी तक गांव चलो अभियान को सफल बनाने को लेकर शनिवार को बिठौरिया मंडल की कार्यशाला एक होटल में हुई। इसमें जिला महामंत्री नवीन भट्ट ने मंडल के 53 बूथों में प्रवास के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। भट्ट ने कहा कि प्रवासी कार्यकर्ता बूथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का बीते 10 सालों की उपलब्धियां गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक उत्थान एवं विश्व में भारत के गौरव में वृद्धि सहित विकासपरक योजनाओं के बारे में बताएंगे। इन उपलब्धियों को जन-जन तक ले जाना है ताकि जनता का विश्वास अर्जित कर मिशन-2024 के भाजपा बहुमत से जीत दर्ज कर सके। उन्होंने बताया कि गांव चलो अभियान के दौरान 7 लाख गांवों व नगरों के सभी बूथों पर एक कार्यकर्ता को 24 घंटे का समय क्षेत्रीय जनता के बीच में बिताना है। इस दौरान सुरेश गौड़, हरि मोहन अरोरा, भुवन भट्ट, विनोद मेहरा, प्रवीण जोशी, दीपक सनवाल, दीपक बिष्ट, कंचन उप्रेती, लाखन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

मनमोहन बने उपाध्यक्ष नंदन मंडल मंत्री

मनमोहन बिष्ट।

नंदन रावत।

रामनगर। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत ने ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया है। मनमोहन सिंह बिष्ट को ग्रामीण मंडल का उपाध्यक्ष व नंदन सिंह रावत को मंडल मंत्री मनोनीत किया है। विधायक दिवान सिंह बिष्ट, ब्लाक प्रमुख रेखा रावत सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने दोनों को बधाई दी है।

गांव चलो अभियान को लेकर कार्यशाला की

चोरगलिया। लछमपुर गौलापार में भाजपा की गांव चलो अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल और मंडल अध्यक्ष डॉ. मुकेश बेलवाल ने बताया कि गांव चलो अभियान के तहत भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोदी सरकार के किए गए कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सह संयोजक राजेंद्र सिंह बिष्ट ने किया।

विभागों में तालमेल नहीं | योजना में कई बार तारीख बढ़ने के बावजूद अधिकारियों की नींद नहीं टूटी

194 स्कूलों के बच्चे छात्रवृत्ति से हुए वंचित

फॉलोअप

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: समाज कल्याण व शिक्षा विभागों में आपसी तालमेल न होने से केंद्र की दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए कई बार तारीख बढ़ाने के बावजूद अब भी 194 सरकारी व निजी स्कूल छूट गए हैं, जिससे यहां अध्ययनरत बच्चे छात्रवृत्ति पाने से वंचित रह गए।

नौकरशाह अपने कार्यों के प्रति कितने जिम्मेदार हैं, इसका पता दशमोत्तर छात्रवृति में बायोमेट्रिक सत्यापन की अनिवार्यता मामले से पता चल जाता है। इसके लिए कई बार तारीख बढ़ने के बावजूद अब भी जिले के 194 स्कूलों के नोडल अधिकारियों का सत्यापन नहीं हो पाया, जिससे इन स्कूलों के बच्चे छात्रवृत्ति से वंचित रह गए, क्योंकि नोडल अधिकारी के बिना छात्रों का भी बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं होगा।

बता दें कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा, ईबीसी व दिव्यांग आदि वर्ग के छात्रों के लिए चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजना में बायोमेट्रिक सत्यापन की आखिरी तिथि 31 जनवरी, 2024 निर्धारित की गई थी।

खास बात यह कि नोडल अधिकारियों के बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए 6 से 31 दिसंबर, 2023 तक चले पहले चरण में सैकड़ों स्कूल छूट गए तो 15 जनवरी, 2024 तक तारीख बढ़ाई गई। इसके बाद भी करीब 367 स्कूल फिर छूट गए तो एक बार पुनः तारीख बढ़ाकर 31 जनवरी की गई थी।

इधर, अपनी कमियों को छिपाने के लिए अब शिक्षा व समाज कल्याण विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं।

ऐसे स्कूलों पर भी अब की जा रही है चर्चा

जिले में कई सरकारी स्कूल एकल या बगैर शिक्षक के चल रहे हैं। ऐसे में, एक ही शिक्षक को दो स्कूलों की जिम्मेदारियां दी गई हैं। बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए एक शिक्षक का आधार कार्ड दो स्कूलों के लिए मान्य नहीं होता। ऐसे मामलों में शिक्षकों ने अपने मूल स्कूल का बायोमेट्रिक सत्यापन करवा लिया लेकिन प्रभार वाले स्कूल की चर्चा तक नहीं की। अब छूट चुके इन स्कूलों का मामला भी सामने आ रहा है।

शिक्षा विभाग को लिखा गया है कि इस मामले में कार्रवाई करे।
- दिपांकर घिल्डियाल, समाज कल्याण अधिकारी

किन कारणों से स्कूल छूट गए, इसकी जानकारी ली जा रही है। समाज कल्याण विभाग से मिलकर बात की जाएगी।
- नागेंद्र बर्थवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी, नैनीताल

पंचायतों के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित महिला सभागार गरमपानी में हिमालयन एनवायरमेंट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी देहरादून के तत्वावधान में हुए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पंचायत प्रतिनिधियों को की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मास्टर ट्रेनर नीरज ठाकुर ने पंचायतों के विकास में महिलाओं की जिम्मेदारी समेत कई बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत देहरादून की हिमालयन एनवायरमेंट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी ने महिला सभागार में महिला जनप्रतिनिधियों को ई ग्राम स्वराज योजना, सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण, ग्राम पंचायत विकास योजना, महिला सशक्तिकरण व ग्राम पंचायत विकास योजना में भागीदारी समेत तमाम अहम बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

20.60 करोड़ से होगा मार्गों पर सुरक्षात्मक कार्य

भीमताल : काठगोदाम से अधोड़ा-मीडार मार्ग सहित 7 सड़क मार्गों पर सुरक्षात्मक कार्य किया जाना है। सुरक्षात्मक कार्य के लिये शासन से 20 .60 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने ग्रामीणों की समस्याओ को देखते हुए काठगोदाम से खनस्यू सिमलिया बैंड सहित 7 मोटर मार्गों पर सुरक्षात्मक कार्य के लिये लोनिवि के अधिकारियों से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने को कहा था जिस पर डीपीआर तैयार कर शासन भेजी गई थी।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

एक नजर

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

जसपुर। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जसपुर कोतवाली अंतर्गत ग्राम रायपुर निवासी ओम प्रकाश पुत्र फूसा सिंह को 20 लीटरअवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 60(1)आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर उसे न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक एसआई संजय सिंह, अरुण कुमार व पूरन सिंह शामिल रहे।

चाकू के साथ गिरफ्तार

किच्छा। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात्रि चेकिंग के दौरान ग्राम दोपहरिया निवासी मुन्ना लाल को केजीएन कॉलोनी दोपहरिया क्षेत्र में चाकू के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह देवरिया स्थित टोल प्लाजा पर नौकरी करता है। पुलिस ने आरोपी से चाकू बरामद कर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

विधायक, डीआईजी और एसएसपी ने किया महाकुंभ का शुभारंभ, महाकुंभ में रखी गयी है 50 से अधिक प्रकाशकों की पुस्तकें

नवोदय विद्यालय में शुरू हुआ दो दिवसीय पुस्तक महाकुंभ

आयोजन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जवाहर नवोदय विद्यालय में दो दिवसीय प्रथम रुद्रपुर पुस्तक महाकुंभ का शुभारंभ हो गया है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत और एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने किया। महाकुंभ में 50 से अधिक प्रकाशकों की 50 हजार पुस्तकों को रखा गया था। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

शनिवार को पुस्तक महाकुंभ के शुभारंभ के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि यह पुस्तक महाकुंभ रुद्रपुर के इतिहास में एक नई पहल है। इसका उद्देश्य हम अपनी दिनचर्या में या उपहार आदान प्रदान की परंपरा में बुके की जगह बुक भेंट करने की पद्धति को अमल में लाएं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भी कहा था कि हम बुके नहीं बुक देने की परंपरा की शुरुआत करें और आज उनकी इस अपील के सार्थक परिणाम धरातल पर नजर आ रहे हैं।

पुस्तक महाकुंभ का दीप जलाकर शुभारंभ करते विधायक अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि रंगारंग कार्यक्रम व साहित्य, निबंध प्रतियोगिता आदि जनजागरण का कार्य करेगा, नवोदय विद्यालय में लगभग 30 पुस्तक के स्टॉल लगे हैं जिसमें भारतीय संस्कृति, साहित्य, इतिहास व महापुरुषों के जीवन पर आधारित पुस्तकें महाकुंभ में उपलब्ध हैं। वहीं आयोजन समिति ने विधायक अरोरा को श्रीरामचरितमानस भेंट कर स्वागत किया।

वहीं विधायक अरोरा ने समिति को इस पहल के लिये शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि इस पहल से हमारी नोजवान पीढ़ी पुस्तक से जुड़ेगी और मानसिक बौद्धिक विकास के साथ ज्ञान का संचार भी बढ़ेगा।

यह लोग रहे मौजूद

भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व महाधिवक्ता हाईकोर्ट गजेंद्र सिंह संधू, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, पीसीएस मनीष कफलटिया, देवभूमि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, नवोदय प्रधानाचार्य कंचन जोशी, राजकुमार खनिजो, नरेंद्र कुमार, विहिप के राष्ट्रीय मंत्री स्नेह पाल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, सुरेश कोली, जेबी सिंह, नागेंद्र शर्मा, कुंदर राठौर, योगेश वर्मा, मनोज मित्तल, धर्म सिंह कोली, जितेंद्र सिंह, संदीप धीर, स्वाति शर्मा, मयंक कक्कड़, विकास सागर, सुनील यादव, किरण विर्क, सुनील सागर, भीमसेन गुप्ता व पुस्तक मेला समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा, उपाध्यक्ष रीनू मिश्रा, कोषाध्यक्ष शौर्य अरोरा, सचिव निखलेश सांडिल्य, उपसचिव विनय बत्रा, शोभित रॉय आदि।

भाजपा नेता का शस्त्र लाइसेंस किया निरस्त

खटीमा। जिला मजिस्ट्रेट ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की संस्तुति के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेता का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया है। पुलिस ने इस आशा का सूचना पत्र आरोपी के घर दे दी है।

वहीं बताया जा रहा है कि भाजपा नेता फरार है। कोतवाली पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के माध्यम से वार्ड संख्या छह निवासी भाजपा नेता गौरव सोनकर पर क्षेत्र में अपराधियों, अवैध खनन और सट्टेबाजों को संरक्षण देने के मामले में एक रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को भेजी थी। जिसपर जिला मजिस्ट्रेट ने सोनकर का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिया है। जिसकी सूचना नोटिस उसके घर पर न होने के चलते बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल ने नोटिस घर पर चस्पा कर दिया है।

प्रदेश में एक राज्य- एक चुनाव का फार्मूला लागू करने की उठाई मांग

कोरोना के चलते त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग

प्रदर्शन

- त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एक राज्य-एक चुनाव फॉर्मूले को उत्तराखंड में लागू करने और त्रिस्तरीय पंचायत कार्यकाल को दो साल बढ़ाने की मांग को लेकर जिले भर के प्रधानों एवं ब्लॉक प्रमुखों ने पीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। त्रिस्तरीय पंचायत का निर्वाचन होने के बाद दो साल कोविड काल में निकल गए। ऐसे में दो सूत्रीय मांगों को पूर्ण करना जरूरी है। उन्होंने आगाह किया कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

शनिवार को ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रधानों का कहना था कि वर्ष 2019 में त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव हुआ था और 2020 से 2021 में कोविड काल प्रारंभ हो गया। जिस कारण प्रधानों ने गांव को बचाने के लिए अहम भूमिका भी निभाई। ऐसे में कार्यकाल को दो साल के लिए बढ़ाना चाहिए, जबकि दो साल तक पंचायत की बैठक नहीं होना पंचायत एक्ट में कार्यकाल को नहीं जोड़ा जाता है। इसके अलावा देश के प्रधानमंत्री एक राष्ट्र एक चुनाव के फॉर्मूले को लागू करने की दिशा में प्रयासरत हैं। इस प्रयास को उत्तराखंड में लागू करने से पहले दो वर्ष का काल बढ़ाना अनिवार्य है। तभी पीएम को प्लान सफल हो पाएगा। उन्होंने पीएम से एक राष्ट्र एक चुनाव को उत्तराखंड के सभी जिलों में लागू करने की मांग की। उन्होंने आगाह किया कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर संभल, अमरजीत कौर, पार्वती देवी, रेशम सिंह, पूनम देवी, द्रोपदी देवी, निर्मल सिंह, ममता जल्होत्रा, आशा देवी, दीपा कांडपाल, धर्मवीर, सुषमा यादव आदि मौजूद रहे।

डीएम को ज्ञापन देते त्रिस्तरीय पंचायत संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

जलवायु परिवर्तन से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी

रुद्रपुर। मुख्य चिकित्सा कार्यालय सभागार में ग्राम विकास अधिकारियों को जलवायु परिवर्तन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारियों को जलवायु परिवर्तन से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

शनिवार को आयोजित प्रशिक्षण के दौरान आईडीएसपी के एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. संतोष पांडेय ने जलवायु परिवर्तन से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही ग्राम विकास अधिकारियों को यदि जलवायु परिवर्तन से किसी व्यक्ति को कोई समस्या होती है तो इसकी जानकारी विभाग या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या ग्राम स्तर पर संचालित आरोग्य मंदिर कार्यरत सीएचओ को जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर जानकारी समय पर मिलेगी तो समय पर समस्या का निराकरण किया जा सकेगा। इस अवसर पर क्लाइमेट चेंज एंड ह्यूमन हेल्थ के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश आर्या, नोडल अधिकारी एनसीडी डॉ. एसपी सिंह, तौफीक अहमद, राहुल कुमार, प्रदीप कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज आर्या ने किया।

सस्ता गल्ला दुकान शिफ्ट होने से गुस्सा, पूर्ति निरीक्षक को घेरा

सुल्तानपुर पट्टी में पूर्ति निरीक्षक के समक्ष आक्रोश जताते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

अमृत विचार: सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान स्थानांतरित होने से वार्डवासी परेशान हैं। जनप्रतिनिधियों ने नगर में पूर्ति निरीक्षक का घेराव कर पुराने स्थल पर ही राशन वितरण कराने की मांग की। बताते दें कि कोटेदार आनंद सिंह पुराने रामलीला स्टेज पर राशन वितरण करते आ रहे थे। कुछ माह पूर्व आनंद सिंह ने राशन की दुकान को अपने घर पर शिफ्ट कर लिया। इससे नगर वासियों मे आक्रोश है। जनप्रतिनिधियों व वार्डवासियों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सैनी को राशन की दुकान को लेकर हो रही समस्या से अवगत कराया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सैनी ने पूर्व में एसडीएम राकेश चंद तिवारी को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान को पुराने स्थल पर स्थानांतरित करने को लेकर ज्ञापन सौंपा था। राजेश सैनी ने बताया कि आनंद सिंह के नाम से सस्ते गल्ले की दुकान पुराने रामलीला स्टेज पर थी। जिससे नगर के मोहल्ला आदर्श नगर, शिवनगर, आर्य नगर, नेता नगर के कार्ड धारकों को राशन वितरण किया जाता था। राशन विक्रेता ने राशन की दुकान को अपने ही घर पर शिफ्ट कर लिया। जिससे लोगों को राशन लाने में दिक्कतों का सामान करना पड़ रहा है।

पूर्ति अधिकारी विनोद चंद तिवारी ने बताया कि राशन की दुकान पर राशन पहुंचने के लिए ट्रांसपोर्ट की काफी दिक्कतें हो रही थी। जिसको देखते हुए दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया गया था। जब तक समस्या का समाधान नहीं होता जाता तब तक वितरण को रोका गया है। समाधान के बाद राशन वितरण किया जाएगा। मौके पर कैलाश दिवाकर, धर्मेंद्र सैनी, जाहिद हुसैन, रामकिशन चंद्रा, दिनेश सैनी, अनिल सैनी आदि थे।

निसंतान दंपतियों के लिए वरदान साबित हो रही एआरटी: डॉ. शरण

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. रेनू शरण ने गाइनेकोलॉजिस्ट महिला डॉक्टरों के साथ रुद्रपुर के एक निजी रेस्टोरेंट में बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (एआरटी) अधिनियम 2021 एवं सरोगेसी एक्ट 2021 के सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं। दोनों एक्ट के लागू होने के बाद राज्य में 1938 दंपतियों ने एआरटी का लाभ उठाया है। राज्य में संतान सुख पाने में असमर्थ विवाहित दंपति एवं महिलाओं की कुछ श्रेणियों (एकल और विवाहित) के लिए एआरटी वरदान साबित हो रही है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में देश के साथ-साथ प्रदेश में 22 एआरटी क्लीनिक पंजीकृत हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित राज्यों से उन दंपतियों और एकल एवं अविवाहित महिलाओं का आंकड़ा मांगा था जिन्होंने सेरोगेसी व एआरटी का सफलता पूर्वक लाभ उठाया है। ताकि सरकार कानून लागू होने के बाद की स्थिति का सही आंकलन कर सके। जिस पर स्वास्थ्य विभाग ने विगत दो वर्षों के आंकड़े केंद्र सरकार को भेज दिए हैं। उन्होंने बताया गया कि राज्य में 1938 दंपतियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया है।

वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. शरण ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का कहना कि राज्य में सरोगेसी एक्ट 2021 एवं एआरटी एक्ट 2021 के ठोस क्रियान्वयन का नतीजा है कि प्रदेश में पंजीकृत क्लीनिकों के माध्यम से अब तक 1938 दंपतियों ने एआरटी का लाभ उठाया है। इन एक्ट के तहत केवल संतान सुख पाने में असमर्थ विवाहित दंपति और महिलाओं की कुछ श्रेणियों को ही एआरटी और सरोगेसी का लाभ उठाने की अनुमति है।

एक लाख का लोन देने का झांसा देकर ठगे 25 हजार

धोखाधड़ी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत कर्मी को ऑनलाइन लोन देने का झांसा देकर हजारों रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित का कहना था कि उसने ऑनलाइन एक लाख रुपये लोन का आवेदन किया था। मगर बार-बार लोन के बाद उससे हजारों रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने साइबर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से पिथौरागढ़ के थल ओखल गांव निवासी विक्रम कुमार ने बताया कि वह सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है और जगतपुरा स्थित किराए के मकान में रहता है। बताया कि दो दिन पहले उसने इंटरनेट मीडिया में ऑनलाइन लोन का विज्ञापन देखा और दिए गए लिंक पर लोन का आवेदन किया। आरोप था कि आवेदन करने के कुछ ही देर बाद एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी। कॉलर ने एक लाख रुपये के लोन के लिए कई प्रकार से 25 हजार रुपये का भुगतान करवा लिया। बावजूद एक लाख रुपये का लोन पारित नहीं हुआ। मगर जब कॉलर ने पुनः आठ हजार जमा करने की बात कही तो ठगी होने का एहसास हुआ और उसने भुगतान नहीं किया। पीड़ित ने साइबर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

धर्म-कर्म दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिनों तक गांधी पार्क में कथा की रसधारा

विधि विधान से संपन्न हुई श्रीमद् भागवत कथा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से गांधी पार्क में संचालित पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का विधि विधान के साथ समापन हो गया। इस दौरान विहिप के केंद्रीय सहमंत्री सहित अतिथियों की मौजूदगी में पूजा-अर्चना के साथ कथा का समापन हुआ।

बताते चलें कि 30 जनवरी से दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा गांधी पार्क में पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया था। जिसमें मुख्य कथावाचक साध्वी कालिंदी भारती ने अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। पांच दिवसीय कथा का शनिवार को विधि विधान के साथ समापन हुआ। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री स्नेह पाल, भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेंद्र सिंह संधू, विहिप के प्रांतीय संगठन मंत्री अजय नागर, शैल सांस्कृतिक समिति के महामंत्री दिवाकर पांडेय, वीरेंद्र जिंदल, राजकुमार खनिजों द्वारा श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना कर कथा का समापन किया।

इस दौरान विहिप के केंद्रीय सहमंत्री स्नेह पाल ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में सभी वेदों का सार छिपा है। युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने श्रीमद् भागवत कथा सुनने से आत्मिक शांति के साथ सुख समृद्धि का वास होता है। वहीं संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि अगले साल श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन और भव्य तरीके से होगा।

रुद्रपुर में श्रीमद् भागवत कथा का पूजा-अर्चना कर समापन करते अतिथि। ● अमृत विचार

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने धान का भुगतान करने की मांग की

रुद्रपुर। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने दूरभाष पर उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को मुख्य सचिव का पदभार संभालने पर बधाई दी। साथ ही किसानों के धान की फसल का भुगतान करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि विगत आठ अक्टूबर से शुरू हुआ खरीफ विपणन सत्र 2023-24 विगत 31 जनवरी को खत्म हो गया है, लेकिन सहकारी क्रय केंद्रों पर बेचे गए किसानों के धान का भुगतान अभी तक नहीं हो सका है। धान खरीद सत्र समाप्त हो चुका है। जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा दाखिल जनहित याचिका 31 अक्टूबर 2020 पर न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया एवं रविन्द्र मैथानी की डबल बेंच ने किसान हित में जो निर्णय दिया गया था। उसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि 48 घंटे से लेकर एक सप्ताह के भीतर प्रत्येक दशा में किसानों को उनकी फसल का भुगतान कर दिया जाये। उच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद सरकार ने धान की फसल के बकाए का भुगतान नहीं किया गया है। जिस पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने तुरंत कार्यवाही का भरोसा दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

दो भाइयों पर मारपीट का आरोप

बाजपुर। यहां एक व्यक्ति ने दो भाइयों पर मारपीट करने का लगाते हुए पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। मोहल्ला आदर्शनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी गिरीश चंद्र पुत्र नौबत ने पुलिस को बताया कि 2 फरवरी की दोपहर बाद करीब 2 बजे वह अपने खेत स्टेशन की तरफ जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच मोहल्ले के ही दो सगे भाइयों ने उसे घेर लिया और बिना किसी बात के गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर जान से मारने की कोशिश की। हमले में उसके सिर पर चोटें आई हैं। पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

चोरी की 4 बाइक के साथ दो ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके से लगातार हो रही बाइक चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार कर चार चोरी की बाइकें बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को खुलासा करते हुए आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर और थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि 31 जनवरी को ठाकुरनगर निवासी सुरजीत कुमार ने बाइक संख्या यूपी-26 जेड-9259 चोरी होने का मुकदमा पंजीकृत करवाया था। इसके अलावा दो फरवरी को कृष्णा कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार ने अपनी बाइक संख्या यूपी-25 बीएफ-7114 के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

शुक्रवार शाम सूचना मिली कि गंगापुर रोड स्थित श्मशान घाट मार्ग पर कुछ संदिग्धों को देखा गया है। जिस पर पुलिस ने वाहनों की चेकिंग शुरू की। इस दौरान भागने की कोशिश कर रहे बाइक सवार दीपक शर्मा उर्फ लूटिया निवासी ग्राम गोगई मीरगंज बरेली यूपी व हाल निवासी राजा कालोनी वार्ड दो ट्रांजिट कैंप और विजय शर्मा निवासी ग्राम निजाम डांडी थाना जहानाबाद पीलीभीत यूपी को गिरफ्तार कर लिया। उनसे गन्ने के खेत में छिपाई गई चार चोरी की बाइक बरामद की। पुलिस ने चेसिस नंबर के आधार पर चोरी की बाइकें बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह बाइकों को चोरी कर गन्ने के खेत में छिपा देते थे और मौका पाकर बेच देते थे।

जी-20 के दौरान हटाए वेंडर्स को मिलेगी जगह, डीएम ने सिंचाई विभाग के पास बन रहे वेंडिंग जोन का किया निरीक्षण

वेंडिंग जोन को व्यवस्थित ढंग से करें विकसित: डीएम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने नगर निगम की ओर से चयनित वैंडिंग जोन में किये जा रहे कार्यों और किच्छा रोड पर खाली पड़ी नगर निगम की जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेंडिंग जोन को व्यवस्थित ढंग से विकसित करने और निगम की बहुमूल्य भूमि के भूतल का उपयोग आय संसाधनों में वृद्धि के लिए कॉमर्शियल तौर पर किया जाये और भूतल के ऊपर ही आवास बनाने के लिए विचार किया जाए।

शनिवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जी-20 के दौरान हटाये गऐ वैंडर्स और विभिन्न गलियों से हटाये जाने वाले वैंडर्स को व्यवस्थित ढंग से वैंडिंग जोन में लाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैंडिंग जोन बन जाने से सड़कों पर अतिक्रमण किये हुए वैंडर्स को जगह उपलब्ध कराई जाएगी और सड़कों के चौड़ीकरण होने के साथ ही शहर में जाम की स्थिति से राहत मिलेगी व शहर की सड़कों पर आवागम भी सुगमता से हो सकेगा।

उन्होंने चिह्नित वैंडर्स को नियमानुसार दुकानें आवंटित करने के लिए अभी से कार्यवाही करने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये। उन्होंने रेड़ी पटरी वाले वीकर सैक्शन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने बताया कि निगम के सामने विद्युत विभाग और सिंचाई विभाग के मध्य करीब 200 मीटर नाले को कवर करते हुए 28 मीटर चौड़े क्षेत्र के दोनों साइडों को विकसित किया जा रहा है। जिसमें व्यवस्थित ढंग से दुकानें और कियोस्क बनाकर वेंडर्स को दिए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रोहेला, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, डिप्टी मैनेजर एनएचएआई मीनू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

वेंडिंग जोन का निरीक्षण करते डीएम उदयराज सिंह व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

खड्ड में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

युवक के सिर और पीठ पर मिले हैं चोट के निशान, सोशल मीडिया से हुई मृतक की शिनाख्त

आरोप

- ग्रामीणों ने थाने पहुंच युवक की हत्या का आरोप लगाया, शीघ्र कार्रवाई करने की मांग

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: एनएच 74 हाईवे के नीचे खड्ड में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोशल मीडिया से मृतक की पहचान होने के बाद उसके गांव के ग्रामीण थाने पहुंचे और युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की।

विशाल सिंह।

शनिवार पूर्वाह्न 10 बजे रुद्रपुर-काशीपुर हाईवे पर ग्राम मकरंदपुर गांव के पास लोगों ने सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रभारी थाना अध्यक्ष जीडी भट्ट व उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी थाना अध्यक्ष जीडी भट्ट ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। तब तक दर्जनों दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने लोगों से मामले की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। प्रभारी थाना अध्यक्ष जीडी भट्ट ने बताया कि मृतक की जेब से कोई पहचान पत्र नहीं मिला। मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं। मौके पर सड़क दुर्घटना का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

उधर अपर पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि घटना संदिग्ध है और मामले की जांच की जा रही है। कहा कि मामले की जांच के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर मृतक की फोटो डाली तो मृतक की पहचान ग्राम कौशलपुर गदरपुर निवासी विशाल सिंह (22) पुत्र स्वर्गीय बच्चन सिंह के रूप में हुई। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान होने के बाद कौशलपुर गदरपुर के ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में थाने पहुंच गए और विशाल की हत्या का आरोप लगाते हुए हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। मांग करने वालों में धर्मेंद्र, पंकज कुमार, सेवा सिंह, राजू सिंह, पंकज बत्रा, आदेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, प्रीत सिंह, जसवंत सिंह, यीशु कुमार, प्रीतम सिंह, जागीर सिंह, मनीष कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

गदरपुर थाने में हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

मृतक के सिर और पीठ पर हैं चोट के निशान

घटनास्थल पर पहुंचकर जब पुलिस ने युवक के शव की जांच की तो मृतक युवक के सिर और पीठ पर चोट के निशान थे। मौके के हालात से लग रहा था कि मृतक की हत्या कर शव को हाईवे के नीचे खड्डे में फेंका गया है। क्योंकि अगर मृतक को कोई वाहन कुचलता तो हाईवे पर उसका निशान जरूर मिलता।

डीजे मालिक के घर में रहता था युवक

मृतक विशाल सिंह ग्राम लंगड़ा भोज निवासी युवक का डीजे शादियों में चलाता था और उसी के घर में रहता था। युवक अपने घर बहुत कम आता जाता था। जिस जगह पर मृतक का शव मिला, उससे करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर डीजे मालिक का घर है।

रात में एक गांव में डीजे चलाने गया था विशाल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विशाल सिंह शुक्रवार की रात्रि ग्राम शिवपुरी गदरपुर में डीजे चलाने गया था। वह रात करीब 12 बजे वापस डीजे मालिक के घर लौट आया था। उसके बाद क्या हुआ उसका किसी को कुछ पता नहीं चला।

प्रेम प्रसंग के चलते हो सकती है हत्या

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विशाल सिंह का किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। हो सकता है कि इसी चक्कर में विशाल सिंह की हत्या की गई हो।

ऊंची महुवट गांव में मिला युवक का शव

खटीमा। ऊंची महुवट गांव में एक व्यक्ति का शव होने की सूचना पुलिस को मिली। जिस पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त वार्ड संख्या 10 निवासी विकास मंडल के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

ऊंची महुवट के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मानव चंद ने पुलिस को सूचना दी कि गांव में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही झनकईया थाने के उपनिरीक्षक मनोज देव टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त विकास मंडल (24) पुत्र वीशू मंडल के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह रोज की भांति शुक्रवार शाम को घर से गया था और उसके बाद वह घर नहीं लौटा। जिसका शव आज बरामद हुआ। मृतक तीन भाई और एक बहन है।

उपनिरीक्षक देव ने बताया कि वह साइकिल से गया था। यह भी बताया कि उसकी साइकिल गिरी हुई थी और वह साइकिल पर ही पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

ऑपरेशन प्रहार के तहत 8 वांछित किए गिरफ्तार

लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के साथ पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसपी ने जिले भर में ऑपरेशन प्रहार चलाने का आदेश दिया है। जिसके चलते रंपुरा पुलिस चौकी ने कई मामलों में वांछित चल रहे वारंटियों की धरपकड़ की और आठ वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

बताते चलें कि आगामी लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आते ही पुलिस प्रशासन ने भी फरार चल रहे वांछित एवं वारंटियों की धरपकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी मंजूनाथ टीसी द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अधीनस्थों को ऑपरेशन प्रहार प्रारंभ करने का आदेश दिया था। आदेश का पालन करते हुए रंपुरा चौकी पुलिस ने आबकारी अधिनियम में वांछित वारंटियों की धरपकड़ करते हुए रंपुरा वार्ड-22 निवासी रोशन लाल, वजीर कोली, प्रेम शंकर, सूरज कोली निवासी वार्ड-सात, रोहताश, विनोद कुमार, अरुण कुमार, कुलवंत सिंह निवासी फाजलपुर महरौला को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सभी वारंटी पिछले लंबे से फरार चल रहे थे। जिसको लेकर न्यायालय द्वारा वारंट भी जारी कर दिया था। पुलिस लोकसभा चुनाव और न्यायालय का आदेश का अनुपालन करती रहेगी।

अभियान

- आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने शुरू किया विशेष अभियान

पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

संवाददाता, काशीपुर

कोर्ट का फैसला

- दहेज के लिए पत्नी को गला दबाकर मारने का आरोप, कोर्ट ने 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया

अमृत विचार: दहेज के लिए पत्नी का गला दबा कर हत्या करने के मामले में काशीपुर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश रीतेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने आरोपित पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड दिया है।

बता दें कि जसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मलपुरी निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र अमरजीत सिंह ने 13 फरवरी 2020 को पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उन्होंने अपनी बहन जसवीर कौर उर्फ सिमरन कौर की शादी हरविन्दर सिंह पुत्र चरनजीत सिंह निवासी ग्राम शेरगढ बहादरनगर थाना अफजलगढ बिजनौर यूपी के साथ साल 2005 में किया था। कुछ समय बाद से ही उसकी बहन को कम दहेज लाने के लिए तंग तथा प्रताड़ित करते थे। आरोप था कि बहन को ससुराल वालों ने पूर्व में कई बार जला कर मारने का भी प्रयास किया था। 12 फरवरी 2020 को रात 8.30 बजे पुलिस से उन्हें सूचना मिली थी कि उनकी बहन जसवीर कौर की लाश महुवाडाबरा एलबीएस कालेज रोड पर निर्माणधीन पुलिया के पास गन्ने के खेत में पड़ी है। मृतका के भाई ने ससुरालियों पर उसकी बहन का गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पति हरविंदर सिंह सहित ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया था। मामले में काशीपुर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश रीतेश कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने ग्राम शेरगढ बहादरनगर थाना अफजलगढ़ बिजनौर निवासी पति हरविंदर सिंह उर्फ हैप्पी को आजीवन कारावास सुनाते हुए 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

युवक को वाहन ने कुचला, मौत

जसपुर। शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

भूपेन्द्र।

कोतवाली ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी युवक भूपेन्द्र (24) पुत्र चन्द्रपाल सिंह शुक्रवार रात्रि परिवार के साथ अपने तयेरे भाई की शादी में जसपुर-ठाकुरद्वारा रोड पर स्थित काव्या बैंक्वेट हाल में आया था। बारात में शामिल होने के बाद वापस जाते समय बैंक्वेट हाल के पास अज्ञात वाहन उसे कुचलकर फरार हो गया। उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद मृतक के भाई मनोज, चाचा राजेश सिंह ने तत्काल घटना की सूचना जसपुर पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के शव को 108 वाहन से जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया। शनिवार सुबह एसआई धीरज टम्टा ने शव पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेजा।

फर्जीवाड़ा रकम वापस मांगने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नौकरी लगवाने के नाम पर हड़पे 14 .90 लाख

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: एक युवक ने चार लोगों पर इनकम टैक्स विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 14.90 लाख की ठगी करने व रकम वापस मांगने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम रामपुर बलभद्र तहसील ठाकुरद्वारा, थाना-भगतपुर जिला मुरादाबाद निवासी अमनदीप सिंह पुत्र स्व. तेजपाल सिंह ने कोर्ट को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पिता की ग्राम कुंडा निवासी मूलचंद, रामकिशोर, ग्राम लालपुर पीपलसाना, थाना ठाकुरद्वारा निवासी यशपाल सैनी व ग्राम रतनपुरा, थाना-ठाकुरद्वारा निवासी कृपाल सिंह यादव से जान पहचान थी। आरोप लगाया कि इन लोगों ने उसके पिता को झांसे में लेकर उसकी इनकम टैक्स विभाग में नौकरी लगवाने की बात कही तथा 14,90 लाख रुपये मांगे। जिस पर उसके पिता ने नकद, खाते व ऑनलाइन के माध्यम से आरोपियों को दी थी। कहा कि 16 नवंबर 2021 को उसको लोअर डिविजन क्लर्क का डाक द्वारा एक नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। जिसकी जांच की गई तो नियुक्ति पत्र फर्जी पाया गया। जब इसकी शिकायत उसके पिता ने आरोपियों से की तो मूलचंद, यशपाल सिंह, कृपाल सिंह व रामकिशोर उसके पिता को बताया गया कि यह पत्र किसी दूसरे अभ्यर्थी का था जिसमे आपके पुत्र का नाम भूलवश दर्ज हो गया था। बाद में 02 फरवरी 2022 को उसके मोबाइल पर इनकम टैक्स इंस्पेक्टर का एक आईडी कार्ड आरटीओ नई दिल्ली से प्राप्त हुआ। जब इसकी भी जांच की गई तो यह भी फर्जी पाया गया। 26 सितंबर 2022 को उसके पिता की मृत्यु हो गई। इसके बाद जब उक्त लोगों से रकम वापस मांगी तो आरोपी उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर हड़प लिए 35 लाख रुपये

काशीपुर। एक व्यक्ति ने दो लोगों पर जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे जमीन बेचने के नाम पर 35 लाख की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। साथ ही पैसा वापस मांगने पर आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। विश्वनाथपुरम, मानपुर रोड निवासी मनवर सिंह भण्डारी पुत्र श्री पदम सिंह भण्डारी ने कोर्ट को दिये प्रार्थना पत्र में कहा कि उसकी मुलाकात ग्राम प्रतापपुर निवासी राजेश पुत्र हरसरन सिंह से हुई थी। उसने कहा कि उसकी एक जमीन कुल रकवा 2.154 हैक्टेयर ग्राम गढ़ीनेगी में है तथा व उसे बेचना चाहता है। उसकी बातों में आकर उसने राजेश व उसके साथी राजपुरम कालोनी निवासी करन सिंह नेगी पुत्र नरेन्द्र सिंह नेगी से उक्त जमीन का सौदा 88 लाख रूपये में किया तथा आरोपियों को 35 लाख की रकम दे दी। इसके बाद जब उसने जमीन का बैनामा कराने की बात की तो आरोपी टालमटोल करने लगे। जब उसने जमीन के दस्तावेजों की जांच की तो पाया उक्त जमीन राजेश के नाम पर है ही नहीं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि राजेश व करन सिंह नेगी ने कूटरचित दस्तावेज बनाकर उसकी 35 लाख रुपये की रकम हड़प ली। वहीं जब उसने रकम वापस मांगी तो, आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में भी की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक नजर

रोजगार मेले में दस अभ्यर्थियों का चयन

काशीपुर। सेवायोजन कार्यालय में आयोजित रोजगार मेले में आई कंपनी ने 10 पंजीकृत अभ्यर्थी चुने। जिनका चयन ऑनलाइन टेस्ट देने के बाद किया जाएगा। शनिवार को गुरुग्राम से मारुति सुजुकी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रतिनिधि सेवायोजन कार्यालय के रोजगार मेले में आए। कंपनी से आए एचआर दीप चंद्र ने मेले में आए 23 अभ्यर्थियों के अभिलेख जांचे व उनसे मौखिक साक्षात्कार किया। इस दौरान उन्होंने 10 अभ्यर्थियों को कंपनी में इंटर्नशिप के लिए चुना। बताया कि एक हफ्ते के भीतर चुने गए अभ्यर्थियों के ऑनलाइन टेस्ट लिए जाएंगे। जिसके बाद ही उनका चयन कंपनी में हो सकेगा। इसके लिए कंपनी 15 हजार रुपए वेतन देगी। वहां सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी दीपक वर्मा, राजेश कुमार, किशोर चंद्र रहे।

अलग-अलग मामले में तीन लोग गिरफ्तार

काशीपुर। मारपीट अवैध कच्ची शराब तथा एनआई एक्ट के अलग-अलग मामलों में पिछले लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिन्हे पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने एनआई एक्ट के मामले में जसपुर खुर्द निवासी महेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। वही अवैध कच्ची शराब के एक मामले में हरगनिया कालोनी टांडा उज्जैन निवासी विपिन कुमार और मारपीट व धमकी देने के एक मामले में खालिद कॉलोनी काशीपुर निवासी फिरोज हुसैन को गिरफ्तार किया है। तीनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया।

एक और मंडी निरीक्षक की तैनाती

काशीपुर। नवीन अनाज मंडी में नए मंडी निरीक्षक ने चार्ज संभाला है। सितारगंज मंडी से स्थानांतरित होकर आए बीसी जोशी ने पिछले महीने काशीपुर मंडी का चार्ज लिया। अब मंडी में तीन निरीक्षक तैनात हो गए हैं। नवनीत चौधरी और महेंद्र सिंह नपच्याल पहले से तैनात थे। मंडी सचिव आशा गोस्वामी ने बताया कि 24 जनवरी को बीसी जोशी ने मंडी में अपना चार्ज ले लिया है।

वारंटी किया गिरफ्तार

बाजपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में वारंटियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक बाजपुर की अगुवाई में बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस टीम द्वारा शनिवार को वारंटी ग्राम केलाबंदवारी निवासी दिनेश सिंह पुत्र गुरमीत सिंह को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष के खिलाफ रोष, धरना- प्रदर्शन किया

वायरल ऑडियो में समुदाय विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप

गुस्सा

- स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कई महिलाओं ने एसडीएम दफ्तर पर जताया आक्रोश

संवाददाता, बाजपुर

बाजपुर एसडीएम कोर्ट में धरना-प्रदर्शन करतीं समूह की महिलाएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार: भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी का एक आडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वह समुदाय विशेष के विरुद्ध गलत टिप्पणी करतीं सुनाई दे रही हैं। वहीं आडियो सामने आने के बाद समूह से जुड़ी कुछ महिलाओं ने एसडीएम दफ्तर में धरना-प्रदर्शन कर इस भाजपा नेत्री के विरुद्ध नारेबाजी की तथा कार्रवाई की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

शनिवार को काफी संख्या में महिलाएं एकत्र होकर एसडीएम कोर्ट पहुंची और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके पश्चात उपजिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में पेशकार को ज्ञापन सौंपा गया। उनका कहना था कि भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष काशीपुर उमा जोशी जबरदस्ती विकासखंड बाजपुर में मधुवन कलस्टर की अध्यक्ष बनी हैं और हम सब महिलाओं को आए दिन परेशान करती रहती हैं। महिलाएं कुछ कहती हैं तो उन्हें धमकी दी जाती है कि चाचा ग्राम्य विकास विभाग के मंत्री हैं उनसे कहकर समूह की सारी सुविधाएं बंद करवा दी जाएंगी। इतना ही नहीं अभद्र भाषा में धर्म, मजहब, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के साथ ही जातीय भेदभाव किया जाता है। ज्ञापन में जनजाति महिलाओं के हकों का हनन करने का आरोप भी लगाया गया है तथा उत्पीड़न से बचाने की गुहार लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

गुस्साई महिलाओं ने कार्रवाई न होने की दशा में विवश होकर अपने समूहों को बंद कर विकासखंड बाजपुर और मुख्यमंत्री के आवास पर धरना-प्रदर्शन एवं बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में सैयदा आमना, काजल, परवीन, जैबुल, जैनब, पूनम, मीना देवी, ममता देवी, गीता, चंद्र देवी, रेवती, संदीप, जयंद्रो, हिमानी, मीनू देवी, रेशमा, गंगा देवी, प्रेमवती, अनीता देवी, माया, पूजा, उर्मिला, पिंकी, फातमा आदि शामिल थी।

> मैं हमेशा महिलाओं के हितों के लिए कार्य करती हूं और करती आई हूं। महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के सदैव प्रयासरत रहती हूं। समूह की महिलाओं को मेरे खिलाफ भड़काया गया है। उनके खिलाफ प्रदर्शन किसी सोची समझी साजिश का हिस्सा है। मेरी राजनैतिक और सामाजिक छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है।
> **-उमा जोशी**, जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ऊधमसिंह नगर

एडवोकेट के निधन पर शोकसभा का आयोजन श्रद्धांजलि अर्पित की

काशीपुर। काशीपुर बार एसोसिएशन ने शोकसभा आयोजित कर एडवोकेट फैजान नकवी की आकस्मिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई कि इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों को दुख सहने की क्षमता प्रदान करें। फैजान नकवी की माताजी एडवोकेट संतोष नकवी भी काशीपुर में सरकारी वकील रही हैं। उनके पुत्र फैजान नकवी की मृत्यु से शोकग्रस्त सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे।

शोक सभा में बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेंद्र चौधरी, उप सचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल, प्रेस प्रवक्ता दुष्यंत चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, हरीश नेगी, आनंद स्वरूप रस्तोगी, भास्कर त्यागी एडवोकेट सहित कार्यकारिणी सदस्य कामिनी श्रीवास्तव, अर्पित सौदा, नरेश कुमार पाल, अमित गुप्ता, अमृतपाल सिंह, अविनाश कुमार, अमितेश सिसोदिया, नरदेव सिंह सैनी तथा रहमत अली खान आदि उपस्थित रहे।

कायाकल्प टीम ने किया सीएचसी का निरीक्षण

बाजपुर सीएचसी में रजिस्टरों का अवलोकन करती चिकित्सकीय टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

व्यवस्था परखी

- अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया
- रजिस्टर और दस्तावेजों का किया अवलोकन

अमृत विचार: रुद्रप्रयाग से कायाकल्प की तीन सदस्यीय टीम शनिवार को बाजपुर सीएचसी पहुंची और अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रुद्रप्रयाग की बाल रोग विशेषज्ञ महिला चिकित्सक डॉ. मोनिका राणा की अगुवाई में पहुंची टीम ने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को भी देखा और रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया।

उन्होंने सामने आई कुछ कमियों को दूर करने को निर्देश दिए हैं। बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत अस्पताल में रखरखाव, स्वच्छता एवं स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, सहायता सेवाएं एवं स्वच्छता संबर्धन तथा बाहरी सीमा दीवार, पर्यावरण-अनुकूल आदि विषयों को लेकर चल रहे कार्यक्रम के तहत यह निरीक्षण भी किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिस अस्पताल में निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सही पाई जाएंगी उन्हें चिह्नित कर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा और धनराशि भी दी जाएगी। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.पीडी गुप्ता, डिस्ट्रिक कंसलटेंट जयदीप चौहान, रूपेश ममगाई, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राएं शिक्षकों के साथ। ● अमृत विचार

16 छात्र-छात्राओं ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा

शक्तिफार्म। शक्ति शिशु उच्च प्राथमिक विद्यालय शक्तिफार्म के 16 छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 उत्तीर्ण की है। छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले में अंशिका चौबे, बरतीक सरदार, देव समद्दार, दृष्टि पोद्दार, हंसिका मल्लिक, खुशी मंडल, ममता पहाड़, मानव दास, मानसी दास, निकिता चंद, प्रिया हालदार, रिया सरकार, रोनिक विश्वास, सोनिया सरकार, विद्या विश्वास, विकास कुमार दास है। विद्यालय के प्रबंधक गोपाल सरकार, अध्यक्ष अमल चंद्र मंडल, माखन लाल मंडल, चित्तरंजन मिरबहर, शांतिराम भंडार, प्रधान अध्यापक दिनेश चंद्र शर्मा, शिवदास मजुमदार, पंकज कुमार राय, श्रीमती जयंती सरकार, प्रिया राय, सुजीत विश्वास, नारायण चंद्र राय ने छात्रों की इस सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

शिल्प हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया

काशीपुर। मुरादाबाद रोड स्थित डिजाइन सेंटर में 25 दिवसीय डिजाइन एवं तकनीकी विकास कार्यशाला आयोजित की गई है। जिसमें 26 महिलाएं व चार पुरुष भाग ले रहे हैं। मास्टर ट्रेनर मो. अतीक ने बताया कि कार्यशाला में सेंटर में पंजीकृत 30 लोगों को शिल्प हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग सिखाई जा रही है। यह कार्यशाला हस्तशिल्प सेवा केंद्र अल्मोड़ा द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसमें डिजाइनर रियाज अंसारी भी प्रशिक्षण दे रहे हैं। बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोकल स्तर पर शिल्पकारों का रोजगार बढ़ाना है। यहां प्रशिक्षण ले रही महिलाएं व पुरुष विभिन्न शिल्प हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग को सीखकर अपनी कला को निखारेंगे।

सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली बाइक रैली

संवाददाता, काशीपुर

काशीपुर में सड़क सुरक्षा माह के तहत रैली को हरी झंडी दिखाते एसपी व सीओ। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पुलिस व सामाजिक संगठनों ने बाइक व कार के माध्यम से जन जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

शनिवारी को पुलिस, सीपीयू, यातायात पुलिस व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एक बाइक व कार के माध्यम से एक जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ एसपी काशीपुर अभय सिंह व सीओ अनुशा बडोला ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली एसपी कार्यालय से मुख्य बाजार व शहर के प्रमुख जगहों से होते हुए वापस एसपी कार्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से पुलिस ने लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह चल रहा है। जिसके तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई है। कहा कि जीवन अनमोल है। सड़क पर यातायात नियमों का पालन करें। जिससे आप अपनी व अपने परिवार के साथ दूसरों के जीवन की सुरक्षा कर सकते है। वही उन्होंने सभी से यातायात नियमों के पालन करने की अपील भी की और माता पिता से नाबालिग बच्चों को वाहन न चलवाएं जाने की हिदायत भी दी।

काशीपुर में लोगों को संबोधित करते राजेश कुमार। ● अमृत विचार

आडवाणी को भारत रत्न देने के निर्णय पर जताई खुशी

काशीपुर। महुआखेड़ा गंज मंडल के दभौरा मुस्तकम शक्ति केंद्र पर पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश कुमार ने कहा कि जनसंघ के जमाने से लोग नारा देते थे अटल आडवाणी कमल निशान मांग रहा है हिंदुस्तान, मोदी ने भी प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद कहा था आज जिस मुकाम पर भारतीय जनता पार्टी है इसमें कई पीढ़ियां खब गई। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा कमलेश कुमार, धर्मवीर अरोड़ा, हरजिंदर सिंह, योगेश कुमार, चंद्रजीत सिंह, किरण पाल, सोनू सिंह, गुरविंदर सिंह, जमशेद, तरसेम सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बाजपुर में निकाली भव्य कलश यात्रा

संवाददाता, दोराहा (बाजपुर)

गांव बाजपुर में कलश शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अमृत विचार: गांव बाजपुर में ग्रामीणों के सहयोग से शिवलिंग स्थापना दिवस के उपलक्ष में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता पूर्व राज्यमंत्री राजेश कुमार, ग्राम प्रधान सचिन राणा ने कन्या के हाथ से फीता काटकर किया।

समाजसेवी कुलदीप शर्मा की अगुवाई में कलश शोभायात्रा शिव मंदिर से आरंभ होकर गांव के विभिन्न स्थानों से होती हुई वापस मंदिर में संपन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर जल का कलश व नारियल उठाए चल रही थीं। इस दौरान श्रद्धालु डीजे और ढोल-नगाड़ों पर भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते चल रहे थे। इस दौरान भगवान भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। लोगों ने कलश यात्रा का फूल बरसाकर जगह-जगह स्वागत किया। समाजसेवी कुलदीप शर्मा ने बताया कि 7 वर्षों से प्रत्येक वर्ष शिवलिंग की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम वासियों के सहयोग से कलश शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि रविवार को हवन यज्ञ के बाद दोपहर 1 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में प्रियांशु शर्मा, गजेंद्र सिंह, रोहित सैनी, विशाल शर्मा, शंकर सैनी, देव सिंह, राजकुमार, आदित्य शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, पूनम शर्मा, रेनू शर्मा, आशा देवी, विमला देवी आदि रहे।

ससुराल वालों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: विवाहिता ने पति व अन्य ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न करते हुए गाली-गलौज, मारपीट करने एवं तलाक देने का आरोप लगाकर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला आदर्शनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी नगमा पुत्री मो.यामीन ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 2 अगस्त 2021 को मोहल्ला अल्ली खां काशीपुर निवासी रईस अहमद पुत्र सईद अहमद के साथ हुई थी। मंगनी में पति रईस अहमद के साथ ही सास-ससुर, देवर, ननदें आदि को सोने की अगूठियां, कीमती कपड़े, 1,50,051 रुपये की नकदी एवं शादी में बाइक, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन, अलमारी, डबल बैड, सोफा सेट, बर्तन तथा काफी अन्य घरेलू सामान, सोने-चांदी के जेवरात आदि दिए थे। आरोप है कि शादी के बाद से आए दिन मारपीट की गई तथा शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न किया गया। तीन जनवरी से वह अपने पिता के घर सुल्तानपुर पट्टी में निवास कर रही है।

बीते 2 फरवरी की सायं करीब पांच बजे पति सुल्तानपुर पट्टी आ धमका और माता-पिता की गैर मौजूदगी में तीन बार तलाक बोल दिया। विरोध करने पर नगमा व उसके भाई नईम के साथ मारपीट की गई तथा लोगों को एकत्र होता देख मौके से फरार हो गए।

आक्रोश रायसिखों, मजहबी सिखों व पर्वतीय सेवादारों को गुरुद्वारे से निकालने संबंधी ऑडियो वायरल होने से गुस्सा

रायसिखों ने निदेशक को बर्खास्त करने की मांग उठाई

संवाददाता, नानकमत्ता

नानकमत्ता में बैठक करते राय सिख और मजहबी सिख। ● अमृत विचार

अमृत विचार: राय सिखों के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने तथा गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब की सेवा करने वाले रायसिख सेवादारों को निकालने संबंधी वायरल ऑडियो पर राय सिखों ने कड़ा आक्रोश जताया है। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से ऐसा बयान देने वाले डायरेक्टर को कमेटी से बर्खास्त करने की मांग की है।

शनिवार को क्षेत्र के राय सिख, मजहबी सिखों की बैठक गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुई। बैठक में कहा गया कि बीते दिवस गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब की प्रबन्धक कमेटी के एक डायरेक्टर हरभाग सिंह का एक ऑडियो वायरल हुआ है। आरोप है उसमें कहा गया है कि नानकमत्ता साहिब में राय सिख, मज़हबी सिख और पर्वतीय समाज के जो सेवादार हैं उनको गुरुद्वारे से निकाल दो जिससे गुरुद्वारा सही तरीके से चल सके। जाट सिख ही गुरुद्वारा चला सकें। इस ऑडियो के सोशल मीडिया में वायरल होने का समाज के लोगों ने जमकर विरोध किया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा भी पंजीकृत करा दिया।

राय सिख व मजहबी सिख समाज के लोगों ने गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में बैठक कर कमेटी के डायरेक्टर की इस हरकत का जमकर विरोध किया और प्रबन्धक कमेटी के आरोपी डायरेक्टर को कमेटी से बर्खास्त करने की भी मांग की। बैठक में कहा गया कि 11 फरवरी को फिर बैठक नानकमत्ता साहिब में होगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के डायरेक्टर गुरुदेल सिंह, एडवोकेट सतपाल सिंह, किसान आयोग के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री राजपाल सिंह, कुलवंत सिंह, दर्शन सिंह, कश्मीर सिह, कश्मीर सिंह, त्रिलोक सिंह, सुखविन्दर सिंह आदि शामिल रहे।

गुरु वंदन, छात्रों का अभिनंदन

बाजपुर जीजीआईसी में शिक्षिका इंदिरा पांडेय को सम्मानित करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: भारत विकास परिषद शाखा बाजपुर द्वारा गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन का कार्यक्रम राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित किया गया जिसमें दसवीं कक्षा में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कविता पुत्री महेंद्र एवं 12वीं कक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कविता पुत्री शंकर सिंह को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अध्यापिका इंदिरा पांडेय प्रवक्ता को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष मनोज जैन, सचिव डॉ. धीरज जैन, कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या मीता बोस, इंदिरा पांडेय, परमजीत कौर, शशि जोशी, गीतांजली, सुनीता डोबाल, शशिवाला, विमला रावत, पूजा अग्रवाल, अर्चना सिंह, सरिता, विमला रावल, अंजली, नितेश, सुजाता, प्रीति, तरुना जोशी, सुनीता कंबोज, संजीव कश्यप, डॉ. सुरेंद्र जैन, तृप्ति कश्यप मौजूद रहे।

रेलवे की टीम ने जेसीबी की मदद से हटाया अतिक्रमण

कई अन्य को एक सप्ताह के भीतर कब्जा हटाने का अल्टीमेटम

कार्रवाई

- अतिक्रमण की शिकायत पर पहुंची रेलवे की टीम
- रेलवे विभाग की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

सुल्तानपुर पट्टी में रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाती जेसीबी ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर में रेलवे विभाग की की टीम ने जेसीबी की मदद से रेलवे विभाग की भूमि से अतिक्रमण को हटा दिया। जबकि अन्य अतिक्रमणकारियों को रेलवे विभाग की टीम ने एक सप्ताह में अतिक्रमण को स्वयं हटा लेने की चेतावनी दी। रेलवे विभाग की कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

बता दें कि शिकायतकर्ता ने रेलवे विभाग के अधिकारियों को शिकायत कर रेलवे की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करने की बात कही थी। अतिक्रमण की सूचना मिलने के बाद काशीपुर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर अखिलेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। जिसमें कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जाना सामने आया। इसके बाद रेलवे विभाग की टीम ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया। जबकि अन्य लोगों को एक सप्ताह के भीतर रेलवे की भूमि को खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान काशीपुर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर अखिलेश कुमार ने कहा कि रेलवे विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसके चलते कार्यवाही अमल में लाई गई है। उन्होंने कहा कि रेलवे विभाग की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। मौके पर आरपीएफ प्रभारी रणदीप कुमार बालकिशन और देवेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

महिला को कोर्ट ने किया तलब

काशीपुर, अमृत विचार : अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने शादी के बाद नकदी और जेवरात लेकर फरार हुई महिला को न्यायालय में तलब किया है।

मोहल्ला जसपुर खुर्द, आनंद विहार कालोनी निवासी कमलेश सिंह ने अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, भारत भूषण व मुनिदेव विश्नोई के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें कहा कि उसका विवाह 25 अगस्त 2020 को अल्मोड़ा के नैनी जागेश्वर जिला अल्मोड़ा निवासी राधिका से हुआ था।

आरोप लगाया कि शादी के बाद से राधिका उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देती थी। 29 जून 2023 को राधिका करीब तीन लाख रुपये के जेवर और दो लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गई। आरोप लगाया कि राधिका की यह चौथी शादी है और उसने अपने पूर्व पतियों से तलाक नही लिया है। बिना तलाक लिये उसने धोखा देकर उससे शादी की।

मामले की तहरीर पुलिस को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। न्यायालय ने सुनवाई के बाद आरोपी राधिका को न्यायालय में तलब किया है।

397 कैडेट्स दे रहे हैं 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : सिटी कॉन्वेंट स्कूल में 78 यूके एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में दो दिवसीय "ए" सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 12 विद्यालयों से 397 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।

एनसीसी बटालियन हल्द्वानी के कर्नल कुंदन शर्मा के नेतृत्व में दो दिवसीय "ए" सर्टिफिकेट परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के प्रथम दिन शनिवार को कैडेट्स की शारीरिक दक्षता की परीक्षा ली गई। जिसमें कैडेट्स से ड्रिल, वेपन, मैप रीडिंग, क्षेत्र कौशल तथा युद्ध कौशल से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिनका कैडेट्स द्वारा जवाब दिए गए। परीक्षा में उधमसिंह नगर के 12 विद्यालयों के 397 कैडेट्स ने परीक्षा दी।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, सूबेदार दिनेश सिंह न्याल, नायब सूबेदार आलम सिंह, हवलदार गोकुल सिंह, पुष्कर सिंह, तेज सिंह कृष्णा सिंह, विद्यालय के आर्मी एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट प्रकाश सिंह बिष्ट, आर्मी एनसीसी एएनओ थर्ड ऑफिसर नीता उपाध्याय आदि थे।

खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल में परीक्षा देते एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

ग्रामीणों को जागरूक करते जीआईसी के एनएसएस शिविरार्थी। ● अमृत विचार

एनएसएस शिविरार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

खटीमा : अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन शिविरार्थियों ने गोटिया इस्लामनगर में पर्यावरण और नशा मुक्ति को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली। उन्होंने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और पर्यावरण की रक्षा करने संबंधी जानकारियां भी दी। थारू इंटर कॉलेज में छात्रों के सात दिवसीय शिविर आज एनएसएस के छात्रों ने सुबह उठकर सबसे पहले योगा किया। उसके बाद दैनिक कार्यों से निवृत होकर स्लोगनों से लिखी तख्तियों को लेकर गोटिया और इस्लाम नगर में रैली निकाली। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आरके कटियार, एनसीसी अधिकारी एनएस रौतेला, संतोष कुमार, हरपाल सिंह आदि थे।

सात छात्रों का दो छात्रवृत्ति के लिए हुआ चयन

काशीपुर : पं. गोविंद बल्लभ पंत इंटर कालेज के सात छात्र-छात्राओं का चयन राष्ट्रीय साधन सह योग्यता व डॉ. शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति के लिए हुआ। बता दे कि बीती 8 दिसंबर 2023 को राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति की लिखित परीक्षा हुई थी। जिसमें ब्लॉक के कक्षा आठ के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। जिसमें से पं गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज के 6 छात्र दीक्षा चंद्रा, देवांक सिंह, गौरी सिंह, काजल, सोनालिका व वंश कश्यप का चयन राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति के लिए और एक छात्र पंकज सिंह का चयन डॉ. शिवानन्द नौटियाल छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। अब अगले सत्र से इन छात्र- छात्राओं को केन्द्र सरकार की ओर से प्रति छात्र 12 हजार रुपए वार्षिक मिलेंगे। इन छात्रों में स्कूल की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रबन्ध संचालक रणजीत सिंह नेगी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

प्रेस वार्ता करते सनातन एकम भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन।

राम शिला दर्शन कार्यक्रम 6 फरवरी को

गदरपुर : सनातन एकम भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने प्रेस वार्ता में बताया कि रामशिला दर्शन कार्यक्रम 6 फरवरी को बुद्धि धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने हिंदू समाज के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। डॉ. महाजन ने बताया कि त्रेता कल में जिन शिलाओं (पत्थरों) से रामसेतु का निर्माण किया गया था। वह शिला दर्शन कार्यक्रम सुहावाराम भुडडी धर्मशाला में 6 फरवरी को 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रात: 11 बजे पंडित बाबूराम द्वारा पूजन कर शिलाओं को दर्शनों के लिए आम लोगों के लिए रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन शिला पत्थरों से भगवान राम की सेना में नल नील ने समुद्र में पुल तैयार किया था वह शिला पत्थर धर्मशाला में पानी में तैरते हुए मिलेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आरके महाजन, अमरीक सिंह, राजकुमार नैयर, पूजा पांडे, नेपाल दिवाकर, गोपाल कश्यप, विजया पांडे मौजूद थे।

सास-पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

सौंपी तहरीर

- शादी के बाद 50 हजार रुपये मांगने का आरोप
- पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर

अमृत विचार: रंपुरा चौकी इलाके की रहने वाली एक विवाहिता ने पति व सास पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। आरोप था कि शादी के बाद पचास हजार रुपये नहीं देने पर शारीरिक और मानसिक यातनाएं देने लगे और विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार रंपुरा बस्ती की रहने वाली प्रीति का कहना था कि 11 दिसंबर 2023 को उसकी शादी वहीं के रहने वाले एक युवक से हुई थी। शादी में मायके वालों ने हैसियत के अनुसार कन्या धन दिया था। आरोप था कि शादी के कुछ दिन बाद पति व सास 50 हजार रुपये की मांग करने लगे। जब असमर्थता जताई तो शारीरिक व मानसिक यातनाएं देनी शुरू कर दी। पत्नी का आरोप था कि पति नशेड़ी प्रवृत्ति का है और कई बार चोरी के मामलों में जेल भी जा चुका है। बावजूद वह परिवार को बसाने का प्रयास करती रही।

आरोप था कि 12 दिसंबर को ससुरालियों ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

चेक बाउंस के आरोपी को चार माह की सजा

काशीपुर, अमृत विचार: चेक बाउंस के केस में अदालत ने आरोपी को चार माह के कारावास और 6.10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। महुआखेड़ागंज निवासी शकुंतला पत्नी करतार सिंह ने अपने अधिवक्ता अंबरीश अग्रवाल के माध्यम से परिवाद प्रस्तुत किया था कि ग्राम तार का मंझरा, स्वार, रामपुर निवासी जयप्रकाश पुत्र छोटे ने उससे वर्ष 2019 को 5.70 लाख रुपये उधार लिए थे। तकादा करने पर उसने जुलाई, 2020 को एक चेक दिया। जो बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी को कोर्ट में तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों को देखते हुए अदालत ने आरोपी जयप्रकाश को एनआई एक्ट का दोषी पाया। अदालत ने आरोपी को चार माह के कारावास और 6.10 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पालिका ने हर वार्ड में बिना भेदभाव के कराए विकास कार्य: गुरजीत सिंह

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा है कि उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए। हर चौखट तक विकास की किरण को पहुंचाने के लिए पूरा पालिका बोर्ड संकल्पबद्ध है।

शनिवार को नगरपालिका में पत्रकारों से वार्ता करते हुए निवर्तमान चेयरमेन गित्ते ने कहा कि बाजपुर का चहुमुंखी विकास कुछ लोगों को पच नहीं रहा है और वह पालिका पर बेबुनियाद व अनर्गल आरोप लगाकर दुष्प्रचार कर रहे हैं। पूरे पालिका परिवार द्वारा पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ बाजपुर वासियों की सेवा की गई। कोरोना काल व बाढ़ के दौरान भी पालिका के प्रतिनिधि और कर्मचारी जान जोखिम में डाल नगरवासियों की सेवा में जुटे रहे।


नगरपालिका में पत्रकारों से वार्ता करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

कहा कि विकास व स्वच्छता में बाजपुर पालिका पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान पर है। सेवानिवृत्त लिपिक प्रकरण के बावत पूछने पर चेयरमैन गित्ते ने कहा कि नगर पालिका के सेवानिवृत्त लिपिक कैलाश चंद्र जोशी के अनुभवों का पालिका बोर्ड की सहमति पर लाभ लिया जा रहा है। चूंकि पालिका में कई पद रिक्त हैं जिसके चलते कार्य व्यवस्था में कुछ माह के लिए कैलाश चंद्र जोशी को आउटसोर्स के माध्यम से रखा गया है और इसका प्रस्ताव बोर्ड में पारित है। इसकी सूचना शहरी विकास निदेशालय के निदेशक को भी प्रेषित की गई है। इसमें किसी भी प्रकार की कोई नियुक्ति नहीं की गई है और न ही पालिका में कोई भ्रष्टाचार हुआ है। पालिका पर लगाये गए सारे आरोप बेबुनियाद व निराधार हैं।

किच्छा स्थित जीजीआईसी में अतिथियों के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

जीजीआईसी में छात्राओं को वितरित किए जूते

किच्छा : नगर स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में संभ्रांत नागरिकों द्वारा छात्राओं को ठंड से बचाव के लिए जूते वितरित किए गए। इस मौके पर अलग-अलग कक्षाओं की पांच दर्जन पात्र छात्राओं को वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश गोयल ने सपरिवार पहुंचकर जूते वितरित किए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश गोयल, बनारसी दास गोयल, शोभा गोयल, कंचन गोयल एवं प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता यादव ने छात्राओं को जूते वितरित किए। इस मौके पर समाजसेवी प्रकाश गोयल ने कहा कि सुविधाओं के अभाव में कोई भी बालिका शिक्षा से वंचित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बालिकाएं देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को उज्जवल बनाने के उद्देश्य से उनके द्वारा यह छोटा सा प्रयास किया गया है। प्रधानाचार्या सुनीता यादव ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका डॉ.अंजू सक्सेना ने किया। मौके पर नीता सहगल, डॉ. वीणा पाठक, शिखा चौधरी, कविता, रीता आर्य, सुनीता राम सिंह आदि मौजूद रहे।

खटीमा पालिका का सीमा विस्तार होने पर भाजपाइयों ने जताया हर्ष

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हुई प्रदेश की कैबिनेट बैठक में खटीमा नगर पालिका के सीमा विस्तार का प्रस्ताव पारित होने पर मुख्य चौक पर आतिशबाजी करते हुए मिष्ठान वितरण किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व नेतृत्व में मुख्य चौक पर आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण के बाद लोनिवि में नगर अध्यक्ष जीवन धामी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित गई। बैठक में रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि नगर पालिका का विस्तार कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा की क्षेत्र की जनता को नववर्ष का तोहफा दिया है। जिसके लिए हम आभार प्रकट करते हैं। संचालन महामंत्री मनोज वाधवा ने किया। इस अवसर पर संतोष गौरव, तारिक मलिक, मस्जिद कमेटी के सदर कामिल खान, भवानी भंडारी, प्रकाश शर्मा, प्रदीप गुप्ता, जावेद रिजवी, चंदन सिंह बिष्ट, ईश्वर भट्ट, दीपक सिंह, अमन अंसारी, राजू कुरैशी, पुष्कर सिंह बोरा, लक्ष्मण सिंह, दया किशन जोशी, दीपक धामी, सूरज सिंह धामी, विशाल चौहान, रजत गंगवार, विवेक गुप्ता, जितेंद्र सिंह, हेमंत कुमार, हाफिज रहमान, नीरज रस्तोगी, कमल रस्तोगी, दीपक गुप्ता, शुभम पटवा रहे।

खटीमा में बैठक कर मुख्यमंत्री का आभार जताते भाजपाई। ● अमृत विचार

भारामल मंदिर में भंडारा आज

खटीमा, अमृत विचार: बाबा भारामल मंदिर के महंत ब्रह्मलीन हरि गिरि महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पुलिस परिवार ने रविवार को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए संयोजक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा है कि दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है।

बता दें कि एक माह पूर्व बाबा भारामल मंदिर के महंत हरि गिरि महाराज व एक सेवादार की हत्या कर दी गई थी। भारी मशक्कत के बाद पुलिस ने हत्यारों को पकड़ने में सफलता हासिल करते हुए एसएसपी मंजूनाथ ने हत्याकांड का खुलासा किया था। खुलासा करते हुए उन्होंने पुलिस परिवार की ओर से भारामल मंदिर में भंडारा करने की घोषणा की थी। जिसके तहत यह आयोजन किया जा रहा है।

निकाह का झांसा देकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में निकाह का झांसा देकर युवक एक वर्ष तक युवती का शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दुष्कर्म के फरार आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

विगत दिनों एक युवक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बीते 20 जनवरी को उसकी बहन घर पर अकेली थी। इसी दौरान ग्राम रजपुरा, थाना बहेड़ी, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी शाकिर घर में घुस गया और पीड़ित की बहन के साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया और बताने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। पुलभट्टा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक दीपा अधिकारी को सौंपी। आरोपी शाकिर को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम नौली तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष भट्ट के अनुसार आरोपी शाकिर ने बताया कि वह करीब 1 वर्ष से उसकी तथा युवती की दोस्ती है। इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध हो गए। पुलिस के अनुसार आरोपी शाकिर घटना के दिन पीड़िता के घर गया था। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट के साथ एसआई पंकज कुमार, उपनिरीक्षक दीपा अधिकारी, कांस्टेबल इंद्र प्रकाश शामिल रहे।

जागरूकता दिनेशपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस ने गोष्ठी का किया आयोजन, जागरूकता रैली भी निकाली

सीओ ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : पुलिस ने 34 वा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत किड्स पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पंतनगर सीओ तपेश चंद ने कहा 34 वा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी से 14 जनवरी तक अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं व लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभियान नगर व ग्राम पंचायत स्तरो पर जागरूक रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। सीओ तपेश चंद ने यातायात नियमों का पालन करते हुए ग्रीन व रेड लाइट के सिग्नल को ध्यान में रखते हुए दुपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर चलने एवं फोर व्हीलर (कार) चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने संबंधी छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा पुलिस टीम समय-समय पर चैकिंग अभियान के माध्यम से आप सब लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए चालान काटकर जागरूक करती है। नाबालिग बच्चों द्वारा बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभिभावकों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए 25 हजार का जुर्माना रखा गया है। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान, एसएसआई संतोष उप्रेती, एसआई दरवार सिंह, कमलेश नेगी आदि सहित छात्र छात्राएं मौजूद थी।

दिनेशपुर किड्स पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित गोष्ठी में मौजूद छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार

सेवानिवृत्ति पर फौजी हरीश का स्वागत

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: शनिवार को नागा रेजीमेंट में 24 वर्ष की देश सेवा देने के बाद सेवानिवृत हुए हवलदार हरीश सुयाल का गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व कै.धन सिंह कोरंगा एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने भव्य स्वागत किया।

रामलीला मैदान चक्कीमोड़ से ढोल- नगाड़ों व काफिले के साथ उनके निवास दलीपनगर तक पहुंचा। सैनिक का ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। सैनिक हरीश सुयाल के सकुशल घर लौटने पर पिता राधाकृष्ण सुयाल, माता माधवी देवी व धर्मपत्नी कमला सुयाल ने स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की व महिपाल सिंह कोश्यारी, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू, सूबेदार दुर्गा सिंह राणा, कूल्हा उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, कैलाश पाठक, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, रमेश कन्याल, दरपान सिंह देऊपा, दान सिंह बड़ती, खुशाल सिंह बोरा, दान सिंह कार्की, राजेंद्र सिंह पानू, भुपाल सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, कुंदन सिंह खनका, भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू रहे।

सेवानिवृत होकर घर आ रहे सैनिक हरीश सुयाल का स्वागत करते पूर्व सैनिक।

सनातन प्रवाह है भारतीय संस्कृति

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है।

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था,लेकिन उनकी पार्टी के ही बंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डी. के. सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निंदा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है,लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता।

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' हैं। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शांति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखंड श्रद्धा है।

भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर-दक्षिण या पूरब-पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने संपूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ''पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे,पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वंदे मातरम है। भारती की कविताओं में सप्तसिंधु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है।

भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है,लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे। भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के,लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चार धामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारंभिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं।

देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं। कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डी.एम.के. के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है,लेकिन राष्ट्रीय एकता अखंडता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है। अलग देश की मांग की धमकी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। दक्षिण भारत के सैकड़ों विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता के गीत गाए हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने करोड़ों नौजवानों को प्रेरित किया था। मूलभूत प्रश्न है कि क्या डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को भी उत्तर दक्षिण की सीमा में विवेचन का विषय बनाया जाए? क्या प्रख्यात शिक्षाविद राजगोपालाचारी को भी दक्षिण तक सीमित कर दिया जाए? क्या शंकराचार्य और रामानुज को भी दक्षिण की सीमा में ही गिना जाए? यह आश्चर्यजनक है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बाद भी हमारे राजनेता धौंस धमकी की भाषा बोलते हैं और राष्ट्रीय एकता सम्प्रभुता को ठेंगे पर रखते हैं।

राष्ट्रीय एकता और सम्प्रभुता को लेकर एक दृष्टि कांग्रेस और डी.एम.के. की है और एक दृष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। कांग्रेसी दृष्टि में अलग देश की धमकी का अपराध भी राजनीतिक कार्यवाही है। वही मोदी की उपस्थिति में काशी में लगभग डेढ़ हजार तमिल भाषी विशिष्टजनों के समागम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता की बात कही थी। काशी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण शक्ति केन्द्र है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि देश की राष्ट्रीय एकता का मूल तत्व सांस्कृतिक एकता है। समूचे देश के लोग इस धमकी से गुस्से में हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

गवर्नरों के रोल और दीनदयाल के बोल

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

संघ,जनसंघ और भाजपा का जहां भी जिक्र आयगा। वहां पं.दीनदयाल उपाध्याय का नाम बड़े आदर से स्मरण किया जाएगा। वे इन संगठनों के शिखरस्थ महामानवों में से थे,जो नीति और सिद्धांत की वेदी पर पद को ठुकराने वाले जाने जाते हैं। जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए, 28 दिसंबर 1967 को कालीकट (केरल) में पार्टी के अधिवेशन में दिया गया उनका भाषण एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसमें उन्होंने तमाम मुद्दों के साथ गवर्नरों की भूमिका पर भी उंगली उठाई थी और उन्हें केन्द्रस्थ सरकार के इशारों पर चलने वाला बताकर, इन पदों पर ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किए जाने पर बल दिया, जो स्व-विवेक से काम करें और प्रदेश या देश की सरकार के हाथ के उपकरण न बने। कांग्रेस या यूपीए शासन काल के इन पदाधिकारियों ने खुलकर केंद्र के एजेंट के रूप में काम किया,लेकिन अब तो 10 साल से उपाध्याय जी के ही उत्तराधिकारियों की सरकार केंद्र में शासन कर रही है। उसके लिए तो दीनदयाल जी की वाणी वेद, पुराण तुल्य ही होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। कर ये भी वैसा ही रहे हैं। लगता है गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "पर उपदेस कुसल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे" एकदम सही है। दो ताजे उदाहरण देखिए। विगत हफ्ते देश में दो सरकारें परिवर्तित हुईं। बिहार और झारखंड। बिहार का परिवर्तन केंद्र में सत्तासीन भाजपा के अनुकूल होने जा रहा था,तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के चंद घंटे बाद ही बिना किसी किंतु-परंतु के उन्हें पुनः शपथ दिला दी गई। उन्होंने जैसा कहा,ज्यों का त्यों मान लिया गया। हालांकि उनका बहुमत डावॉडोल है। एक सप्ताह होने जा रहा है,अभी विभागों का वितरण नहीं हो पाया है और बहुमत सिद्ध करने की तारीख टाली जा रही है। एक सहयोगी जीतनराम माझी तेवर दिखा रहे हैं। इस हेतु 5 फरवरी नियत थी, किंतु अब गवर्नर साहब ही कह रहें हैं कि उन्हें समय नहीं है। यानी वे एकाध घंटे अभिभाषण पढ़ने विधानसभा नहीं आ सकते। अतः यह तारीख 12 फरवरी कर दी गई। है न खुला फेवर! अब इस अवधि में जितनी चाहो 'हार्स ट्रेडिंग' कर लो। दूसरा उदाहरण झारखंड का है,जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। अतः उन्होंने विधायक दल का दूसरा चुनाव दिया और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे जेल भेज दिए गए। नए चुने गए नेता चंपई सोरेन अपने दल और गठबंधन के विधायकों के समर्थन पत्र लेकर राज्यपाल से 31 जनवरी को मिले और सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत कर दिया। राज्यपाल ने उनसे सरकार बनाने को न कहकर इंतजार करने को कहा। कारण कि चम्पई सोरेन भाजपा के विरोधी गठबंधन के हैं। अगले दिन पहली फरवरी को दिन भर गहमागहमी रही। मीडिया के समक्ष विधायक उपस्थित हुए। राज्यपाल के दरवाजे पर धरने पर बैठने की धमकी दी। शाम पांच बजे फिर चम्पई गवर्नर हाउस पहुंचे,उनसे कहा गया कि प्रकरण पर विधिक राय ली जा रही है। मतलब साफ था कि भाजपा,जो वहां विपक्षी है,को मौका दिया जा रहा था कि विधायकों का अश्व व्यापार कर लो। अंततः जब बात नहीं बनी, तो रात 11 बजे चम्पई को सरकार बनाने का आमंत्रण पत्र मिला और अगले दिन 2 फरवरी को शपथ ग्रहण हुआ। पर्दे के पीछे खरीद फरोख्त की कोशिशें अब भी जारी हैं,क्योंकि चम्पई को बहुमत सिद्ध करने को कहा गया है। भय वश चम्पई सोरेन ने अपने विधायक चार्टर्ड प्लेन से कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेज दिए हैं। इस तरह स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है।

दीर्घकालिक आर्थिक खाके को दर्शाता अंतरिम बजट

प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

चुनावी वर्ष में प्रस्तुत केंद्र सरकार का अंतरिम बजट लोक लुभावन घोषणाओं के बजाय अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। बजट के प्रावधानों में सरकार का आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बजट में सरकार की स्वस्थ,संपन्न एवं शिक्षित (हेल्दी, वेल्दी और वाइज) समाज के निर्माण का संकल्प नजर आता है। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए नीतिगत सुधारों एवं आर्थिक विकास के कदमों विशेष तौर से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति से जीडीपी की दृष्टि से भारत आज दस वर्ष में 10 वें स्थान की अर्थव्यवस्था से पांचवे स्थान पर पहुंचा है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीडीपी को सरकार की गवर्नेंस नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया,उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी (गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस है) सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए और विकसित भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह अंतरिम बजट मजबूत और विकसित भारत के सपने को अमली जामा पहनाने की ओर एक पड़ाव समझा जा सकता है।

बजट में देश की चारों प्रमुख स्तंभों युवा,गरीब, किसान एवं महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए आवश्यक प्रावधानों को तरजीह दी गई है,क्योंकि चार जातियों के विकास से देश के प्रत्येक नागरिक का कल्याण स्वाभाविक है। इससे स्पष्ट है कि यह बजट आम नागरिक को केंद्र में रखकर बनाया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में नए मेडिकल कॉलेज खोलने,नए एम्स खोलने,आयुष्मान योजना का विस्तार,मौजूदा अस्पतालों की सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचे। उसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में 2.30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर कार्यरत आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को देने का निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की प्रभावी योजना है।

बजट में पूंजीगत व्यय की 11.1 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान होने से रेल,सड़क, वायु परिवहन, ऊर्जा इत्यादि के ढांचागत विकास को गति मिलने एवं औद्योगिकरण की राह आसान होने के आसार हैं,जो रोजगार के नए विकल्प खुलेंगा। कृषि के लिए 1.27 लाख करोड़ से अधिक रुपये का प्रावधान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी सेक्टर जैसे- पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन, मधु पालन आदि को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के बजट में 26000 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है।

यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार की तलाश में हो रहे पलायन को रोकने में सहायक होगा। हालांकि यदि हिमालयी व कोस्टल क्षेत्रों के सीमांत किसानों की कृषि कार्यों को इससे जोड़ा जाता तो यह योजना अधिक कारगर रहती। उद्यमिता के विकास पर बजट का खास फोकस है,छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 50 वर्ष तक की अवधि के लिए ब्याज रहित ऋण का प्रावधान होने से युवा स्वरोजगार की ओर प्रेरित होंगे जिससे औद्योगिकरण को गति प्राप्त होगी। स्कूली शिक्षा के लिए बजट में 19.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सहायता होगी साथ ही प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, पीएम उषा, पीएम श्री आदि योजनाओं के तहत बजट आवंटन होने से शिक्षित समाज के निर्माण का सपना साकार होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। क्योंकि शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर बजट में विशेष फोकस किया गया है। यह देश को नॉलेज अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। रेलवे के तीन कॉरिडोर विकसित होने, चालीस हजार नए रेल बगियां के निर्माण, नई मेट्रो लाइन का विस्तार होने से औद्योगिक उत्पादों का वितरण एवं विपणन सुगम होगा।

इस प्रकार की सुविधा आम व्यक्ति के रोजमर्रा की दिनचर्या को आसान बनाएगी और नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इसके साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयात-निर्यात प्रभावी तरीके से संचालित करना आसान होगा। लगातार बढ़ते आयकर एवं जीएसटी संग्रह के बावजूद बजट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में अधिक फेरबदल न करके आयकर के स्लैब में भी परिवर्तन नहीं किया जाना वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से देखा जा सकता है। यह कदम सरकार आत्मविश्वास को दर्शाता है और इससे राजकोषीय घाटे को कम करने में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत तक लाने का है,जो इन प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। बजट के प्रावधान सरकार की दीर्घकालीन,स्थाई एवं मजबूत आर्थिक नीतियों को प्रदर्शित करती है।

समाज की मशाल



हफीज किदवई
लेखक

इमाम जाफर अल सादिक हजरत अली की चौथी पीढ़ी में थे। उनके वालिद इमाम मोहम्मद बाकर खुद वैज्ञानिक थे और मदीने में अपना कॉलेज चलाते हुए सैंकड़ों बच्चों को पढ़ाते थे। अपने पिता के बाद जाफर अल सादिक ने यह काम संभाला और अपने शागिर्दों को कुछ ऐसी बातें बताईं,जो इससे पहले किसी ने नहीं बताई। उन्होंने अरस्तू की चार मूल तत्वों की थ्योरी से इंकार किया और कहा कि मुझे हैरत है कि अरस्तू ने कहा कि दुनिया में केवल चार तत्व हैं,मिट्टी, पानी, आग और हवा। मिट्टी खुद तत्व नहीं है,बल्कि इसमें बहुत सारे तत्व हैं।

इसी तरह जाफर अल सादिक ने पानी, आग और हवा को भी तत्व नहीं माना। हवा को भी तत्वों का मिश्रण माना और बताया कि इनमें से हर तत्व सांस के लिए जरूरी है। मेडिकल साइंस में इमाम सादिक ने बताया कि मिटटी में पाए जाने वाले सभी तत्व मानव शरीर में भी होते हैं। इनमें चार तत्व अधिक मात्रा में आठ कम मात्रा में और आठ अन्य सूक्ष्म मात्रा में होते हैं। उन्होंने बताया,"जो पत्थर तुम सामने गतिहीन देख रहे हो,उसके अंदर बहुत तेज गतियां हो रही हैं। उसके बाद कहा "यह पत्थर बहुत पहले द्रव अवस्था में था। आज भी अगर इस पत्थर को बहुत अधिक गर्म किया जाए तो यह द्रव अवस्था में आ जाएगा। ऑप्टिक्स का बुनियादी सिद्धांत प्रकाश जब किसी वस्तु से परिवर्तित होकर आंख तक पहुंचता है तो वह वस्तु दिखाई देती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ब्रह्मांड में कुछ भी स्थिर नहीं है। सब कुछ गतिमान है।

ब्रह्मांड के बारे में एक रोचक थ्योरी उन्होंने बताई कि ब्रह्मांड हमेशा एक जैसी अवस्था मं नहीं होता। एक समयांतराल में यह फैलता है और दूसरे समयांतराल में यह सिकुड़ता है। उनके मशहूर शागिर्दों में जाबिर इब्ने हय्यान, इमाम अबू हनीफ, मालिक इब्न अनस थे। जिन रवायतो को आप मजाक बताते हैं,उन्हीं ने आज उनको जिंदा रखा है वरना ढूंढते रहते अरबी फारसी की किताबों में। कई बार रवायतें इसीलिए डाली जाती हैं कि शख्सियतें और उनके काम पीढ़ी दर पीढ़ी नीचे पहुंच जाएं। यह तरीके वोह नहीं समझेंगे जो एक झटके में सब खत्म कर देना चाहते हैं। हम सभी धर्म के लोगों से कहते हैं कि अपने बीच से अच्छे लोगों के किस्से आम करो। वह ही समाज की मशाल हैं। हमें भी इमाम जाफर ही रास्ता दिखाएंगे।

निभाएं अच्छे नागरिक का फर्ज

पूजा गुप्ता
मिर्जापुर

भारत में सबसे बड़ी समस्या का कारण यदि कुछ है तो वह है कचरा प्रबंधन। विदेशों में तो साफ सफाई का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है,लेकिन यदि बात हमारे देश की आती है तो मैनेजमेंट स्तर पर पर्याप्त काम नहीं हो पाता है। यदि आप अपने घर से शुरुआत करें कचरा कम फैलाएं उसे अलग-अलग करें और कंपोस्टिंग का मेथड सीखें तो एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज आप भी निभा सकते हैं। कुछ साल पहले स्टेशनों पर प्लास्टिक बैग्स, बोतलों और चिप्स के पैकेट का कचरा फैलाने वाले पर्यटकों के सामने कुछ युवाओं ने ऐसा उदाहरण पेश कर दिया था कि वहां मौजूद तमाम लोगों को सबक मिल गया। युवाओं ने सबके सामने कूड़ा एकत्र किया और एक बड़े थैले में भरकर ले गए। पूरे देश में यदि साफ सफाई की मुहिम चल रही है तो हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर और आसपास की भी सफाई का ध्यान रखें और अपने स्तर पर पहल करें अपनी आदतों को सुधारने का प्रयास करें। यदि देश में स्मार्ट सिटी बनाने का सोच रहे है तो क्या आप अपना यह सपना पूरा करने में सक्षम हैं? क्या आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं? सार्वजनिक स्थलों, ऑफिस, कैंटीन, गमलों में पान थूकना, मसालों के रैपर्स इधर-उधर फेंकना, घर का कूड़ा सड़क पर डाल देना, छत, बालकनी या सीढ़ियों की सफाई करके गंदगी को यहां वहां बिखेर देना,अपने घर के आसपास का कचरा दूसरों के घर के आगे डाल देना नागरिक का धर्म नहीं है। यदि आप अपने देश से प्यार करते हैं तो आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना भी आप का प्रथम कर्तव्य बनता है। यदि कोई समस्या बढ़ी है तो उसे और आप बड़ा न बनाएं।

कचरा प्रबंधन के लिए कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं आगे आई हैं। यदि प्लास्टिक का कोई समान फेंके जा रहे हैं तो इस समस्या को सुधारें। यह देश की समस्या बन रही है कि शहरों और महानगरों में सबसे अधिक कूड़ा कर्कट पाया जाता है। इसलिए बेस्ट मैनेजमेंट यहां की बड़ी समस्या है।

संस्मरण

किताब चोर मैं

अनिल जनविजय
वरिष्ठ लेखक

मैं 1982 के दिसंबर में पहली बार हालैंड की राजधानी अमस्टर्डम गया था। वहां किताबों की एक बहुत बड़ी दुकान थी। मेरे पास कुल 35 गिल्डर थे और मुझे अभी तीन दिन और अम्सटर्डम में रुकना था,लेकिन फिर भी जब मुझे किताबों की एक दुकान दिखाई पड़ी तो मैं उसमें घुस गया। वहां हर तरह की किताबें थीं। घासलेटी साहित्य से लेकर उच्चस्तरीय साहित्य तक मैंने दुकान में ही एक आदमी को किताब के कवर फाड़कर किताब अपनी कमीज में घुसाते देखा। मैं करीब डेढ़ घंटे से उस दुकान में घूम रहा था। मैंने देखा कि वो पुस्तक-चोर बड़ी सहजता से दुकान के बाहर चला गया। अब मेरा मन भी एक-दो किताबें चोरी करने का हो आया,जो दो किताबें मुझे पसंद आईं उनमें से एक 60 गिल्डर की थी और दूसरी 55 गिल्डर की। मैंने भी कमीज के नीचे किताबें छिपाईं और बाहर निकलने की कोशिश की। जब दरवाजे से बाहर निकलने लगा तो अचानक भोंपू-सा बजना शुरू हो गया।

दुकान के दरवाजे पर खड़े दुकान के मालिक ने मुझसे कहा कि आप किसी किताब का भुगतान करना भूल गए हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैंने उनकी दुकान से कोई किताब नहीं ली है तो उसने मुझसे कहा कि क्या आप अपना झोला दिखाएंगे? मेरा झोला किताबों से भरा हुआ था,लेकिन वो सभी किताबें मैंने बर्लिन में खरीदी थीं और उनका कैशमीमो भी मेरे पास था। उसने ध्यान से सारी किताबें देखीं और मेरा थैला अपने ही पास रखकर मुझसे कहा कि मैं एक बार फिर दरवाजे से बाहर जाऊं। जैसे ही मैं दरवाजे पर पहुंचा, भोंपू फिर से बजना शुरू हो गया। उसने मुझसे कहा कि अभी आपके पास और किताब हैं कोई। आप वह किताब भी निकालिए। मैं फंस चुका था। मैंने अपनी कमीज के नीचे से दो किताबें निकालकर सामने रख दीं।

दोनों किताबें देखकर वो दंग हो गया। एक किताब नाजिम हिकमत की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की थीं और दूसरी किताब पाब्लो नेरूदा की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की। उसने मुझसे कहा कि ये किताबें तो हमारी दुकान में कोई चुराता ही नहीं है। हमारे यहां तो ज्यादातर घासलेटी साहित्य ही चोरी होता है। मैंने उसे बताया कि मैं खुद कवि हूं और मुझे सिर्फ कविता-संग्रह ही पसंद हैं। उसने मुझसे कहा कि वह मुझे दोनों किताबें पचास प्रतिशत की रियायत पर दे देगा। मैंने उससे कहा कि मेरे पास सिर्फ 35 गिल्डर हैं और मुझे अभी वहां तीन दिन और रहना है। इन कवियों की किताबें देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने अपने काव्य प्रेम की वजह से धनाभाव की मजबूरी में वे किताबें चुरा ली थीं। वैसे बर्लिन में मैंने सारी किताबें खरीदी हैं और उनका कैशमेमो भी मेरे पास हैं।

इसके बाद वो दुकानदार मुझसे देर तक बात करता रहा। फिर अचानक उसने मुझसे कहा कि वह पांच सौ गिल्डर की किताबें मुझे भेंट करना चाहता है और मैं उसकी दुकान में से पांच सौ गिल्डर की किताबें चुन सकता हूं। मेरे तो जैसे कोई लाटरी खुल गई थी। मैंने लोर्का, ब्रेख्त, रिल्के, विक्टर ह्यूगो, कंस्तान्तिन कवाफ़ी, सफ़्फ़ो के छह कविता संग्रह और चुन लिए वो कविता के लिए मेरा पागलपन देखकर हैरान हुआ। फिर उसने पूछा कि मैं कौन से होटल में रुका हूं? मैंने उसे बताया कि मेरे पास इतने पैसे ही नहीं हैं कि मैं होटल में रुकूं। मैं अपनी रातें हर शहर में रेलवे स्टेशन पर बिताता हूं। मेरा यह जवाब सुनकर वह और ज्यादा आश्चर्यचकित हुआ। उसने मुझे कॉफी पीने का ऑफर दिया और खिद ही कॉफी बनाकर मुझे पिलाई। तब तक वह भारत के बारे में और भारतीय संस्कृति के बारे में मुझसे बात करता रहा। काफी पीने के बाद जब मैंने उससे जाने की इजाज़त मांगी तो उसने मुझे विदा करते हुए कहा कि अगर मैं चाहूं तो अगली दो रातें उसके घर पर बिता सकता हूं। मैं सहर्ष तैयार हो गया।

मैंने उससे पूछा कि यह क्या रहस्य है कि किताबें छुपाकर बाहर निकलने पर भोंपू कैसे बजने लगता है? उसने बताया कि किताबों के कवर में एक ऐसी इलैक्ट्रॉनिक चुंबक की पतली-सी परत छुपी हुई है जिसको निरस्त करना जरूरी होता है। उसे अगर निरस्त नहीं किया जाएगा, वह चुंबकीय परत दरवाजे में लगी मशीन के पास पहुंचते ही दरवाजे में लगा भोंपू बजने लगेगा। उसने मुझसे कहा कि अगर मैं उसके साथ रुकना चाहूंगा तो शाम को आठ बजे तक उसकी दुकान पर वापिस आ जाऊं। आठ बजे दुकान बंद होती है, तब वो मुझे अपने घर ले चलेगा। मैंने किताबों और अन्य सफरी सामान से भरा अपना थैला उसकी दुकान पर ही छोड़ दिया और शहर घूमने बाहर निकल गया। अगले दो दिन बड़े सुखद रहे।

रामभक्तिः विविधता में एकता के दर्शन

डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

भारत विकास और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा एक जनसंख्या बाहुल्य देश है। इसकी जनसंख्या में विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, मत एवं संप्रदायों का समिश्रण है जिसमें हिंदू धर्म का अनुपात सर्वाधिक है। भारत एक युवा देश है। यहां पर युवा शक्ति को सकारात्मक मोड़ देकर उनकी कार्य-कुशलता तथा योग्यता में अकल्पनीय वृद्धि की जा सकती है। युवाओं के लिए श्री राम का दिव्य चरित्र, अद्भुत व्यक्तित्व, वीरता, उदारता, सत्य-निष्ठा, निर्भीकता, धैर्य, दृढ़ता, शारीरिक सौष्ठव, मानसिक बल, निरंतर संघर्ष, भावात्मक सौंदर्य एवं त्याग युवाओं के लिए अद्भुत प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा।

हजारों वर्षों पूर्व से ही भारत के पास रामराज रूपी सुव्यवस्था रही है जिसमें प्रत्येक नागरिकों के हितों की सुरक्षा की बात स्पष्ट प्रतीत होती है। प्रत्येक नागरिक भयमुक्त था। समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक दृष्टि से संपन्नता व्याप्त थी, परंतु समय-समय पर समाज में कुछ अराजकता एवं विषमताएं उत्पन्न होती रही जिससे रामराज की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था समय के साथ धूमिल होती नजर आई,लेकिन रामभक्ति प्रत्येक हिंदू के हृदय की धड़कन के रूप में सदैव विद्यमान रही। चाहे वह किसी भी जाति, भाषा-भाषी, भिन्न संस्कृति या मत मतांतर का व्यक्ति रहा हो। आज भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी रामभक्ति भिन्न-भिन्न स्वरूपों में विद्यमान है,जो विश्व को राम नाम के आधार पर एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। भारत में रामराज की अवधारणा ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार, मानवीय मूल्य, नैतिकता एवं स्वाभिमान के साथ-साथ राष्ट्र गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए मानव को समाज के उच्च आदर्शों पर गतिमान रहने का परम संदेश प्रदान किया है। राम राज में सभी मनुष्य लोक-कल्याणकारी व्यवस्था के अंतर्गत एक ऐसे राज्य की संकल्पना कर सकते हैं जिसमें कोई भी व्यक्ति दीन-दुखी और अभावग्रस्त नहीं होगा। सभी व्यक्ति शिक्षित, संस्कारी, संपन्न और आवश्यक सुविधाओं से संपन्न होंगे। चारों ओर भय मुक्त वातावरण व्याप्त होगा। रामभक्ति और रामराज भारत के हर नागरिक के लिए ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं बुनियादी आधार है जिसमें प्रत्येक नागरिक के लिए चाहे वह धनी हो या निर्धन सभी को समान न्याय प्राप्त होगा एवं इसके साथ-साथ सभी के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।

शासन का एकमात्र लक्ष्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना तथा जनता के हितों की रक्षा करना होगा। भारत में राम मंदिर की स्थापना एवं रामभक्ति ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैविध्य का समन्वय एक साथ किया है। राम भक्ति एवं राम भक्त विश्व के विभिन्न देशों में पाए जाते हैं,जो विभिन्न रूपों में राम में आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं। देशीयता की सीमाओं से परे एवं जात-पात, उच्च-नीच, छोटा-बड़ा यहां तक की कुछ मात्रा में अन्य धर्म के लोगों में भी रामभक्ति का रंग दिखाई पड़ा है। इसके पीछे उन सभी का ध्येय श्रद्धा की हो या स्वार्थ पूर्ति की, परंतु सभी ने राम नाम के एक मंच पर एकत्रित होकर विविधता में एकता के दर्शन कराए हैं।

एक नजर

किन्नरों की बधाई की राशि तय होनी चाहिए

बागेश्वर। बधाई देने के नाम पर किन्नरों की ओर से मोटी रकम मांगने और नहीं देने पर अभद्रता करने पर गरुड़ के ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर किन्नरों की बधाई की राशि तय किए जाने व उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने थाने में भी इसकी शिकायत की। शनिवार को गरुड़ के माल्दे, सिटोली, नौघर समेत गरुड़ नगर पंचायत के लोग उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे व किन्नरों की मनमानी के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि परिवारों के यहां होने वाले शुभ कार्यों में किन्नर पहुंच रहे हैं तथा उनसे 21 हजार व 15 हजार की धनराशि की मांग की जा रही है। उन्होंने उपजिलाधिकारी समेत थानाध्यक्ष से इस संबंध में जनता की पहुंच के रेट तय किए जाने की मांग की। उन्होंने मांगों को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भी भेजा। इस दौरान दिनेश नेगी, नीता नेगी, अनिल कुमार, महेश चंद्र, दीपक लाल, मनोज कुमार, सुरेश चंद्र, महेश जोशी, नीमा देवी, हरीश चंद्र पांडे आदि शामिल थे।

मांगें पूरी न होने पर पर्यावरण मित्र करेंगे कार्य बहिष्कार

अखिल भारतीय मजदूर परिषद के बैनर तले हुंकार, 10 दिन का समय दिया

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचार: अखिल भारतीय मजदूर परिषद के बैनर तले पर्यावरण मित्रों ने नगर पंचायत के ईओ दीपक चंद्र को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

अखिल भारतीय मजदूर परिषद के शाखा अध्यक्ष की प्रमोद रत्नाकर की अगवाई में पर्यावरण मित्रों ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में ढांचा 757 को संशोधित कर पर्यावरण मित्रों के पदों को पुनः बहाल करने, प्रदेश के स्थानीय निकायों में कार्यरत प्रभारी पर्यावरण पर्यवेक्षकों को स्थाई पर्यावरण पर्यवेक्षकों के पदों पर समायोजित करने, प्रदेश में स्थानी निकायों में संविदा लिपिक, ड्राइवर, हेल्पर, लाइनमैन, अनुचर आदि को नियमित किए जाने, प्रदेश के स्थानीय निकायों में लोक सेवा आयोग द्वारा 10000 पर्यावरण मित्रों की भर्ती किए जाने, प्रदेश के स्थानीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल किए जाने आदि सहित प्रमुख 12 मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

ईओ को ज्ञापन देते अखिल भारतीय मजदूर परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

अखिल भारतीय मजदूर परिषद ने कहा कि अगर 10 दिनों के भीतर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो पर्यावरण मित्र कार्य बहिष्कार पर चले जायेंगे। ज्ञापन देने वालों में नन्हे लाल, राजकिरन, सोनू, सौरभ, राजपाल, विजय पाल आदि पर्यावरण मित्र शामिल थे।

सड़क हादसे के दौरान प्रभावितों की मदद करें

अल्मोड़ा, अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा में सड़क सुरक्षा विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. गुरदेव सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों और मार्ग संकेतकों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय चालक और सवार को हेलमेट तथा चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए। इसके साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, नशे का सेवन न करने, वाहन से स्टंट न करने की बात भी कही गई। उन्होंने कहा कि हम सुरक्षित रहेंगे, तभी अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। डॉ. सिंह ने सड़क हादसों के दौरान प्रभावितों की सहायता करने की अपील भी छात्रों से की। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा शपथ का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बंसी राम, शिल्पा जोशी तथा परिवहन विभाग के बलवंत सिंह नपच्याल आदि उपस्थित रहे।

यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य होगा उत्तराखंड

अल्मोड़ा, संवाददाता

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के अल्मोड़ा स्थित पातालदेवी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की ओर से एक दिवसीय शक्ति बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष ज्योति शाह मिश्रा ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ज्योति ने कहा कि समाज में महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की ओर निरंतर अग्रसर हैं। केंद्र सरकार द्वारा महिला कल्याण के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखाई दे रहा है।

मिश्रा ने कहा कि आजादी के बाद से ही समान नागरिक संहिता की मांग की जा रही थी। इसके बाद भी किसी ने इसे लागू करने की हिम्मत नहीं दिखाई। केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में धामी सरकार आते ही यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बना है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं से कहा कि आज स्वयं सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। हमें अधिक से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह बनाकर नए भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

तलाक के लिए सभी धर्मों के लिए एक कानून

यूसीसी लागू होने से तलाक के लिए सभी धर्मों के लिए एक कानून, भरण पोषण, संपत्ति बंटवारे में लड़की का समान हक मिलेगा और अन्य धर्म या जाति में विवाह करने पर भी लड़की के अधिकारों का हनन नहीं होगा। सभी धर्मों में विवाह की आयु लड़की के लिए 18 वर्ष अनिवार्य होगी। कार्यक्रम में धर्मेंद्र बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, पूनम पालीवाल, रेखा आर्या, गोपाल चम्याल, मदन मोहन सनवाल, लक्की वर्मा, देवकी बिष्ट, गीता चम्याल, जगत भट्ट, मुकुल कुमार, प्रीति, दीप्ति पवार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बूथों का निरीक्षण करें अधिकारी

अल्मोड़ा, अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पुलिस महकमे ने भी कमर कस ली है। चुनावों के मद्देनजर पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा में गोष्ठी की गई, जिसमें पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद ने सेक्टर पुलिस अधिकारियों को लोगों को मताधिकार के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

सीओ ने अल्मोड़ा, सोमेश्वर और जागेश्वर तीन विधानसभा में नियुक्त सेक्टर पुलिस अधिकारियों से कहा कि चुनाव की तैयारियां बूथ स्तर से करें। सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने अपने बूथों पर संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ भ्रमण करें। इसके साथ ही लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग कर उन्हें जागरूक भी किया जाए।

उन्होंने क्षेत्र में शांति और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोस चुनाव के मद्देनजर सभी अधिकारी अभी से तैयार रहें। गोष्ठी में सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, सीएफओ नरेंद्र कुंवर समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

प्रत्येक मतदाता तक संपर्क करें : बिष्ट

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: भाजपा मंडल गरुड़ में मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह राणा की अध्यक्षता में गांव चलो अभियान पर कार्यशाला हुई। इसमें दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ता प्रत्येक मतदाता तक संपर्क करें।

मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि आगामी चुनाव में भी भाजपा देश में सरकार बनाएगी तथा 400 से अधिक सीटें लाएगी। कार्यक्रम के संयोजक खड़क सिंह टंगड़िया ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक मतदाता तक पहुंचे तथा भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए कार्य करें। हेमा बिष्ट ने महिलाओं के कल्याण के लिए चलाईं योजनाओं की जानकारी दी। संचालन कर जिला महामंत्री घनश्याम जोशी व संजय परिहार ने कहा कि आगामी चुनाव में भी भाजपा विजयश्री प्राप्त करेगी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुनः सरकार बनाएंगे। कहा कि भाजपा एक अभियान के तहत मंडल के सभी गांवों में सभी परिवारों तक सरकार व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएगी एवं क्षेत्र वासियों की समस्या पर भी बात करेगी। पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएगी।

इस दौरान कुंदन सिंह कबडोला, रंजीत दास, इंद्र सिंह बिष्ट, महेश ठाकुर, चंदन बोरा, कमलेश पांडे, सुनील दोसाद, नरेश कुमार, लक्ष्मी दत्त पाडे, दयाल काला, जीवंती कांडपाल, बबीना देवी, हरीश रावत, केआर आर्य, बहादुर कोरंगा आदि उपस्थित थे।

कार्यशाला

- भाजपा की गांव चलो अभियान पर कार्यशाला आयोजित
- भाजपा 400 से अधिक सीटें लाकर देश में सरकार बनाएगी

मांगों पर कार्रवाई होने तक संघर्ष रहेगा जारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोक निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजीनियरों का अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार जारी है। इंजीनियरों ने कहा है कि सरकार जब तक उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं करेगी। तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। लोनिवि के डिप्लोमा इंजीनियर पिछले छह दिनों से अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर हैं। डिप्लोमा इंजीनियरों ने कहा वह लंबे समय से सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर अपर सहायक अभियंताओं की पदोन्नति करने, 2018 में भर्ती हुए कार्मिकों का स्थायीकरण किए जाने, कार्यस्थल पर मेट बेलदार की नियुक्ति करने व 55 साल की आयु पूरी कर चुके कार्मिकों का ऐच्छिक तबादला करने समेत सभी मांगों पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों पर कोई गौर नहीं कर रही है। इस मौके पर हेमंत पाठक, गणेश जोशी, हेम चंद्र पंत, आलोक ओली, रवि, गोविंद नाथ, कैलाश रौतेला, हरीश जोशी, सुरेश आदि मौजूद रहे।

नए वोटरों ने ली मतदान की शपथ

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे स्वीप अभियान के तहत शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने छीनीगोठ में टीकाकरण कैंप में नए वोटरों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई।

छीनीगोठ पंचायत घर में एएनएम गिरिजा राय द्वारा आयोजित शिविर में टनकपुर के स्वीप अभियान प्रभारी त्रिलोचन जोशी ने ग्रामीण महिलाओं से परिवार के युवा मतदाता के वोटर कार्ड बनाने का आह्वान किया। उन्होंने निर्वाचन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल में पंजीकरण करने या अपने निकटतम बीएलओ के पास जाकर सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर एक सशक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीणों को अपने गांव में मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में अंकित करने के लिए कहा। इस अवसर पर बीएलओ जानकी जोशी, आंगनबाड़ी सहायिका मीना गहतोड़ी, स्वास्थ्य सेविका कमला जोशी, ममता भट्ट, सुमन ऐरी, देवकी देवी, तुलसी देवी, माहेश्वरी, मधु, ललिता, शीतल, त्रिलोगी, गरिमा और अंजली आदि मौजूद रहे।

छीनीगोठ गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार

पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

बनबसा में निरीक्षण करते पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा। ● अमृत विचार

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचार: चम्पावत के सर्किल टनकपुर में नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा की ओर से बनबसा थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर उनका मौके पर ही समाधान किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय अभिलेखों, मालखाना, शस्त्रागार, आपदा उपकरणों, दंगा नियत्रण शस्त्रों/ टियर गैस, सीसीटीएनएस, लावारिस मालों/ वाहनों, मैस, बैरक, परिसर, सरकारी आवास आदि का निरीक्षण किया। साथ ही थाना व चौकियों में नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी को शस्त्रों के संबंध में जानकारी देकर शस्त्राभ्यास कराया गया। आपदा उपकरणों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह को आपदा उपकरणों को ठीक व तैयारी की दशा में रखने, नियमित रूप से शस्त्रों, थाना परिसर की साफ सफाई कराने, सप्ताह में एक बार सभी अधिकारियों कर्मचारियों से शस्त्राभ्यास कराने, लावारिस मालों, वाहनों का निस्तारण कराये जाने आदि सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राष्ट्रपति के अभिभाषण में दिखी विकसित भारत की तस्वीर : टम्टा

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : सांसद अजय टम्टा ने कहा कि शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अभिभाषण में विकसित भारत की तस्वीर दिखी है। उन्होंने देश में सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की बात कहते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भारत को विकसित भारत बनाया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 10 सालों में भारत ने कई ऐसे कार्य देखे हैं जिनका देशवासियों को इंतजार था।

तीन तलाक, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना आदि कई ऐतिहासिक कार्य हैं। भारत को गरीबी से बाहर निकालना केंद्र की प्राथमिकता रही। सांसद ने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा पेश किए अभिभाषण से जहां केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां परिलक्षित हुई हैं वहीं साफ हो गया है कि भाजपा प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भाजपा ने देश में कई ऐतिहासिक कार्य किए। राष्ट्रपति ने कहा कि जीएसटी के रूप में देश को ऐसा कानून दिया, जिससे प्रत्येक वर्ग को राहत मिली। देश में मोदी सरकार ने लगभग 3.75 लाख किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई में अपेक्षित वृद्धि हुई। साथ ही स्वास्थ्य व शिक्षा, आंतरिक रक्षा में सुधार से देश ने विश्व में अपना लोहा मनवाया। सांसद ने इसके लिए राष्ट्रपति का आभार व्यक्त कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश ने विश्व में अपनी पहचान बनाई है।

सांसद बोले

- तीन तलाक, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना आदि कई ऐतिहासिक कार्य संपन्न

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का स्वागत

अल्मोड़ा, अमृत विचार : एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफीसर्स एसोसिएशन के मंडलीय अध्यक्ष पुष्कर सिंह भैसोड़ा के अल्मोड़ा सीईओ कार्यालय में दोबारा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का पदभार ग्रहण करने पर खुशी जताई। भैसोड़ा का पूर्व में गढ़वाल मंडल स्थानांतरण हो गया था। शनिवार को सीईओ कार्यालय में दोबारा पदभार ग्रहण करने पर कार्मिकों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जितेंद्र बोरा, मुकेश जोशी, सुरेश जोशी, दुर्गा नेगी, राजन नेगी, भुवन जोशी, जय प्रकाश, महेंद्र भोज, जीवन बिष्ट, कमल बिष्ट, सुमित कनवाल, दिनेश चंद्र, संजय बनकोटी, पंकज बिष्ट, शरद भाकुणी, संजू कनवाल समेत अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

323वें दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

रानीखेत, अमृत विचार : रानीखेत विकास संघर्ष समिति के बैनर तले छावनी परिषद से सिविल एरिया को अलग कर नगर पालिका परिषद में विलय की मांग पर शनिवार को धरना-प्रदर्शन 323वें दिन भी जारी रहा। गांधी चौक में छावनी परिषद से आजादी हासिल करने के लिए जारी धरना-प्रदर्शन में शनिवार को प्रदर्शन स्थल पर नागरिकों ने अपनी मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। साथ ही नगर पालिका परिषद में विलय न किए जाने की दशा में लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूर्ण नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन में भुवन साह, उमेश भट्ट, डॉ. चारू पंत, गिरीश भगत, खजान जोशी, खजान पांडे, चंद्र शेखर गुरूरानी आदि शामिल थे।

वर्ग पहेली-332

बाएं से दाएं

1.1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।

3.1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।

5.1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध

7.1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े

8.1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

ऊपर से नीचे

2.1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति, बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।

3.1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।

4.1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।

6.1. जिसके संबंध में विवाद हो, विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी, निज़ाअ का।



वर्ग पहेली - 331 का हल

	1 छु			
	2 अ भं	3 ज	न	
	न	न		
4 ख़ा		यि		5 झ
6 न चि	7 के	ता		प
दा	वाँ			का
नी	8 च	चो	ड़	ना

सुडोकू-49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			6				8	
	8	9			4			5
3			2			7		
	2			8	9			6
		7				3	9	
9				1			4	
		1			7			8
4			1			9	5	
	9				5			

सुडोकू - 48 का हल

7	6	5	9	3	1	2	4	8
9	4	3	6	2	8	1	5	7
8	2	1	5	7	4	3	9	6
5	9	6	8	1	3	7	2	4
3	7	4	2	5	9	8	6	1
1	8	2	7	4	6	9	3	5
4	3	7	1	6	2	5	8	9
6	1	9	3	8	5	4	7	2
2	5	8	4	9	7	6	1	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 17.49 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.22-17.06 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 07.21 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज ज्यादा तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें। ध्यान और योग से आपको काफी लाभ मिलेगा। घर पर आपका ज्यादा मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं।

वृष — आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनंद उठाएंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों के ऊपर से प्रेशर कम होगा।

मिथुन — आज पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

कर्क — आज धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें।

सिंह — आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। मानसिक तनाव के कारण आपको फोकस करने में कुछ कठिनाई होगी।

कन्या — आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

तुला — आज धार्मिक कार्यों को लेकर आप सजग रहेंगे। परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए सोच समझकर ही बात करें।

वृश्चिक — आज अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

धनु — आज शरीर के किसी अंग में दर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

मकर — आज अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।

कुंभ — आज सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

मीन — आज चंचालता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
सल्तनत — सुबह : 10.00
सपूत — रात : 07.00

SONY MAX
नमस्ते लंदन — सुबह : 10.03
पीके — रात : 07.00

SONY PIX
दहेज — सुबह : 09.19
टर्मिनेटर 3 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
जयंतभाई की लव स्टोरी — सुबह : 10.30
कहानी 2 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
कच्चे लिंबु — दोपहर : 01.52
दोस्ताना — रात : 09.48

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

कुमाऊंनी-गढ़वाली-जौनसारी में फिल्म बनाने पर मिलेगा 2 करोड़

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में दी गई प्रदेश की नई फिल्म नीति को मंजूरी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में यहां हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नई फिल्म नीति को मंजूरी देते हुए राज्य में फिल्म निर्माण का माहौल बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए। राज्य में अब क्षेत्रीय भाषाओं कुमाऊंनी, गढ़वाली, जौनसारी आदि में फिल्म बनाने पर दो करोड़ की आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी।

यह उम्मीद की जा रही थी कि मंत्रिमंडल की इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड का प्रस्ताव मंजूरी के लिए रखा जाएगा। लेकिन इसे ड्राफ्ट का अच्छे तरीके से अध्ययन करने के बाद ही विधेयक के रूप में मंत्रिमंडल के सम्मुख रखा जाएगा। लिहाजा, 6 फरवरी को यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक पर मंत्रिमंडल की मुहर लगने के बाद विधानसभा सदन के पटल पर रखा जाएगा. दरअसल, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस बात को पहले भी कह चुके हैं कि सदन में यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक को पारित करने से पहले विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी।

मंत्रिमंडल ने राज्य की नई फ़िल्म नीति को मंजूर करते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। अब क्षेत्रीय भाषा में निर्माण करने वाले को फ़िल्म निर्माण करने के लिए 2 करोड़ रुपये मिलेंगे। पहले यहले यह धनराशि 25 लाख होती थी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ओटीटी को भी अब आर्थिक मदद व सब्सिडी मिल सकेगी। सब्सिडी के रूप में फ़िल्म की लागत का 30 प्रतिशत मिलेगा। यदि बच्चों के लिए फ़िल्म बनाई गई है तो 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा पैसा मिलेगा। राज्य के कलाकारों को मुख्य भूमिका में रखा जाएगा तो 10 लाख मिलेगा।

बैठक में फ़िल्म ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में अनुसूचित जाति-जनजाति के बच्चों के पढ़ाई करने पर उसकी फीस का 75 प्रतिशत सरकार द्वारा दिए जाने का निर्णय भी लिया गया। यह भी तय किया गया कि सरकार पर्वतीय इलाकों में सिनेमा हॉल बनाने पर 25 लाख, फ़िल्म सिटी बनाने पर 50 लाख और पोस्ट प्रोडक्शन लैब बनाने पर 25 लाख की आर्थिक मदद करेगी। इसके अलावा बैठक में उत्तराखंड घुडसवार पुलिस सेवा संशोधन नियमावली 2024 व उत्तराखंड अधीनस्थ सिविल न्यायालय लिपिक वर्गीय सेवा नियमावली 2007 में संशोधन तथा ग्रामीण पेयजल योजना संचालन एवं रखरखाव नियमावली 2024 को भी मंजूरी दी गई।

सौगात

- पहाड़ में सिनेमा हॉल बनाने को मिलेंगे 25 लाख
- फिल्म सिटी बनाने पर मिलेगी 50 लाख की मदद

नगर पालिका खटीमा का होगा विस्तार

मंत्रिमंडल की बैठक में जनपद उधम सिंह नगर की खटीमा नगर पालिका परिषद के क्षेत्र के विस्तार का निर्णय भी लिया गया। पहाड़ के जिलों से बड़ी संख्या में लोगों के खटीमा के आसपास के गांवों में बसने के कारण इन गांवों का तेजी से शहरीकरण हुआ है, लेकिन इनमें अभी मूलभूत नागरिक सुविधाओं का अभाव है। इन क्षेत्रों तक नागरिक सुविधाओं को पहुंचाने के लिए खटीमा नगर पालिका के क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है। इसके अलावा जनपद चम्पावत के तहसील पाटी को नगर पंचायत बनाए जाने का निर्णय भी लिया गया है।

बेतालघाट की 586 बेटियों को नंदा का आशीर्वाद नहीं

गरमपानी, अमृत विचार : योजनाओं का नाम तो खूब बदले जा रहे हैं पर बदलते नाम के बीच लाभार्थी फंस जा रहे हैं। नंदा देवी कन्या योजना के नाम से शुरू हुई योजना का नाम हमारी कन्या हमारा अभिमान होने के बावजूद पिछले दो वर्षो से बेतालघाट ब्लॉक के लगभग 586 लाभार्थियों को इसका लाभ नहीं मिल सका है। हालांकि अब योजना का फिर बदलकर नंदा गौरा योजना हो गया है। बावजूद बेटियां लाभान्वित नहीं हो सकी है। सीडीपीओ अनिता सक्सेना के अनुसार सभी 586 लाभार्थियों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बजट मिलते ही लाभ दिया जाएगा।

सरकारें योजनाएं तो खूब बना रही है पर सही ढंग से क्रियान्वयन न होने व समुचित बजट न मिलने से लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा। पहाड़ में हालात और विकट है। पहाड़ चढ़ते चढ़ते ही योजनाएं हांफ जा रही है। कुछ ऐसी ही हकीकत बयां कर रही पूर्व में संचालित हमारी बेटी हमारा अभिमान योजना। सरकार ने नंदा देवी कन्या योजना को नए स्वरुप में हमारी कन्या हमारा अभिमान नाम से लागू किया।

यूसीसी पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया भ्रामक : चौहान

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: यूसीसी को लेकर कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रिया को तर्कहीन और भ्रम फैलाने वाली है। सदन से पहले ड्राफ्ट सार्वजनिक करने की असंवैधानिक बात करने वालों को सदन में अपने विधायकों की क्षमता पर भरोसा नहीं है। केंद्र से कानूनी पहल की बात करते हैं उन्हें तो खुश होकर देवभूमि की पहल का स्वागत करना चाहिए। यह बात भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने यूसीसी को लेकर विपक्ष के बयानों को लेकर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कही।

चौहान ने कहा कि भाजपा भारतीय संस्कृति, संविधान निर्माताओं की सोच एवं जन भावनाओं का सम्मान कर इस कानून पर आगे बढ़ रही है, लेकिन कांग्रेस और उनके गठबंधन ने हमेशा एक समान कानून से देश में एकरूपता लाने की कोशिशों का हमेशा विरोध किया है। उन पर दबाव का ही असर है कि जो कल तक खुलकर इसे देश तोड़ने की साजिश कहते थे वह आज सार्वजनिक रूप से विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं, हालांकि आज भी तुष्टिकरण की नीति के तहत ही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सदन में पेश होने वाले ड्राफ्ट को सार्वजनिक करने का कुतर्क दे रहे हैं, जबकि सभी जानते हैं कि सत्र आहूत है और उसमें ही ड्राफ्ट रखा जाना संवैधानिक है, जहां तक तर्क सुझावों का है तो जनता के मध्य डेढ़ साल में पर्याप्त चर्चा हुई है और कांग्रेस ने उसमे शामिल होना जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता बेबुनियादी सवाल कर रहे हैं कि कानून केंद्र से क्यों नहीं बनाया जा रहा है ? जबकि वे यूसीसी के पक्ष में नहीं हैं। यदि वह यूसीसी को चाहते हैं तो उन्हें प्रसन्न होना चाहिए कि देवभूमि ऐसा करनें वाला पहला राज्य बनने जा रहा है, लेकिन जनता को भरोसा है भाजपा ने 3 तलाक को समाप्त किया, कश्मीर से धारा 370 को भी हटाया और यूसीसी भी भाजपा ही लेकर आएगी, लेकिन कांग्रेस की टिप्पणियों से यह साफ हो गया है कि उन्होंने पहले भी यूसीसी का विरोध किया और अब भी विरोध जता रहे है।

गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के बाद रुकेगा पलायन

अल्मोड़ा, अमृत विचार : सल्ट के विधायक महेश जीना ने स्याल्दे विकास खंड के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया और उन्हें अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी भी दी, जिनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन ग्रामीणों को विधायक ने दिया।

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विधायक ने सबसे पहले महरौली-चित्तौड़खाल मोटर में भाटी लिंक मार्ग के निर्माण का शुभारंभ किया। इस दौरान जीना ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों को सड़क से जोड़ा जा सके। यह उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के बाद जहां उन गांवों में पलायन रुकेगा, वहीं यहां के ग्रामीण अपने उत्पादों को विपणन के लिए आसानी से बाजारों तक ला सकेंगे। रोगियों और बुजुर्गों को भी इससे राहत मिलेगी। इस मौके पर प्रवीण कुमार, कैलाश लखेड़ा, दीपा देवी, निर्मला देवी, विद्या देवी, मंगल सिंह, राम सिंह, किशोर सिंह, मुन्नी देवी, राधा देवी, कृष्णा सिंह, हरीश कुमार आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

विधानसभा परिसर के चारों ओर लागू रहेगी धारा 144

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: पांच फरवरी से आरम्भ हो रहे विधानसभा सत्र के दौरान विभिन्न संगठनों तथा समुदायों की ओर से प्रदर्शन एवं अन्य प्रकार की गतिविधियों के कारण शान्ति व्यवस्था प्रतिकूल रूप से प्रभावित होने की सम्भावना है। विधानसभा परिसर के चारों ओर 300 मीटर की परिधि में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 लागू रहेगी। यह बात जिला मजिस्ट्रेट सोनिका ने कही।

जिला मजिस्ट्रेट ने क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति अग्नेयास्त्र, लाठी, हॉकी, स्टिक, तलवार अथवा अन्य कोई तेज धार वाला अस्त्र, बम और किसी अन्य प्रकार की बारूद वाले अस्त्र लेकर नहीं चलेगा। न ही कोई हिंसा के प्रयोग हेतु ईंट, पत्थर रोड़ा आदि एकत्र करेगा। शस्त्र अथवा लाठी लेकर चलने का प्रतिबन्ध ड्यूटी पर कार्यरत राजकीय सेवकों व ऐसे विकलांग जिनके लिए लाठी का सहारा आवश्यक है, पर लागू नहीं होगा। उक्त क्षेत्रान्तर्गत किसी भी प्रकार की नारेबाजी, लाउडस्पीकर का प्रयोग सरकारी इमारतों पर नारे लिखना, साम्प्रदायिक भावना भड़काने वाले उत्तेजक भाषण करना, किसी प्रकार के भ्रामक साहित्य के प्रचार-प्रसार आदि को भी प्रतिबन्धित रहेगा। क्षेत्रान्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर, चौराहे पर अथवा अन्य जगह पांच या उससे अधिक व्यक्ति एकत्र नहीं होंगे। उक्त आदेश 5 फरवरी से विधान सभा सत्र की समाप्ति तक प्रभावी रहेंगे।

पहाड़ी संस्कृति के रंग में डूबे नजर आए सीएम

'दिशा ध्याणी, ब्वै-ब्वारी'

- कार्यक्रम में देखे महिलाओं के उत्पाद और शिल्प
- कंडोलिया में जनरल बिपिन रावत पार्क का किया लोकार्पण

ब्यूरो, पौड़ी (गढ़वाल)

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को यहां पूरी तरह पहाड़ की संस्कृति के रंग में डूबे नजर आए। यहां आयोजित बहू-बेटियों के कार्यक्रम में कभी वह जंदरे (हाथचक्की) पर हाथ आजमाते नजर आए तो कभी ओखली में अनाज कूटते दिखे।

मुख्यमंत्री यहां कंडोलिया मैदान में महिला सशक्तिकरण को समर्पित 'दिशा ध्याणी, ब्वै-ब्वारी' सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे थे। जहां उन्होंने अर्बन हाट और महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने कंडोलिया मंदिर के दर्शन करते हुए देश-प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम स्थल में मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग के स्टॉल में बदरी गाय और बछिया का पूजन किया और ओखली से अनाज कूटने के साथ-साथ जंदरे पर भी हाथ अजमाया। मुख्यमंत्री ने नारी सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं, कार्यक्रमों, उपलब्धियों और प्रयासों से अवगत कराते हुए नारी शक्ति को इस पर्वतीय राज्य की रीढ़ कहा। मुख्यमंत्री द्वारा कंडोलिया में ही स्व. जनरल बिपिन रावत पार्क का लोकार्पण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनमानस को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' व ड्रग फ्री देवभूमि-2025 की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उन्होंने रांसी स्टेडियम में शहीद जसवंत सिंह रावत की मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और डॉ. धन सिंह रावत ने भी केंद्र और राज्य सरकार द्वारा देश-प्रदेश के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

पौड़ी में हाथचक्की चलाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

800 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने पौड़ी में 800 करोड़ लागत की 353 विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। इसमें 134 .61 करोड़ की 196 योजनाओं का लोकार्पण तथा 666 .13 करोड़ की 157 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। दस दौरान सीएम ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 800 करोड़ से अधिक की इन लोककल्याणकारी योजनाओं से पौड़ी गढ़वाल का और तेजी से विकास होगा।

आचार-विचार बदलने से बदलेगी गांवों की तस्वीर

संवाददाता, लोहाघाट

अमृत विचार : राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण शिविर में बताया जा रहा है कि बदलती हुई परिस्थितियों में अब गांवों में योजनाएं थोपने के बजाय वर्ष भर में ग्राम पंचायत की होने वाली चार खुली बैठकों के माध्यम से गांव के लोग ही गांव की सरकार की प्राथमिकताएं तय कर विकास का ऐसा स्वरूप तैयार करेंगे, जिसमें गांव की आम इकाई की अपनी भागीदारी होने के साथ हर परिवार इसका लाभ उठाएगा ।

थीम आधारित प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के अधिकार, कर्तव्य, सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्व का बोध कराते हुए बताया गया कि गांव के व्यक्ति ही मिलकर गांव को ऐसा परिवेश दे सकते हैं जहां हर व्यक्ति के हाथ में काम, गांव में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सामाजिक समरसता, एक-दूसरे के पूरक बनने, हर व्यक्ति के आचार विचार व संस्कार बदलने से गांव का एक ऐसा स्वस्थ एवं सबल जनमानस अपने गांव को आदर्श रूप दे सकता है। रविवार से न्याय पंचायत किमतोली ढोरजा एवं डुमडाई न्याय पंचायतों में प्रशिक्षण शुरू किए जाएंगे। समापन के अवसर पर महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें ऐसी तमाम जानकारियां मिली हैं जिनके बारे में उन्हें आज तक पता नहीं था। उनका यह भी कहना था कि उन्हें नए अनुभव, ज्ञान के साथ कार्य संस्कृति में बदलाव लाने की तमाम प्रेरणा भी मिली है।

महिलाओं ने नशे के खिलाफ दिया ज्ञापन

टनकपुर, अमृत विचार : जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में लगातार नशीले पदार्थ का जोर-शोर से कारोबार बढ़ रहा है इसमें युवा वर्ग गिरफ्त में आ रहा है।

क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे इस कारोबार के विरोध में क्षेत्र की महिलाओं ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहां गया है कि नगर और ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह अवैध रूप से शराब अन्य मादक पदार्थ का भी बिक्री खुलेआम की जा रही है इस पर भी रोक लगाई जानी चाहिए।जिससे टनकपुर क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माहौल बहुत खराब हो गया है।ज्ञापन देने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला चन्द,कमला चन्द, बबीता चन्द ,हरी प्रिया, विमला चन्द ,भावना पंत, पुष्पा, भावना भट्ट आदि मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश की पांचों संसदीय सीटों पर विजयी होगी : कोठारी

संवाददाता, लोहाघाट

अमृत विचार : लंबे संघर्ष, त्याग एवं बलिदान के बाद देश में राम राज्य आया है। इसमें हर व्यक्ति भविष्य के प्रति आशावान है। राष्ट्रवाद की भावनाएं मजबूत हुई हैं। राष्ट्रवादी ताकतों ने जनसंघ एवं भाजपा के बैनर तले देश के मान व स्वाभिमान को लेकर जो संकल्प लिए थे वे सब पूरे होते जा रहे हैं। जिन्हें पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए युग का उदय हो रहा है।

हर व्यक्ति उनके नेतृत्व में देश को सुरक्षित हाथों में महसूस कर रहा है। यह बात भाजपा के प्रांतीय महामंत्री आदित्य कोठारी ने अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान भाजपा प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य सतीश चंद्र पांडे के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने दावा किया कि बीजेपी उत्तराखंड की पांचो सीटें सम्मान के साथ जीतकर नया रिकॉर्ड कायम करेगी। उन्होंने कहा 9 से 11 फरवरी तक पूरे प्रांत में बड़े नेताओं का ग्रामीण क्षेत्र का ऐसा प्रवास होगा। इस अवसर पर वीरपाल सिंह, जिला महामंत्री मुकेश कलखुडिया, सचिन जोशी, भास्कर गढ़कोटी, राजू गढ़कोटी, आदि मौजूद रहे।

भाजपा के प्रांतीय मंत्री आदित्य कोठारी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

मेधावी छात्रों को दी प्रोत्साहन राशि

बनबसा, अमृत विचार: जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदनी में स्व. माधवी देवी पत्नी स्व. कल्याण चंद स्मृति मेधावी छात्रवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 10 तक कक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।

शनिवार को विद्यालय में शमशेर चंद की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अनिल प्रसाद और क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रेम सिंह ने मेधावी दीया, ज्योति, दिया, अरुण, कशिश, सुषमा, कृतिका, नीमा, निशु पाटनी, ओम कांत, पायल बिष्ट को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य भूपेंद्र चंद ने बताया कि प्रोत्साहन राशि में प्राइमरी स्तर तक 2000, जूनियर स्तर तक 3000 और हाई स्कूल स्तर तक 4000 रुपये की राशि प्रदान की गई।

कृषि वैज्ञानिकों के साथ पर्वतीय क्षेत्र के मुद्दों के समाधान पर चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा में कृषि उद्योग हितधारकों के लिए परामर्श बैठक हुई। बैठक में कृषि विज्ञानियों के साथ मिलकर पर्वतीय क्षेत्रों के स्थानीय मुद्दों के समाधान पर चर्चा की गई।

साथ ही एसएसजे विवि और वीपीकेएएस के बीच अनुसंधान में सहयोग को करार भी हुआ। एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड और निजी संगठनों के माध्यम से विकसित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैठक के मुख्य अतिथि एसएसजे के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह विष्ट ने शुभारंभ किया।

उन्होंने कृषि विज्ञानियों से छात्रों, किसानों, हितधारकों के साथ वार्ता से पर्वतीय क्षेत्रों के स्थानीय मुद्दों का समाधान करने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. प्रवीण मलिक ने भागीदारों और संस्थानों से अपनी प्रौद्योगिकी को एक साथ ले जाने और उन्हें कृषकों के खेतों में स्थानांतरित करने का आग्रह किया। इस दौरान वीपीकेएएस निदेशक डा. लक्ष्मीकांत और एसएसजे विवि के कुलपति ने एक दूसरे के संस्थान व परिसर में अनुसंधान में सहयोग करने और शैक्षणिक और विकासात्मक कार्यक्रम विकसित करने के समझौते पर हस्ताक्षर भी किए।

अल्मोड़ा में एसएसजे और वीपीकेएएस का करार हुआ। ● अमृत विचार

कैंसर दिवस पर विशेष | मेडिकल कालेज में वर्ष 2023 से कैंसर के रोगियों का इलाज शुरू हो चुका, आसपास के जिलों के लोगों को भी मिलेगा लाभ

पहाड़ में कैंसर से जीवन बचाने की जग रही आस, अल्मोड़ा में ही होगा उपचार

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एक दौर में लाइलाज समझे जाने वाले कैंसर रोग का उपचार अब धीरे धीरे आसान होने लगा है। स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते दायरे ने इस रोग का काफी समय पहले उपचार ढूंढ लिया था, लेकिन वर्तमान में अब कैंसर के उपचार की सुविधा लगातार विस्तार करने लगी है।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों के लोगों को इस गंभीर रोग के उपचार के लिए पहले बढ़े नगरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा मजबूत होते होते अब इसका इलाज पहाड़ों पर भी संभव हो गया है। प्रदेश के कुमाऊं रीजन में राजकीय मेडिकल कालेज अल्मोड़ा एक ऐसा केंद्र बन गया है जहां अब कैंसर का इलाज संभव है।

आयुष्मान योजना के तहत हो रही कीमोथेरेपी

कैंसर के रोग के लिए महत्वपूर्ण कीमोथेरेपी की सुविधा भी अल्मोड़ा मेडिकल कालेज में शुरू कर दी गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध बेस में कैंसर मरीजों की मुफ्त कीमोथेरेपी हो रही है। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सीपी भैंसोड़ा ने बताया की कीमोयोथेरेपी को अब आयुष्मान योजना से जोड़ दिया गया है, जिससे रोगियों को कैंसर के महंगे ईलाज से राहत भी मिल रही है।

कुमाऊं के अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर और चंपावत जिलों की बात करें तो अब तक यहां के कैंसर रोगियों को बेहतर उपचार के लिए बढ़े महानगरों की दौड़ लगानी पड़ती थी। उपचार महंगा होने के कारण कई रोगी इलाज के अभाव में दम भी तोड़ देते थे, लेकिन अल्मोड़ा में मेडिकल कालेज बनने के बाद अन्य रोगों के उपचार के साथ ही कैंसर के उपचार की मुहिम भी प्रबंधन ने शुरू की, जिसके बाद वर्ष 2023 से यहां कैंसर रोग के उपचार की सुविधा भी मिलने लगी।

अब तक मेडिकल कालेज अल्मोड़ा में दो दर्जन से अधिक कैंसर रोगियों का प्रारंभिक उपचार और परामर्श का कार्य शुरू कर दिया गया है। मेडिकल कालेज में सीटी स्कैन, एमआरआई की सुविधा के साथ साथ महिलाओं में होने वाले ब्रेस्ट कैंसर की स्कैनिंग के लिए मैमोग्राफी मशीन भी स्थापित की गई है।

मेडिकल कालेज की इस उपलब्धि के बाद अब पहाड़ों में कैंसर जैसे गंभीर रोग से जीवन बचाने की आस लगातार जग रही है। मेडिकल कालेज के कैंसर विशेषज्ञ डा. राहुल सिंह का कहना है कि पर्वतीय जिलों के लोगों को यहां कैंसर का उपचार मिलने से जहां उन्हें महंगे उपचार से मुक्ति मिलेगी। वहीं उन्हें बड़े महानगरों का रूख भी नहीं करना पड़ेगा।

जौलकांडे को विकसित किए जाने की उठाई मांग

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: विकास खंड के प्रमुख विकासशील पर्यटन स्थल जौलकांडे को टूरिज्म क्षेत्र में विकसित किए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। देहरादून में मुख्यमंत्री धामी के आवास पर पहुंचे ग्रामीणों ने उप प्रधान नैना लोहनी के नेतृत्व में उन्हें ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने कहा कि जौलकांडे गांव का पूर्व में 13 डिस्ट्रिक 13 डेस्टिनेशन के रूप में चयन किया गया। कुमाऊं मंडल विकास निगम ने वहां पर कई नाली भूमि का चयन करके अपने नाम पर कराया परंतु अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि गत वर्ष प्रदेश के सचिव दलीप जावलकर व जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने भी वहां पर कैंपिंग की तथा रात्रि विश्राम किया, जिससे ग्रामीणों को उम्मीद जगी थी कि गांव में पर्यटन का विकास होगा, परंतु अब तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे गांव में पर्यटन विकास नहीं हो पा रहा। उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन विकास किए जाने समेत गांव में स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाने, स्कूल खोलने की मांग की। साथ ही गांव में वन विभाग की खाली भूमि में ईको टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने, वन विभाग की भूमि पर मार्ग बनाने आदि की मांग की।

एक नजर

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया

काशीपुर। एक विवाहिता ने ससुरालियों पर उसके साथ मारपीट करने व उसे घर से निकाले जाने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। थाना आईटीआई क्षेत्र निवासी बलजिन्दर कौर ने बताया कि उसके ससुराल वाले उसे अपने साथ रखने से मना करते हैं। पति समेत ससुराली उसके साथ मारपीट करते हैं। इस दौरान ससुरालियों ने उसे कई बार घर से निकाल दिया तथा बाद में पंचायत होने पर घर पर रख लेते हैं। लेकिन फिर से मारपीट कर घर से निकाल देते हैं। कहा कि उसका एक छोटा बच्चा है तथा मायके में रह रही है।

जाड्र्स केंद्र पर ग्राम सखियों का प्रशिक्षण

मुरादाबाद/चंपावत। मनोहरपुर के एग्री क्लीनिक एग्री बिनेस सेंटर (जार्डस) पर चंपावत किसान उत्पादक कंपनी के संचालक मंडल और ग्राम सखियों के प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कंपनी के संचालक मंडल की दक्षता को बढ़ाना रहा। प्रशिक्षण में कंपनी संचालक विकास ने यह जानकारी दी कि एफपीसी कैसे काम करती है। उन्होंने बोर्ड सदस्यों की भूमिका, निर्णय लेने की प्रक्रिया व कृषि उपज के लिए बाजार विकसित करने की जानकारी दी।

हेली सेवा से वंचित रह गया अल्मोड़ा, जनता निराश

टाटिक में बनाया गया था हेलीपैड, कुछ उड़ानों के बाद सेवा ठप

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और केंद्र व राज्य सरकारों के प्रयासों से भले ही देहरादून-पिथौरागढ़ हवाई सेवा लंबे इंतजार के बाद शुरू हो गई हो, लेकिन इस योजना में शामिल अल्मोड़ा जिला आखिरकार इस सेवा से वंचित रह गया, जिससे यहां के निवासियों समेत अल्मोड़ा आने वाले पर्यटकों में भी काफी निराशा है।

प्रदेश सरकार लंबे समय से प्रदेश के पर्वतीय और सीमांत जिलों को हवाई सेवा से जोड़ने के दावे कर रही थी। सरकार के इन दावों के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने 26 अगस्त 2022 को देहरादून-हल्द्वानी-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हेली सेवा का विधिवत शुभारंभ भी किया, लेकिन खराब मौसम के मद्देनजर रास्ते में ही यह सेवा स्थगित हो गई और हेलीकाप्टर अल्मोड़ा नहीं पहुंच सका। इसके बाद अगले सप्ताह भी सेवा संचालित नहीं हुई।

नौ सितंबर 2022 को पवन हंस का हेलीकॉप्टर अल्मोड़ा पहुंचा था, जो यहां से चार सवारी लेकर पिथौरागढ़ गया और उन्हीं को लेकर वापस अल्मोड़ा आया और यहां से पंतनगर रवाना हो गया। उस समय सप्ताह में एक दिन हर शुक्रवार को यह हेली सेवा शुरू की गई थी।

मायूसी

- अल्मोड़ा आने वाले पर्यटकों में भी काफी निराशा देखी जा रही
- 30 जनवरी को अंतिम बार हेलीकाप्टर ने उड़ान भरी थी

हल्द्वानी, दून, पिथौरागढ़ जाने में मिल रही थी सहायता

इस सेवा से लोगों को हल्द्वानी, देहरादून, पिथौरागढ़ जाने में काफी सहायता मिल रही थी, लेकिन पायलट के अभाव और तकनीकी समस्या के चलते 2023 की जनवरी में सेवा ठप हो गई, 30 जनवरी को अल्मोड़ा के टाटिक में बने हेलीपैड से अंतिम बार हेलीकाप्टर ने उड़ान भरी थी। तब से अल्मोड़ा में हेलीसेवा पूरी तरह ठप है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिथौरागढ़ जिले में तो सरकार द्वारा फिर से हवाई सेवा शुरू कर दी है, लेकिन अल्मोड़ा को इस सेवा से फिर वंचित कर दिया गया। इधर अल्मोड़ा के स्टेशन प्रभारी देवेंद्र आर्या का कहना है कि अल्मोड़ा में बनाए गए हेलीपैड का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद हेलीपैड का निरीक्षण कर यहां भी हवाई सेवा शुरू कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री धामी ने जाना रामभद्राचार्य जी का हाल

देहरादून, अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती जगतगुरु रामभद्राचार्य जी का हाल चाल जाना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की।

मुख्यमंत्री व कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भेंट के दौरान जगतगुरु रामभद्राचार्य का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मंत्री ने कहा कि गुरुदेव हमारी एक धरोहर हैं, उन्होंने कहा कि कल के मुकाबले आज उनके स्वास्थ्य में काफी सुधार है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने जगतगुरु रामभद्राचार्य के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की।

पर्यटन को बढ़ावा देने में टूर गाइड बहुत अहम

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : पर्यटन को बढ़ावा देने में टूर गाइड की अहम भूमिका है। यह बात हेरिटेज टूर गाइड प्रशिक्षण के समापन समारोह अवसर पर पर्यटन विभाग की अपर निदेशक पूनम चन्द ने कही।

उन्होंने ऑनलाइन से जुड़कर प्रशिक्षित टूर गाइडों को हेरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को प्रत्येक दिवस में तीर्थ स्थलों और पुरातात्विक पौराणिक स्थलों के विषय में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को लोकल हैरिटेज एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण आस-पास की कुछ जगहों पर भ्रमण भी कराया गया तथा संगोष्ठी से स्थानीय विरासतों के संरक्षण एवं संवर्धन का प्रशिक्षण भी दिया गया। टूर गाइड के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए टनकपुर में हेरिटेज टूरिज्म और हेरिटेज टूर गाइड और पाठ्यक्रम की आवश्यकता, महत्व और मांग, एक विरासत टूर गाइड की प्रस्तुति, व्यवहार, संचार, उत्तराखंड विरासत स्थल के रूप में तथा सतत और जिम्मेदार पर्यटन आदि विभिन्न पक्षों पर प्रशिक्षण दिया गया। पर्यटन विभाग उत्तराखंड टूरिज्म एवं हॉस्पिटेलिटी स्किल काउंसिल ने अभी तक 850 टूर गाइडस को अलग अलग जगह पर ट्रेनिंग दी है। कार्यक्रम का संचालन किरण चन्द द्वारा किया गया। अध्यक्षता कर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुपमा तिवारी ने कहा हेरिटेज टूर गाइड प्रशिक्षण की वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त कर प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सभी का आभार जताया। इस मौके पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विपिन वर्मा, महाविद्याल की प्रधानाचार्य डॉ अनुपमा तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर आदि मौजूद रहे।



टनकपुर में विचार रखते पूर्व पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार। ● अमृत विचार

गांवों में फूलने लगा जल जीवन मिशन योजना का दम

गरमपानी, अमृत विचार : बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना हांफने लगी है। सेठी धारकोट ग्राम पंचायत के तोकों में योजना का न होने से पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। अधिकारियों पर फोन तक न उठाने का आरोप भी लगाया है। ग्राम प्रधान प्रेमा गोस्वामी ने लगातार की जा रही उपेक्षा पर गांवों के बाशिंदों को साथ लेकर आंदोलन का ऐलान कर दिया है।

केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना से गांवों में प्रत्येक घर तक पेयजल आपूर्ति का खाका तैयार किया। उम्मीद थी की योजना से गांवों में पानी का सूखा खत्म हो जाएगा पर आज भी गांवों के लोग बूंद बूंद पानी को मोहताज हो चुके हैं। बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में योजना का बुरा हाल है। कई गांवों में योजना के पाइप बिछाकर कनेक्शन तो कर दिए गए हैं पर नलों से पानी की बूंद तक नहीं टपक रही।

उत्तर प्रदेश

दरोगा पर एक और रिपोर्ट, मिली 25.61 लाख की अवैध संपत्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मझोला थाने में तैनात रहे दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर के पास आय से 40.32 प्रतिशत संपत्ति अवैध मिली है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन ब्यूरो) ने इस दरोगा के पास 25.61 लाख रुपये से अधिक अवैध संपत्ति होने की पुष्टि की है।

बताया जा रहा है कि मझोला थाने में अपनी तैनाती अवधि में दरोगा जितेंद्र बिना सुविधा शुल्क लिए कोई भी काम नहीं करता था। इसी के चलते इसे एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 25 अक्टूबर 2019 में 10,000 रुपये की घूस लेते धर दबोचा था। फिर इसके विरुद्ध शासन के निर्देश पर एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने आय से अधिक संपत्ति की जांच की और इस बीच में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की पुष्टि होने पर दरोगा के विरुद्ध मझोला थाने में शुक्रवार रात में एक और एफआईआर दर्ज कराई है। रिश्वतखोर दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर वर्तमान में बरेली पुलिस लाइन में तैनात है, जबकि वह बागपत जिले के थाना बड़ौत क्षेत्र के गांव हिलवाड़ी का रहने वाला है।

एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक ने मझोला थानाध्यक्ष को बताया है कि आय से अधिक संपत्ति की जांच में पता चला है कि आरोपी दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर पुत्र जगदीश सिंह ने निर्धारित अवधि में शुद्ध वेतन, बोनस, एरियर, बीमा पॉलिसी, ब्याज से हुई आय से ज्ञात आय के वैध स्रोतों से कुल 63,53,348 रुपये आय अर्जित की है।

दरोगा ने ब्रह्मपाल सिंह से ली थी रिश्वत

दरोगा जितेंद्र सिंह तोमर 2019 में मझोला थाने की नया गांव मुरादाबाद चौकी पर इंचार्ज था। इसने ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के रामपुर घोघर गांव के ब्रह्मपाल सिंह से 10,000 रुपये की रिश्वत ली थी। ब्रह्मपाल के बेटे संजीव ने पत्नी से नाराज होकर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। वह नया मुरादाबाद स्थित सेक्टर-13 में पत्नी रीना के साथ किराए पर रहता था। आत्महत्या का मामला मझोला थाने में मृतक संजीव की पत्नी रीना, महावीर, कमलेश और एक अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ था। इसकी जांच दरोगा जितेंद्र कर रहा था। ब्रह्मपाल ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी तो दरोगा ने रिश्वत में 10,000 रुपये की मांग की थी। ब्रह्मपाल ने जैसे-तैसे करके बहनोई सुशील से तीन हजार रुपये उधार लेकर दरोगा को दे दिए थे। लेकिन, वह नहीं माना था तो पीड़ित ने तत्कालीन एसएसपी अमित पाठक से शिकायत की थी। फिर दरोगा उन्हें परेशान करने लगा था। फिर ब्रह्मपाल ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क साधा। एंटी करप्शन टीम के कहने पर ब्रह्मपाल ने दरोगा को 10,000 रुपये देने को राजी हुए थे।

20 गोवंश ट्रेन से कटे पलटने से बचीं दो ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेनें

अमृत विचार : मीरानपुर और बिलपुर रेलवे स्टेशन के बीच कसरक रेलवे क्रॉसिंग और हुलासनगरा के पास दो ट्रेनों की चपेट में आकर 20 निराश्रित गोवंशों की कटकर मौत हो गई। वहीं हादसे में अप लाइन की पद्मावत और राप्ती गंगा एक्सप्रेस पलटते-पलटते बचीं। ट्रेन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेनें रोकी थीं। तमाम यात्री कोच से नीचे उतर आए। जानकारी पर रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। रेल यातायात भी बाधित रहा। ट्रेन संख्या 4207 प्रतापगढ़-आनंद बिहार पद्मावत एक्सप्रेस शुक्रवार की रात करीब 1.30 बजे बरेली की ओर जा रही थी। मीरानपुर कटरा और बिलपुर के बीच कसरक रेलवे फाटक के निकट अप लाइन पर निराश्रित गोवंशों का झुंड रेलवे लाइन के किनारे निकल रहा था। लोको पायलट ने पशुओं को रेल लाइन से हटाने को सायरन बजाया और ट्रेन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्रेन की चपेट में आकर 10 गोवंशों की मौत हो गई। इस दौरान इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर ट्रेन पलटते-पलटते बची। सूचना पर बरेली की आरपीएफ, कटरा पुलिस और रेल कर्मचारी मौके पर पहुंचे। इस हादसे को कुछ घंटे बीते होंगे कि दूसरा हादसा हो गया। शनिवार की तड़के 5 बजे राप्ती गंगा एक्सप्रेस बरेली की ओर जा रही थी। हुलासनगरा गांव के सामने अप लाइन पर निराश्रित गोवंशों का झुंड अप लाइन के पास से निकल रहा था। लोको पायलट ने सायरन बजाकर उन्हें हटाने का प्रयास किया। तब तक ट्रेन की चपेट में आने 10 गोवंशों की मौत हो गई।

गोकशी के आरोपी के समर्थन में उतरे विहिप कार्यकर्ता

मुरादाबाद, अमृत विचार : गोकशी के आरोपी मोनू विश्नोई के समर्थन में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता शनिवार को सड़कों पर उतरे। उन्होंने आंबेडकर पार्क पर एकत्रित होकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। कोर्ट रोड पर चक्का जाम कर दिया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं की सीओ सिविल लाइंस व सिविल लाइंस थाना प्रभारी से तीखी नोकझोंक भी हुई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पुलिस की घेराबंदी को तोड़कर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचने की कोशिश की, लेकिन मंडलायुक्त कार्यालय से पहले ही कार्यकर्ताओं को रोककर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने ज्ञापन लिया।

ज्ञापन में उन्होंने एसएसपी, एसपी ग्रामीण और एसएचओ छजलैट पर गंभीर आरोप लगाए। दोपहर करीब 12 बजे विहिप कार्यकर्ता सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए।

दो अपहरकर्ता धरे गए बच्चा सकुशल मिला

संवाददाता, शेरकोट

कार्रवाई

- फिरौती के लिए मोहल्ले के ही दो युवकों ने किया था अपहरण
- पूछताछ में आरोपियों ने घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी

अमृत विचार : पुलिस ने नौवर्षीय बच्चे का अपहरण करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है।

नगर के मोहल्ला खुराडा निवासी मोहम्मद आसिफ के नौ वर्षीय पुत्र अयान के गायब होने का मैसेज दो फरवरी को पुलिस को मिला। इस पर पुलिस आसिफ के घर पहुंची तथा मामले की जानकारी की। परिजनों ने बताया की शाम छह बजे अयान खेलने गया था। तभी से गायब है।

पुलिस ने परिजनों के साथ आसपास क्षेत्र में बच्चे को तलाश किया। इस दौरान अयान मोहल्ला काजी सराय में खाली पड़े खंडहर में मिला। उसके हाथ-पैर बंधे थे तथा मुंह में कपड़ा ठूंस रखा था। पूछताछ में पता चला कि मोहल्ला खुराडा निवासी सुहेल व मोहल्ला नायक सराय निवासी अब्दुल्ला ने उसका अपहरण कर बंधक बना लिया था। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें पैसों की जरुरत थी। इसीलिए अयान का अपहरण कर फिरौती वसूलने की योजना बनाई थी। इसी के तहत अयान का अपहरण कर हाथ-पैर बांधकर खंडहर में डाल दिया। इसके बाद बाद योजना बना रहे थे कितने पैसों की मांग करेंगे। तब तक पुलिस ने अयान को बरामद कर लिया।

शौहर ने फोन पर दिया तीन तलाक

रामपुर, अमृत विचार : दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी नहीं होने पर पति ने पत्नी को केरल से फोन पर तीन तलाक दे दिया। जिसको सुनकर पत्नी के होश उड़ गए इसके बाद पत्नी ने थाना गंज में पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला ठोठर निवासी तरन्नुमु बी का कहना है कि 21 दिसंबर 2002 को उसका निकाह चौकी हजियानी निवासी सैयद जिया उल हसन से हुआ था। पिता की मौत के बाद महिला के भाई ने शादी में करीब दस लाख रुपये खर्च किए थे।

भिखारी ने यात्री को मारने को उठाई चप्पल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर भिखारियों से लोग परेशान हो रहे हैं। शनिवार को एक महिला भिखारी ने मुंह मांगे पैसे नहीं देने पर यात्री से गाली-गलौज की और मारने के लिए चप्पल भी उठा ली। वहीं आरपीएफ ने भीख मांगने वाली महिला को पागल बता दिया।

शनिवार दोपहर एक महिला कुछ यात्रियों से पचास रुपये की मांग करने लगी। यात्री ने महिला को 20 रुपये दे दिये गये लेकिन वह 50 रुपये देने पर अड़ी रही। दोनों के बीच काफी नोकझोंक होती रही। महिला ने यात्री को गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दीं, इस पर यात्री ने विरोध किया तो वह यात्री को मारने के लिए चप्पल निकालकर दौड़ पड़ी। किसी तरह यात्री ने अपनी जान बचाई। इस बीच आरपीएफ का स्टाफ भी मौके पर पहुंच गया लेकिन भीख मांगने वाली महिला फरार हो गई। इस संबंध में आरपीएफ के अधिकारियों से बात की गई तो उनका कहना था कि किसी ने शिकायत नहीं की है।

1540 नए मार्गों को मिलीं डबल डेकर बसें

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य में राजधानी समेत 14 जिलों में 1540 नए मार्गो पर परिवहन निगम की डबल डेकर बसें दौड़ेंगी। राज्यपाल की अनुमति के बाद परिवहन विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी शनिवार को परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि इन मार्गों पर निजी बसें अनुबन्धित की जाएंगी। डबल डेकर बसों के चलने से ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलने के साथ ही सुखद अनुभव मिलेगा। प्रयास है कि यात्रियों को सेवाएं जल्द उपलब्ध हों।

आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारत रत्न दिए जाने के निर्णय पर योगी ने दी बधाई

अमृत विचार : भारत सरकार ने शनिवार को महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भाजपा के संस्थापक सदस्य और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा की।

इस निर्णय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी। कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह न सिर्फ भाजपा के संस्थापक सदस्य हैं, बल्कि देश और दुनिया में भाजपा के असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत भी हैं।

उन्होंने कहा कि उनके सार्वजनिक जीवन में दशकों की सेवा, प्रतिबद्धता और राष्ट्र की अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता झलकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि आडवाणी ने अपने राजनैतिक जीवन में शुचिता व नैतिकता के उच्च मानक स्थापित किए हैं।

यह पुरस्कार उनके अद्वितीय प्रयासों को सम्मानित करने वाला है। उल्लेखनीय है कि लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय की जानकारी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से दी। लाल कृष्ण आडवाणी भाजपा के सबसे पुराने और बड़े नेताओं में शामिल हैं।

वोट का बिखराव को रोकने को मिला लालकृष्ण आडवानी को भारत रत्न : अखिलेश

पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी को भारत रत्न दिये जाने के केन्द्र सरकार के फैसले को सपा के अखिलेश यादव ने वोट की राजनीति से जोड़ा है। शनिवार को उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन होने से भाजपा का वोट बैंक बिखरने लगा है। वोट के बिखराव को रोकने के लिए भाजपा हर हथकंडे अपना रही है। उन्होंने कि इंडिया गठबंधन कमें सीटों का बंटवारा, जीत और सीट के आधार पर होगा।

विश्व कैंसर दिवस पर विशेष | कम प्रीमियम पर बीमा कराने पर खत्म हो जाएगा परिवार का आर्थिक जोखिम, क्लोज दि केयर गेप है इस बार डब्ल्यूएचओ की थीम

परिवार को बचाने के लिए जल्द कराएं कैंसर बीमा पॉलिसी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : देश में कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। लेकिन, अभी भी लोगों की रुचि कैंसर पॉलिसी लेने में नहीं है। कैंसर होने पर शारारिक पीड़ा, मानसिक तनाव मरीज के अलावा पारिवारिक सदस्यों को होता है। परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है, लोग कर्ज लेकर इलाज करा रहे हैं। लेकिन, कैंसर पॉलिसी लेने में सक्षम होने के बाद भी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इस बार डब्ल्यूएचओ ने विश्व कैंसर दिवस की थीम क्लोज दि केयर गेप रखी है।

स्वास्थ्य बीमा देने वाली कंपनीज कैंसर के इलाज का खर्च कवर कर रही हैं। अधिकांश लोगों को पता नहीं है कि जीवन बीमा कंपनीज की ओर से भी कैंसर पॉलिसी बहुत कम प्रीमियम पर उपलब्ध है। एलआईसी, अन्य निजी कंपनियां भी कैंसर पॉलिसी उपलब्ध करा रही हैं। जब भी किसी से कैंसर पॉलिसी को लेकर चर्चा होती है तो लोगों को बुरा लगता है कि आप हमारे परिवार के बारे में अच्छा नहीं सोचते हैं। लोगों का रुझान टर्म इंश्योरेन्स पॉलिसी की ओर बढ़ रहा है, लेकिन कैंसर पॉलिसी को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई दे रही है।

देश में कैंसर का प्रभाव महिलाओं में ज्यादा है, लेकिन अभी भी सभी भारतीय महिलाओं के जीवन पर बीमा लेने के प्रति नजरिया बदलने को तैयार नहीं है। नाथ नगरी बरेली निवासी बीमा घर के चैयरमैन अनुज अग्रवाल 1991 से बीमा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनका मानना है कि लोग जब तक बीमा को जरूरी नहीं मानेंगे और जीवन, स्वास्थ्य, जनरल इंश्योरेंस की जानकारी के लिए किसी प्रोफेशनल, अनुभवी विशेषज्ञ के कार्याय में मिलकर जानकारी नहीं लेंगे तब तक भारतीयों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। देश में अभी भी एजेंट्स लोगों से मिलकर बीमा पॉलिसी के लिए कह रहे हैं। डिस्काउंट के लालच में आकर लोग ऐसी पॉलिसी ले रहे हैं, जिसकी उन्हें जरूरत नहीं थी। कैंसर पॉलिसी को लेकर हर भारतीय को तुरंत गंभीरता दिखाने की आवश्यकता है। वरना, भारतीय परिवारों की आर्थिक स्थिति कर्ज में डूबती रहेगी।

हर युवा को टर्म इंश्योरेन्स पॉलिसी के साथ-साथ कम से कम 10 से 25 लाख तक के सम एश्योर्ड की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी जरूर लेना चाहिए। जीवन बीमा कंपनीज की ओर से उपलब्ध कराई जा रही कैंसर पॉलिसी के लाभ समझ कर अवश्य लेना चाहिए। कैंसर पॉलिसी को लेकर विशेष जागरुकता अभियान जीवन, स्वास्थ्य बीमा कंपनीज को चलाना चाहिए।

परिवार को आर्थिक सुरक्षा देने के मामले में बीमा जरूर करा लें। मौजूदा हालात में युवाओं को टर्म इंश्योरेंस के बारे में नजरिया तुरंत बदलने की जरूरत है। युवाओं की जिंदगी हर समय खतरे में रहती है। दिल का दौरा पड़ने से बीस से बाइस वर्ष के युवा दुनिया छोड़ रहे हैं। सड़क हादसों में मरने वालों में भी युवाओं की गिनती सबसे अधिक है, जो भी युवा टर्म इन्श्योरेंस कराने की सोच रहे हैं वे विलंब नहीं करें। सभी बीमा पॉलिसी बांड फाइल में रखकर नॉमिनी को अवश्य सौंप दें।

-अनुज अग्रवाल, सीईओ बीमा घर

कैंसर के बारे में बहुत सी गलत धारणाएं समाज में पुराने समय से बनी हुई हैं। इसके कारण सही समय पर चिकित्सक की सलाह नहीं मिल पाती। सही जानकारी, समय से जांच के बाद होने वाला इलाज कैंसर को हरा सकता है। विश्व कैंसर दिवस पर डब्ल्यूएचओ की थीम है, क्लोज दि केयर गेप। अर्थात कैंसर की पहचान और इलाज में देरी जानलेवा हो सकती है। शिक्षा के अभाव के कारण लोग समय से जांच नहीं कराते हैं और मौत के मुहं में पहुंच जाते हैं। **- डॉ. रितु भूटानी**

बेटे के अपहरण की बात कहकर नगर संघ चालक से 18 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- साइबर ठगों ने पीड़ित को उनके बेटे की आवाज में दूसरे से कराया फोन

अमृत विचार : साइबर ठगों ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स का सहारा लेकर इस बार अपहरण का झांसा देकर 18 लाख रुपये की ठगी की है। साइबर ठगों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अमांपुर नगर संघ चालक एवं कारोबारी राकेश पाराशर को उनके दिल्ली में रह रहे बेटे का अपहरण करने की बात कहकर अपने झांसे में लिया। एक ठग ने राकेश के मोबाइल पर कॉल कर कहा कि उनके बेटे का अपहरण कर लिया है।

छोड़ने के बदले में 18 लाख रुपये की फिरौती मांगी। ठग इतने शातिर थे कि उन्होंने अपहरण करने का यकीन दिलाने के लिए राकेश पाराशर से उनके बेटे के जैसी आवाज में फोन पर किसी से बात कराई। बेटे की आवाज सुन राकेश साइबर ठगों के झांसे में आ गए और दिल्ली में रहकर न्यायिक परीक्षा की तैयारी कर रहे इकलौते बेटे

विशाल की सलामती के लिए ठगों के बताए खातों में 18 लाख की रकम भेज दी। इसके बाद राकेश ने फोन पर बेटे से बात की, तब अपहरण की बात फर्जी निकली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच साइबर सेल को ट्रांसफर कर दी है। अमांपुर कस्बे के गांधीनगर निवासी नगर संघ चालक राकेश पाराशर बिल्डिंग मेटेरियल का कारोबार करते हैं। उन्होंने बताया कि इकलौता बेटा विशाल दिल्ली में रहकर न्यायिक परीक्षा की तैयारी कर रहा है। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे उनके व्हाट्सएप पर अंजान नंबर से काल आई। फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारा बेटा हमारे पास हैं। बेटे को जिंदा चाहते हो तो बिना किसी को बताए 18 लाख रुपये दे दो तो छोड़ देंगे।

राकेश से फोन पर किसी की बात कराई, जो उनके बेटे की आवाज में बोल रहा था। उसने रोते हुए कहा कि पापा मुझे बचा लो। मुझे किडनैप कर लिया है। उसकी बात सुन राकेश घबरा गए। उन्हें लगा कि उनके बेटे को अगवा कर लिया है। उन्होंने ठगों के कहने पर उनके बताए अलग-अलग बैंक खातों में छह बार में 18 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए।

सेना दिवस पर जवानों ने दिखाया पराक्रम...

सेना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित भारतीय सेना प्रदर्शनी-शौर्य संध्या में एक सेना अधिकारी ने अपना कौशल दिखाया। इस दौरान लोगों ने जवानों के साहसिक करतबों की खूब प्रशंसा की। ● एजेंसी

बंगाल में कर्मचारियों यात्रियों की सतर्कता से टला ट्रेन हादसा

मालदा। पश्चिम बंगाल में पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन पर कर्मचारियों और यात्रियों की सतर्कता के कारण शनिवार को एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन से कुलिक एक्सप्रेस के स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद उसके एक पहिए में आग लग गई। कोलकाता जाने वाली यह ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। ट्रेन सुबह करीब साढ़े नौ बजे मालदा टाउन स्टेशन से रवाना हुई, तभी यात्रियों ने लोको पायलट को बताया कि ट्रेन के एक पहिए के नीचे धुआं निकल रहा है। लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने के लिए तुरंत आपातकालीन ब्रेक का इस्तेमाल किया, जिसके कारण यात्री घबराकर ट्रेन से उतर गए। यह घटना मालदा टाउन और चामग्राम स्टेशन के बीच हुई।

पेट्रो केमिकल में ओडिशा नई ऊंचाई छू रहा

ओडिशा में प्रधानमंत्री ने 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ओडिशा आज पेट्रोलियम और पेट्रो केमिकल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। साथ ही पिछले 10 की तुलना में रेलवे के विकास के लिए ओडिशा को 10 गुना बजट दिया गया है। उन्होंने कहा ओडिशा को सस्ती बिजली मिले इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ओडिशा व असम के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबलपुर में शनिवार को 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

संबलपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में 400 करोड़ रुपये के स्थायी परिसर के उद्घाटन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने ऊर्जा, सड़क और रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने वर्ष 2021 में आईआईएम परिसर का शिलान्यास किया था। राज्य में 18 परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री ने कहा-ये परियोजनाएं ओडिशा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन करता है। मोदी ने पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखाई, जो ट्रेनों की सुविधा को बेहतर बनाएगी।

संबलपुर में आईआईएम परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रघुबर दास, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक। ● एजेंसी

कहा-गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी

प्रधानमंत्री ने कहा-मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि 'पीएम-किसान सम्मान निधि' योजना के तहत ओडिशा में करीब 40 लाख कृषकों सहित करोड़ों किसानों को सीधे फायदा मिला। उन्होंने कहा कि ओडिशा के किसानों को पीएम किसान योजना के तहत उनके बैंक खातों में 30,000 रुपये प्राप्त हुए। कहा-भाजपा किसानों के लिए गंभीरता से काम कर रही है।

एक नजर

सेना ने एलओसी के समीप की गोलीबारी

मेंढर/जम्मू। सेना ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के समीप संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद शनिवार को गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने मेंढर के साबरा गली इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी और फौरन जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि शनिवार तड़के मेंढर के एक अग्रिम गांव में गोलीबारी हुई और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक व्यापक तलाश अभियान चलाया गया है। इलाके में हाल में भारी हिमपात हुआ है।

कोर्ट ने मकोका के तीन आरोपियों को किया बरी

ठाणे। ठाणे जिले की एक अदालत ने जघन्य अपराधों में संलिप्तता के आरोप में कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत दर्ज मामले में तीन लोगों को बरी कर दिया है। विशेष न्यायाधीश अमित शेटे ने शुक्रवार को आरोपी प्रकाश दशरथ धन्वा (26), मिलिंद शंकर धन्वा (25) और दशरथ टंडेल (52) को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित नहीं कर पाया। तीनों के खिलाफ पालघर जिले के वाडा, मनोर, विरार, तुलिंज, और बोईसर पुलिस थाना की सीमा में हत्या के प्रयास में मकोका लगाया गया था।

नीतीश ने गृह विभाग अपने पास रखा, वित्त और स्वास्थ्य विभाग भाजपा के हिस्से में

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को नए मंत्रिमंडल में विभागों का आवंटन करते हुए गृह विभाग अपने पास रखा जबकि वित्त विभाग भाजपा को दिया है। एक अधिसूचना के अनुसार, गृह के अलावा कुमार ने कैबिनेट सचिवालय, चुनाव, सतर्कता, सामान्य प्रशासन जैसे प्रमुख विभाग भी अपने पास रखे हैं। साथ ही किसी और को आवंटित नहीं किए गए अन्य सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त व स्वास्थ्य विभाग का प्रभार सौंपा गया है।

शिवसेना नेता की स्थिति नाजुक, विपक्ष का शिंदे पर निशाना

ठाणे, एजेंसी

▸▸ भाजपा विधायक ने शिवसेना नेता को मारी थी गोली

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भूमि विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा गोली चलाने के बाद शिवसेना के एक नेता को कई गोलियां लगीं और उनकी हालत नाजुक है। इसके बाद विपक्ष ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस्तीफे की मांग की।

उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं कि विधायक ने किस कारण से और किन परिस्थितियों में गोली चलाई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडिया को बताया कि कल्याण से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड पर गोलियां चलाईं थीं।

मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है : खरगे

ब्यूरो, नई दिल्ली

▸▸ कांग्रेस अध्यक्ष ने न्याय संकल्प रैली में साधा निशाना

अमृत विचार: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां शनिवार को कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और अगर यह संघर्ष विफल रहा तो मोदी सरकार के तहत लोगों को नुकसान होगा। 'न्याय संकल्प सम्मेलन' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे हमले किए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने और देश में पैदा हुए काले धन को वापस लाने के अपने वादों को पूरा नहीं किया।

खरगे ने कहा-मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है। उन्होंने प्रधान मंत्री पर देश पर अपने विचार थोपने और सत्ता हासिल करने के लिए सभी को दंडित करने" की कोशिश करने का आरोप लगाया। खरगे ने कांग्रेस की ओर से राहुल को धन्यवाद दिया और कहा कि यात्रा निकालने का उनका फैसला शायद पार्टी में किसी भी नेता द्वारा उठाया गया अब तक का सबसे बड़ा कदम है। वह युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब लोगों सहित सभी के लिए न्याय मांग रहे हैं। इतनी विपरीत परिस्थितियों और ठंड के बावजूद वह यात्रा निकाल रहे हैं। वह भाजपा सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह लड़ाई लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए है। यदि आप इस लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने में विफल रहते हैं, तो आप मोदी के गुलाम बन जाएंगे।

खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ है। वे देश को खत्म करना चाहते हैं और गरीबों को अलग करना चाहते हैं। कांग्रेस को भाजपा की विभाजनकारी नीति के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए हर घर में जाना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेसियों सहित देश में जो भी व्यक्ति समझदारी की बात करता है, उस पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए देश के लोगों और विपक्षी दलों को "डराना" चाहती है।

झारखंड विस में विश्वास मत में भाग ले सकेंगे हेमंत सोरेन

रांची, एजेंसी

▸▸ रांची की एक विशेष अदालत ने दी है अनुमति

रांची की एक विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच फरवरी को राज्य विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दे दी। धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किए गए हेमंत सोरेन ने विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में हेमंत ने चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार के विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति मांगी थी।

अदालत ने शुक्रवार को सोरेन को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। सोरेन ने अदालत के समक्ष दलील दी कि वह विधानसभा के सदस्य हैं और उन्हें विशेष सत्र में भाग लेने का अधिकार है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता (हेमंत सोरेन) अर्जी दायर कर इस अदालत से एक आदेश का अनुरोध कर रहा है, ताकि उन्हें झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने और पांच फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे होने वाले विश्वास मत की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी जा सके।'' चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार को पांच फरवरी को सदन में बहुमत साबित करने के लिए विश्वास मत हासिल करना है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई ने मुख्यमंत्री का पद संभाला था। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि ईडी ने याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई। रंजन ने कहा-हमने कहा कि मामला अब उजागर हो चुका है और ईडी का उद्देश्य कोई जांच करना नहीं, बल्कि नयी सरकार के गठन में बाधा डालना या सरकार गिराना है।

अदालत से संजय सिंह को राहत, राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की दी अनुमति

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राहत देते हुए उन्हें पांच फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत की इजाजत के बाद श्री सिंह दोबारा राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अदालत ने जेल अधिकारियों को श्री सिंह को सोमवार सुबह 10 बजे संसद ले जाने का निर्देश दिया। आप सांसद ने शुक्रवार को अदालत से संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी थी। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि अदालत ने आज उन्हें शपथ लेने की मंजूरी दे दी। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और श्री सिंह को हालांकि दिल्ली शराब घोटाले मामले में अदालत से राहत नहीं मिली है। दरअसल अदालत ने दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत अब 17 फरवरी तक बढ़ा दी है। इससे पहले 20 जनवरी को दिल्ली अदालत ने आप के दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत को तीन फरवरी तक बढ़ा दी थी। 'आप' के दोनों नेताओं को शराब घोटाले में न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था।

ममता ने श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरण की घोषणा की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 21 फरवरी तक राज्य के 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर देगी, जिनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बनर्जी ने शुक्रवार को शहर में बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के सामने 48 घंटे का धरना शुरू किया और केंद्र से विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए " बकाया राशि" जारी करने की मांग की। बनर्जी ने धरनास्थल से घोषणा की, हमें भाजपा से भीख नहीं मांगनी है और न ही भाजपा की भीख चाहिए। 21 फरवरी तक हम उन 21 लाख श्रमिकों के बैंक खातों में पैसे अंतरित कर देंगे, जिन्हें पिछले तीन साल से काम करने के बाद भी मनरेगा का पैसा नहीं मिला है।

कारोबार/कृषि

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-1865, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1435, सचिन 1420, सूरज 1460, अवसर 1500, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती 1 किलो, 5किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9900-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14200, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4030, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी (नई) 4090 रुपये।

6.7% रहेगी अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने ताजा रिपोर्ट में वर्ष 2030-31 तक के लिए जताई उम्मीद

कोलकाता, एजेंसी

क्रिसिल ने कहा कि वर्तमान दशक के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2030-31 के बीच अर्थव्यवस्था इस दर से बढ़ेगी।

एजेंसी के मुताबिक यह दर महामारी से पहले की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। क्रिसिल के अनुसार इस प्रवृत्ति में पूंजी का मुख्य रूप से योगदान होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने निर्माण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और राज्यों के निवेश प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दे रही है।

क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बाद, अगले वित्त वर्ष में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ब्याज दर के मोर्चे पर सतर्क रहेगा, क्योंकि उसकी नजर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर लाने पर रहेगी।

इंजीनियरिंग उद्योग 2030 तक निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को उत्साहित

नई दिल्ली। देश के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र ने शनिवार को कहा कि यह क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं और 2030 तक इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को लेकर उत्साहित और इस क्षेत्र के बार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों से इस उद्योग का विश्वास बढ़ा है। श्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 का शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में उद्घाटन किया था और प्रदर्शनी का अवलोकन किया था। ईईपीसी की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के उत्साहजनक शब्दों के बाद निर्यात बाजार में अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र उद्योग में पीएम के विश्वास से उत्साहित है और उम्मीद है कि 2030 तक भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। श्री गरोडिया ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने कल्पना की है कि भारत एक विकसित देश बनने के लिए पूरी तरह तैयार है और इंजीनियरिंग क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गरोडिया ने कहा-जैसा कि देश के गतिशीलता क्षेत्र में परिवर्तन चल रहा है, इंजीनियरिंग क्षेत्र यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार को अपना रहा है कि भारत उद्योग 4.0 में दुनिया का नेतृत्व करे। इंजीनियरिंग क्षेत्र भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पार्क होटल्स ने आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से 409 करोड़ रुपये जुटाए

नई दिल्ली। द पार्क ब्रांड के अंतर्गत संचालित एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले एंकर निवेशकों से 409.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी परिपत्र के अनुसार, कंपनी ने 37 निवेशकों को 155 रुपये प्रति शेयर पर 2.64 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है। यह मूल्य दायरे का ऊपरी स्तर भी है। इसका निचला स्तर 147 रुपये है। एंकर निवेशकों में सोसाइटी जनरल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, इंटीग्रेटेड कोर स्ट्रेटेजीज (एशिया) प्राइवेट लिमिटेड, बजाज अलायंज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सीएलएसए ग्लोबल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड व अन्य हैं।

पीएलआई योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले-उद्योगों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी अहम

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उद्योग को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि उद्योग के लिए आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

उन्होंने पीएलआई प्रोत्साहन का लाभ पाने वाली कंपनियों से योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया" साझा करने को कहा। उन्होंने कहा-यह विचार भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनाने का है और आगे एक लंबी यात्रा तय करनी है। सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों सहित 1,200 से अधिक हितधारक यहां 14 पीएलआई योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। गोयल ने कहा-इन प्रोत्साहनों को बैसाखी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और हम आपको सरकारी सब्सिडी पर निर्भर नहीं बनाना चाहते हैं। यह केवल एक शुरुआत की तरह है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना केवल आपको शुरुआत में थोड़ा सा बढ़ावा देने के लिए है और कृपया इसे प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखें, (क्योंकि) आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,500
गिन्नी (प्रति नग)	48,050-48,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,250
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,100
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,350
चांदी आभूषण	73,000।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत :100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक राष्ट्र, एक चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ ने जताया समर्थन

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक साथ चुनाव कराने के लिए अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर चुनावी चक्र एक हो जाएंगे।

सीआईआई ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव (ओएनओई) पर उच्च स्तरीय समिति के सामने अपने विचार रखे। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में ओएनओई पर उच्च स्तरीय समिति ने अपनी पांचवीं बैठक की। उद्योग निकाय ने कहा कि सीआईआई का विचार चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के आर्थिक लाभों पर आधारित है, जिससे शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसने कहा कि बार-बार चुनावों से नीति निर्माण और प्रशासन में व्यवधान होता है, जिससे सरकार की नीतियों के बारे में अनिश्चितता पैदा होती है।

धनशोधन की चिंताओं के चलते आरबीआई को लगाना पड़ा पेटीएम बैंक पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ऑडिट रिपोर्ट में नियमों के गैर अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी मिली थीं गड़बड़ियां

धन शोधन संबंधी चिंताओं और वॉलेट पेटीएम तथा इसकी बैंकिंग शाखा के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के कारण भारतीय रिजर्व बैंक को विजय शेखर शर्मा द्वारा संचालित इकाइयों पर शिकंजा कसना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है।

रामकुमार-बालाजी ने पाकिस्तान पर दिलाई 2-0 से बढ़त

डेविस कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत, युकी भांबरी और साकेत के मैच आज

इस्लामाबाद, एजेंसी

भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के मैचों में जीत दर्ज कर शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए। रामकुमार ने ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3), 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में बालाजी को अकील खान ने चुनौती

दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे। बालाजी ने दोनों सेट में एक-एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे।

भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा।

राम और क्राजिसेक ने अमेरिका को दिलाई अजेय बढ़त

विनियस (लिथुआनिया)। राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर बेस्ट ऑफ फाइव क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया। राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी क्रुतिख की जोड़ी को 6-3, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले सेबेस्टियन कोर्डा और क्रिस यूबैंक्स ने एकल वर्ग के मैच में जीत के साथ अमेरिका को शुरुआत दिलाई थी। कोर्ड ने क्रुतिख को 6-3, 6-7, 6-4 से, जबकि यूबैंक्स ने व्याचेस्लाव बिलिंस्की को 6-3, 6-2 से हराया था। फ्रिट्ज ने शुक्रवार को वापसी करते हुए ओर्लोव व्लादिस्लाव को 6-3, 6-4 से हराकर अमेरिका की बढ़त को 4-0 कर दिया। नोवाक जोकोविच के बिना खेल रही मेजबान सर्बिया की टीम स्लोवाकिया से 0-2 से पिछड़ रही है। एलेक्स मोल्कन ने दुसान लाजोविच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में लुकास क्लेन ने मायोमीर केकमानोविच को हराया।

साई सुदर्शन के शतक से भारत ए ने खड़ा किया रनों का पहाड़

अहमदाबाद, एजेंसी

साई सुदर्शन के शानदार शतक से भारत ए शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

इंग्लैंड लायंस ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर बनाए 83 रन

सुदर्शन ने 240 गेंद में 117 रन की पारी खेली, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 409 रन बनाकर कुल 402 रन की विशाल बढ़त हासिल की। जीत के लिए 403 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस ने स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 83 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड को मैच जीतकर श्रृंखला बराबर करने के लिए अंतिम दिन 320 रन और बनाने होंगे। मेजबान टीम अभी श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए हुए है। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 148 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। सुदर्शन ने 54 रन की पारी को शतक में बदला। रिंकू सिंह ने 25 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 38 रन बनाए। रिंकू और सुदर्शन ने चौथे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई। सुदर्शन ने फिर कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।

पिछले टेस्ट मैच में महज 3 रन से शतक लगाने से चूके गए थे सुदर्शन

तमिलनाडु के 22 साल के खिलाड़ी सुदर्शन ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पिछले टेस्ट में 97 रन बनाए थे लेकिन इस मैच में वह अर्धशतक को शतक में तब्दील करने से नहीं चूके, उन्होंने पारी में 16 चौके जड़े थे। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन पांच पारियों में महज एक अर्धशतक जड़ सके हैं। सारांश जैन (63) और आकाश दीप (31) ने आठवें विकेट के लिए 60 रन जोड़कर भारत ए को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। जैन ने फिर गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए फॉर्म में चल रहे कीटन जेनिंग्स (27) और ओलिवर प्राइस (11) के विकेट झटक लिए।

यशस्वी जायसवाल ने बल्ले, बुमराह ने गेंद से इंग्लैंड पर बरसाया कहर

पहली पारी में भारत ने बनाए 396 रन, जवाब में 253 पर सिमटी इंग्लैंड की पूरी टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शनिवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बुमराह ने 45 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन पर सिमट गई। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर कुल 171 रन की बढ़त हासिल कर ली। कप्तान रोहित शर्मा 13 और यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के जैक क्राउली ने आक्रामक शुरुआती की। वह 78 गेंद में 76 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। इस मैच में बुमराह ने कॅरिअर में 10वीं बार पांच विकेट झटकने के साथ टेस्ट में 150 विकेट का आंकड़ा छुआ। वह वकार यूनुस के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई गेंदबाज है। जो रूट (पांच), ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (47) को बुमराह ने अपनी चतुराई से चकमा देकर आउट किया। बुमराह को कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 3 विकेट लिए। कुलदीप ने बेन डकेट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

209 रन बनाए यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में

6 विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह ने तोड़ी इंग्लैंड की कमर

हालांकि मुकेश कुमार के खिलाफ इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाए। भारतीय टीम तीसरे दिन ऐसे स्कोर तक पहुंचना चाहेगी जिसे हासिल करना इंग्लैंड के लिए काफी मुश्किल हो। पिच से अब असामान्य उछाल मिल रहा है और ऐसे स्थिति में बैजबॉल क्रिकेट खेलने वाली इंग्लैंड के लिए 400 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।

दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद पर 209 रन बनाए। इससे पहले विनोद कांबली ने 1993 में 22 साल से कम उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। कांबली से पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था।

मुश्किलों भरा रहा कामयाबी का सफर

उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले यशस्वी जायसवाल की जिंदगी मुश्किलों से भरी रही है। वह 11 साल की उम्र में आजाद मैदान में प्रशिक्षण लेने के लिए भदोही से मुंबई पहुंचे थे। वहां गुजारा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम किए। यहां तक की सड़क किनारे पानी पूरी भी बेची। प्राशिक्षण के शुरुआती सालों में आजाद मैदान के कर्मियों के साथ तंबू में रहे। यशस्वी 2020 में अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद सुर्खियों में आए। उसी साल राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल की नीलामी में उन्हें टीम से जोड़ा।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड			253/10 (55.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली का अय्यर बो अक्षर	76	78	11/2
बेन डकेट का पाटीदार बो कुलदीप	21	17	4/0
ऑली पोप बो बुमराह	23	55	2/0
जो रूट का गिल बो बुमराह	5	10	1/0
जॉनी बेयरस्टो का गिल बो बुमराह	25	39	4/0
बेन स्टोक्स बो बुमराह	47	54	5/1
बेन फोक्स बो कुलदीप	6	10	1/0
रेहान अहमद का गिल बो कुलदीप	6	15	1/0
टॉम हार्टले का गिल बो बुमराह	21	24	2/1
जेम्स एंडरसन पगबाधा बुमराह	6	19	1/0
शोएब बशीर नाबाद	8	15	1/0

अतिरिक्त : 9, **कुल :** 55.5 ओवर में ऑल आउट : 253 रन, **विकेट पतन :** 1-59, 2-114, 3-123, 4-136, 5-159, 6-172, 7-182, 8-229, 9-234, **गेंदबाजी :** बुमराह 15.5-5-45-6, मुकेश 7-1-44-0, कुलदीप 17-1-71-3, अश्विन 12-0-61-0, अक्षर 4-0-24-1

भारत			396/10 (112 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का बेयरस्टो बो एंडरसन	209	290	19/7
रोहित शर्मा का पोप बो बशीर	14	41	0/0
शुभमन गिल का फोक्स बो एंडरसन	34	46	5/0
श्रेयस अय्यर का फोक्स बो हार्टले	27	59	3/0
रजत पाटीदार बो रेहान	32	72	3/0
अक्षर पटेल का रेहान बो बशीर	27	51	4/0
श्रीकर भरत का बशीर बो रेहान	17	23	2/1
अश्विन का फोक्स बो एंडरसन	20	37	4/0
कुलदीप यादव नाबाद	8	42	0/0
जसप्रीत बुमराह का रूट बो रेहान	6	9	1/0
मुकेश कुमार का रूट बो बशीर	0	3	0/0

अतिरिक्त : 02, **कुल :** 112 ओवर में ऑल आउट : 209 रन, **विकेट पतन :** 1-40, 2-89, 3-179, 4-249, 5-301, 6-330, 7-364, 8-383, 9-395, **गेंदबाजी :** एंडरसन 25-4-47-3, रूट 14-0-71-0, हार्टले 18-2-74-1, बशीर 38-1-138-3, रेहान 17-2-65-3

खेल डायरी

मेस्सी-बार्सिलोना के बीच करार का नैपकिन होगा नीलाम

लंदन। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ कॅरिअर एक नैपकिन पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3.15 करोड़ रुपये) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इसके लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। बोनहम्स ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें सैद्धांतिक रूप से मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसका उद्देश्य उनके पिता जॉर्ज मेस्सी को आश्वस्त करना था कि यह सौदा पूरा होगा। इसके तुरंत बाद क्लब के साथ विस्तृत अनुबंध हुआ था।

अस्मिता थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारी

बैंकॉक। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का शनिवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट का सफर महिला एकल सेमीफाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सुपानिडा काटेथोंग से सीधे गेम में हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 35 मिनट तक चले मुकाबले के सीधे गेमों में 21-13, 21-12 से हराया। बाएं हाथ की दो खिलाड़ियों का मुकाबला शुरुआत से एकतरफा रहा। सुपानिडा ने पहले गेम में 8-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद भारतीय खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी, जिससे स्कोर 6-7 था। वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी। थाईलैंड की खिलाड़ी ने अगले 10 में से नौ अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया।

विश्व चैंपियनशिप के लिए आरती ने किया क्वालीफाई

पुणे। भारतीय शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक थाईलैंड में होने वाली आगामी बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 वर्षीय कोल्हापुर निवासी आरती महिला एकल एसयू-5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है। खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता था। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल स्पर्धाओं में 7 कांस्य पदक अर्जित किए हैं। आरती ने इससे पहले 2019 में बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था।

नेपाल की टीमों की ट्रेनिंग में मदद करेगा बीसीसीआई

नई दिल्ली। बीसीसीआई करीब एक दशक से अफगानिस्तान क्रिकेट की मदद करता रहा है और अब दक्षिण एशियाई क्षेत्र में मजबूत क्रिकेट माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से नेपाल के खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचे और ट्रेनिंग संबंधित सहायता देने के लिए तैयार है। संभावना है कि नेपाल की सीनियर राष्ट्रीय टीम जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले दिल्ली में ट्रेनिंग कर सकती है और कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकती है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के अध्यक्ष चतुर बहादुर ने शुक्रवार को महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) बैठक के दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात की। इस बैठक में उन्होंने अपने देश के उभरते क्रिकेटरों को गेम टाइम और बुनियादी ढांचे के लिए मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया। सीएएन के एक सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई सचिव ने उनसे एक आधिकारिक प्रस्ताव का मसौदा तैयार करने को कहा कि वे बीसीसीआई से किस तरह की मदद की उम्मीद करते हैं। शाह नेपाल में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए काफी समर्थक रहे हैं। नेपाल में क्रिकेट के प्रति काफी ज्यादा जुनून है और जब भी राष्ट्रीय टीम एक मैच खेलती है तो स्टेडियम खचाखच भरे होते हैं।

टर्निंग पिचों की जगह अच्छे विकेट पर खेलना चाहिए : सौरभ गांगुली

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को जसप्रीत बुमराह के स्पैल को देखकर टर्न लेती पिचों के बजाय अच्छी पिचें तैयार करने की वकालत की। बुमराह ने यार्कर गेंद पर ओली पोप को आउट किया था। गांगुली ने एक्स पर लिखा कि जब वह बुमराह, शमी, सिराज और मुकेश को गेंदबाजी करते देखते हैं तो हैरानी होती है कि भारत में टर्निंग पिच तैयार करने की क्या जरूरत है। प्रत्येक मैच के साथ उनका अच्छे विकेट पर खेलने को लेकर विश्वास मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने लिखा कि उन्हें अश्विन, जडेजा, कुलदीप और अक्षर के सहयोग से किसी भी पिच पर 20 विकेट मिल जाएंगे। बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख ने पिछले साल के शुरू में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की घरेलू श्रृंखला में भी यही विचार व्यक्त किए थे। खासकर इंदौर की पिच को आईसीसी से खराब रेटिंग मिलने के बाद।

आर्यन और करन ने असम के खिलाफ ठोका दोहरा शतक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी और असम के बीच रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को यूपी टीम ने आर्यन जुयाल और करन शर्मा के दोहरे शतकों की बदौलत 8 विकेट पर 548 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जवाब में असम ने भी सधी हुई शुरुआत करते हुए खेल समाप्त होने तक 39 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन बना लिए।

548 रनों के जवाब में असम ने बिना नुकसान के बनाए 116 रन

आर्यन जुयाल और करन शर्मा।

दूसरे दिन यूपी ने 319 रनों से आगे खेलना शुरू किया। आर्यन जुयाल 278 गेंदों पर 21 चौके व एक छक्के की मदद से 201 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन और करन शर्मा के बीच 444 गेंदों में 298 रनों की साझेदारी हुई। चौथा विकेट कप्तान नितीश राणा का गिरा। उन्होंने राहुल सिंह की गेंद पर परवेज खान को कैच दे दिया। इस समय यूपी का स्कोर 420 रन था।

लंच तक यूपी ने 4 विकेट के नुकसान पर 113 ओवर में 474 रन बना लिए थे। पांचवां विकेट अकाशदीप का गिरा। उन्होंने 53 रन बनाए। इसके बाद एम दत्ता की गेंद पर समीर रिजवी अभिषेक को कैच देकर चलते बने। इस समय यूपी का स्कोर छह विकेट पर 537 रन रहा। सातवां विकेट करन शर्मा का गिरा। करन ने 208 रनों का योगदान दिया। उन्होंने 300 गेंदों पर 21 चौके व दो छक्के लगाए। 128.3 ओवर में एम दत्ता की गेंद पर शिवम शर्मा के तीन रन बनाकर आउट होते ही यूपी ने पारी घोषित कर दी। जवाब में असम की भी शुरुआत अच्छी रही। परवेज मुशर्रफ (53), राहुल हजारिका (51) रन पर खेल रहे हैं। असम के गेंदबाज एम दत्ता ने चार, राहुल सिंह ने तीन, मुख्तार हुसैन ने एक विकेट लिया।



मार्च में रिलीज होगी करीना, तब्बू और कृति की द क्रू

अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म द क्रू 29 मार्च में रिलीज होगी। फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन लीड रोल में हैं। मेकर्स ने रिलीज डेट का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है। इसमें करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस की पोशाक में दिख रही हैं। तीनों एयरपोर्ट की एक गैलरी में चलते हुए दिख रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में आवाज आती है, देवियों और सज्जनों, मैं आपका कैप्टन बोल रहा हूं। आज की फ्लाइट में आपका स्वागत है। हमारा क्रू आपका बहुत ख्याल रखेगा, लेकिन आपसे एक अनुरोध है कि अपनी चोली कसकर पकड़ लें ताकि दिल बाहर ना गिर जाए। वीडियो के आखिरी में द क्रू की रिलीज डेट 29 मार्च बताई गई है। करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अपनी कमर कस लें, अपना पॉपकॉर्न तैयार करें, और परोसने के लिए तैयार हो जाएं। द क्रू मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करीना ने कैप्शन में रिया कपूर, कपिल शर्मा और एकता कपूर को भी टैग किया और बताया कि फिल्म में इनकी स्पेशल अपीयरेंस होगी।

फराह खान ने शोएब इब्राहिम के एक्ट की तारीफ की

कोरियोग्राफर फराह खान ने शोएब इब्राहिम की तारीफ करते हुए कहा कि आपके परफॉर्मेंस से लगता है जैसे मुझे ओम शांति ओम पार्ट 2 की कहानी मिल गई है। इस वीकेंड, सोनी पर रियलिटी शो झलक दिखला जा में जूही चावला के कुछ सबसे प्रतिष्ठित गीतों पर प्रतियोगियों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली डांस परफॉर्मेंस दी जाएगी।

भूल भुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता, शरवरी की एंट्री

साल 2022 में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को लोगों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी नजर आई थीं। इसके बाद मेकर्स ने इसके तीसरे भाग को बनाने का फैसला किया। फिल्म भूल भुलैया 3 के लिए कार्तिक आर्यन का नाम शुरुआत से फाइनल कर दिया गया था लेकिन अभिनेत्री को लेकर लगातार अलग-अलग खबरें आ रही हैं। पहले कहा गया कि फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जगह सारा अली खान नजर आएंगी। अब ताजा रिपोर्ट है कि फिल्म में शरवरी वाघ की एंट्री हो गई है। दरअसल कार्तिक आर्यन और शरवरी वाघ को टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इसके बाद से खबरें आने लगीं कि भूल भुलैया 3 में कियारा आडवाणी और सारा अली खान नहीं बल्कि शरवरी वाघ नजर आएंगी। हालांकि निर्माता की तरफ से अब तक कोई बयान नहीं आया है।

शरवरी वाघ ने 2015 में फिल्म प्यार का पंचनामा में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर कॅरिअर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कुछ फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। शरवरी वाघ ने साल 2021 में फिल्म बंटी और बबली 2 से अपने एक्टिंग कॅरिअर की शुरुआत की। वहीं कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 के अलावा चंदू चैंपियन, आशिकी 3 और कैप्टन इंडिया जैसी फिल्में कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे।

कार्तिक आर्यन आंखों में सितारे लेकर मुंबई आने वाले लोगों के सच्चे प्रतिनिधि : मनोज बाजपेयी

अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्म सत्यप्रेम की कथा में सत्तू के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक) का अवॉर्ड मिलने पर कार्तिक आर्यन की तारीफ की। वहीं जब मनोज बाजपेयी को अवॉर्ड मिला तो उन्होंने यह अवॉर्ड खासतौर से कार्तिक आर्यन को समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कार्तिक को मंच पर बुलाया और उन्हें इंडस्ट्री में आउटसाइडर लोगों का सच्चा प्रतिनिधि बताया और अपना अवॉर्ड भी उन्हें समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कहा कि कार्तिक अपनी आंखों में सितारे लेकर बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं और इसे सरासर लचीलापन, बुद्धिमत्ता और पूर्ण समर्पण के साथ बनाते हैं। इसलिए निर्देशक द्वारा धन्यवाद देने से पहले, वह उनका और उन जैसे सभी अभिनेताओं को धन्यवाद देता हैं, जो इतना साहस जुटा रहे हैं। जो इस बड़ी सिटी मुंबई आए हैं और दरवाजा खुलने तक हर समय जोर-जोर से दरवाजा खटखटाते रहते हैं, जब तक वह खल न जाए।

अक्षय कुमार के गाने शंभू का टीजर रिलीज

अभिनेता अक्षय कुमार के नए गाने शंभू का टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो शंभू का टीजर जारी किया है। टीजर में अक्षय कुमार महादेव के किरदार में तांडव करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने गाने की रिलीज डेट 5 फरवरी बताई है। अक्षय कुमार ने जय महाकाल लिखकर पोस्ट शेयर की है। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है। अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे है, जबकि संगीत विक्रम मोंट्रोस ने दिया है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज केस होगा रद शीर्ष कोर्ट ने दिए आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज एफआईआर को रद करने का आदेश दिया है। बता दें, 2018 में तमिलनाडु की कुरंगानी पहाड़ियों में 13 लोगों की मौत के मामले में तमिलनाडु पुलिस ने बेल्जियम के नागरिक- पीटर वान गीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

शीर्ष अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी और सभी कानूनी कार्यवाहियों को रद किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पर्वतारोहण / ट्रेकिंग के दौरान जंगली आग की चपेट में आने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई थी। शीर्ष अदालत में जस्टिस बीवी नागरत्ना और एजी मसीह की पीठ ने बेल्जियम के नागरिक को राहत देने का आदेश पारित किया। इससे पहले मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने 20 अगस्त, 2022 को बेल्जियन नागरिक को राहत देने से इनकार कर दिया था।

सर्वोच्च नागरिक सम्मान है भारत रत्न

भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान 2 जनवरी 1954 को स्थापित किया गया था। तब से यह सम्मान 'मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र' में योगदान के लिए 26 जनवरी को दिया जाता है। भारत रत्न के लिए सिफारिशें प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को की जाती हैं। इसमें प्रति वर्ष अधिकतम 3 व्यक्तियों को पुरस्कार देने का प्रावधान है। सम्मानित व्यक्ति को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाण पत्र) और एक पीपल के पत्ते के आकार का पदक मिलता है। यह सम्मान 13 जुलाई 1977 से 26 जनवरी 1980 तक निलंबित भी किया गया था।

सम्मान के बाद मिलता है इनता कुछ

- पीपल के पत्ते के आकार का पदक।
- भारत के राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाणपत्र)।
- कैबिनेट मंत्री के बराबर वीआईपी का दर्जा, जबकि किसी राज्य में जा रहे हैं तो राज्य अतिथि का दर्जा।
- स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हो सकते हैं।
- भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को हवाई जहाज (एग्जीक्यूटिव क्लास), ट्रेन और बस में निशुल्क यात्रा की छूट।
- राजनयिक पासपोर्ट का अधिकार।
- भारतीय वरीयता क्रम में सातवें स्थान पर रखा गया और राज्य सरकारें विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं।

3 विभूतियों को एक साथ मिला था सम्मान

आजाद भारत के पहले गवर्नर-जनरल और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सी राजगोपालाचारी, दूसरे राष्ट्रपति और भारत के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा नोबेल पुरस्कार विजेता और भौतिक वैज्ञानिक सीवी रमन को 1954 में एक साथ सम्मानित किया था। उस समय राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे। 48 व्यक्तियों को यह सम्मान मिल चुका है। शुरुआत में यह सम्मान सिर्फ जीवित व्यक्तियों के लिए था, लेकिन 1955 में नियमों में सुधार किया गया।

मिलता है वीआईपी का दर्जा

भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति वीआईपी में शामिल होता है। प्रोटोकॉल में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा स्पीकर, कैबिनेट मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता के बाद जगह मिलती है। भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को राशि नहीं मिलती, लेकिन कैबिनेट मंत्री के बराबर वीआईपी का दर्जा मिलता है।

50वां भारत रत्न

वर्ष 2024 में केंद्र सरकार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने के फैसला किया। अब यह पुरस्कार पाने वालों की संख्या 50 हो गई है।

अब तक इन महान विभूतियों को मिल चुका है भारत रत्न

- **1954** में पहली बार साल पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन, डॉक्टर चंद्रशेखर वेंकट रमन,और स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को।
- **1955** में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और डॉ. भगवान दास।
- **1957** में पंडित गोविंद वल्लभ पंत को यह सम्मान दिया गया था।
- **1958** में डॉ. धोंडो केशव कर्वे को यह सम्मान मिला।
- **1961** में पुरुषोत्तम दास टंडन, बिधान चंद्र रॉय को।
- **1962** में पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को।
- **1963** में पूर्व राष्ट्रपति डॉ जाकिर हुसैन को।
- **1963** में डॉ. पांडुरंग वामन काणे।
- **1966** में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को मरणोपरांत।
- **1971** में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी।
- **1975** में वीवी गिरी को।
- **1976** में के.कामराज को मरणोपरांत मिला।
- **1980** में सामाजिक कार्यकर्ता मदर टेरेसा को।
- **1983** में आचार्य विनोवा भावे को मरणोपरांत।
- **1987** में खान अब्दुल गफ्फार खान।
- **1988** में मनिदुर गोपालन रामचन्द्रन को मरणोपरांत।
- **1990** में दक्षिण अफ्रीका के डॉ. नेल्सन रोलीहलाहला मंडेला, डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर (मरणोपरांत)।
- **1991** में पूर्व प्रधानंत्री राजीव गांधी (मरणोपरांत), मोरारजी रणछोड़जी देसाई, सरदार वल्लभभाई पटेल (मरणोपरांत) को।
- **1992** में सत्यजीत रे को मरणोपरांत, जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (मरणोपरांत) को।
- **1997** में अरुणा आसफ अली (मरणोपरांत), गुलजारी लाल नंदा (मरणोपरांत) और पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम आजाद को।
- **1998** में मदुरै शन्मुखवदिवु सुब्बालक्ष्मी, चिदम्बरम सुब्रमण्यम, गोपीनाथ बोरदोलोई (मरणोपरांत)।
- **1999** में जयप्रकाश नारायण (मरणोपरांत), प्रो अमर्त्य सेन, पंडित रविशंकर को।
- **2001** में उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, सुश्री लता दीनानाथ मंगेशकर को।
- **2009** में पंडित भीमसेन गुरुराज जोशी को।
- **2014** में भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज सचिन रमेश तेंदुलकर, प्रोफेसर चिंतामणि नागेसा रामचन्द्र राव को।
- **2015** में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) को।
- **2019** में भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, डॉ. भूपेन्द्र कुमार हजारिका (मरणोपरांत), नानाजी देशमुख (मरणोपरांत) को।

एक नजर

तुर्किये ने आईएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया

अंकारा। तुर्किये ने आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को आइएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया है। तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पोस्ट पर जानकारी देते हुए कहा कि ये सभी संदिग्ध ऑपरेशन केज-35 के अंतर्गत पकड़े गए हैं। सभी विदेशी नागरिक हैं। ये इंटरपोल नोटिस के तहत वांटेड थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कई पिस्टल भी बरामद किए हैं। पिछले हफ्ते रविवार की प्रार्थना के दौरान इस्तांबुल चर्च में दो आइएस बंदूकधारियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या के बाद तुर्किये अधिकारियों ने इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

अर्जेंटीना में सब्सिडी कटौती के विरोध में उग्र प्रदर्शन

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुधार मुहिम के विरोध में जनता सड़कों पर है। शुक्रवार को प्रदर्नकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाई। इस झड़प में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रपति जेवियर ने पद संभालते ही अर्जेंटीना की मुद्रा पेसो का मूल्य 50 फीसदी से अधिक कम कर दिया। राष्ट्रपति जेवियर का कार्यकाल शुरू होने के दो महीने बाद से ही देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के दो करीबी आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कथित करीबी को गिरफ्तार किया है। जिसने गायक सिद्धू मूसेवाला के हत्यारों की छिपने में मदद की थी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि मनदीप सिंह उर्फ छोटा मणि को मनीमाजरा के गोबिंदपुरा से उसके एक साथी जतिंदर सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के पास से 12 कारतूस और दो पिस्तौल भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर टीम ने पता लगाया और उसे एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा दोनों आरोपी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह के लिए सक्रिय रूप से काम करते थे और उनका आपराधिक इतिहास है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ चंडीगढ़ और हरियाणा में हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं।

सीरिया-इराक में अमेरिकी एयरस्ट्राइक

जॉर्डन हमले के जवाब में 85 ठिकाने तबाह, 6 आतंकी समेत 16 की मौत

दमिश्क, एजेंसी

अमेरिकी सेना जॉर्डन में सैन्य अड्डे पर हुए ड्रोन हमले के जवाब में शुक्रवार देर रात सीरिया और इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर बमबारी की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में अमेरिका के हवाई हमलों में छह मिलिशिया लड़ाके समेत 16 लोग मारे गए हैं। इनमें तीन गैर-सीरियाई थे। अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने शुक्रवार को इराक और सीरिया में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और उनके समर्थित मिलिशिया से जुड़े 85 से अधिक ठिकानों पर जवाबी हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने हवाई हमलों ने कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन भंडारण सुविधाओं के साथ-साथ रसद और गोला-बारूद आपूर्ति श्रृंखला सुविधाओं को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने 125 से अधिक युद्ध सामग्री के साथ 85 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। वहीं, सीरिया की सरकारी मीडिया ने कहा कि सीरिया के रेगिस्तानी इलाकों और इराक से लगती सीमा के पास स्थित ठिकानों पर अमेरिकी हमले में कई लोग हताहत और घायल हुए हैं। पिछले सप्ताह जॉर्डन में सैन्य अड्डे हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे और लगभग 40 अन्य घायल हुए थे। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान समर्थित समूहों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही थी। बीते दिनों ने बाइडन ने जवाबी हमले की मंजूरी दी थी। इसके बाद अमेरिकी ने शुक्रवार को पहला हमला किया।

जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका

अमेरिकी सेना ने ईरान की सीमा के अंदर किसी भी ठिकाने को निशाना नहीं बनाया है। लेकिन अमेरिका के जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। गाजा में पिछले तीन महीने से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के कारण क्षेत्र में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है।

अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे

ईरान समर्थिक आतंकी समूहों के ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने एक बयान में कहा कि अमेरिका मध्य-पूर्व में संघर्ष नहीं चाहता है, लेकिन अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले रविवार को जॉर्डन में ईरान द्वारा समर्थित आतंकी समूहों के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। शुक्रवार को मैं डोवर एयरफोर्स बेस पर इन बहादुर सैनिकों के शवों की वापसी पर श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुआ और उनके परिवारों से बात की।

सर्वाइकल कैंसर की जागरूकता को फैलाई मौत की खबरः पूनम

नई दिल्ली। मॉडल और अभिनेत्री पूनम पांडे की निधन की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। शुक्रवार को अभिनेत्री के इंस्टाग्राम अकाउंट से उनके मैनेजर ने सर्वाइकल कैंसर की वजह से उनकी मौत की जानकारी दी थी, जिसके बाद ये खबर सोशल मीडिया पर फैल गई।

शुक्रवार को पूनम पांडे की मौत की खबर ने मनोरंजन जगत में हलचल मचा दी। तमाम बॉलीवुड हस्तियों ने पूनम की अचानक आई मौत की खबर पर दुख जताया। निधन की सूचना के दूसरे दिन पूनम पांडे ने वीडियो शेयर किया, जिसमें वह इस अफवाह को फैलाने के लिए माफी मांगती नजर आ रही हैं। पूनम ने कहा कि उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के लिए अवेयरनेस फैलाने के लिए अपनी मौत की झूठी खबर फैलाई। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के बारे में जल्दी कोई बात नहीं करता। लोगों को जागरुक करने के लिए ये नाटक करना पड़ा।

नौसेना में शामिल हुआ सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक

विशाखापत्तनम, एजेंसी

▸▸ संधायक भारत में बनने वाला 34वां युद्धपोत, रक्षा मंत्री बोले महासागर में बढ़ेगी मजबूती

सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक शनिवार को औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल हुआ। पोत के जलावतरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार मौजूद हैं।

इस मौके पर एडमिरल हरि कुमार ने अपने संबोधन में कहा, पिछले एक दशक में नौसेना ने अलग-अलग रेंज के अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म को लॉन्च किए हैं, चाहे वह शक्तिशाली विमानवाहक पोत 'विक्रांत' हो, विशाखापत्तनम क्लास का 'डेस्ट्रोयर' हो, बहुमुखी श्रेणी के 'फ्रिगेट', कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां हों या गोताखोरी के लिए विशेष जहाज हो, हम उभरते हुए भारत की सेवा में एक संतुलित और आत्मनिर्भर बल का निर्माण कर रहे हैं। आखिरी तीन युद्धपोत और पनडुब्बियां पिछले दस वर्षों में नौसेना में शामिल किए गए हैं। वे सभी भारत में बनाए गए हैं और संधायक भारत में बनने वाला 34वां पोत है। वहीं, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा,

आईएनएस संधायक के जलावतरण समारोह में मौजूद राजनाथ सिंह।

अगर मैं अपनी नौसैनिक ताकत की बात करूं, तो भारतीय नौसेना इतनी मजबूत हो गई है कि हिंद महासागर और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के मामले में हम पहले जवाब देने वाले बन गए हैं। वैश्विक व्यापार की बात करें तो हिंद महासागर को वैसे भी हॉटस्पॉट के तौर पर गिना जाता है। अदन की खाड़ी, गिनी की खाड़ी आदि कई चोक प्वाइंट हिंद महासागर में हैं, जिसके जरिए से बड़ी मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार होता है। इन चोक प्वाइंट्स पर कई खतरे बने हुए हैं। लेकिन सबसे बड़ा खतरा समुद्री डाकुओं का है।

मालदीव का आरोप-भारतीय नौसेना ने ली जहाजों की तलाशी

माले, एजेंसी

मालदीव की मीडिया ने स्थानीय मछुआरों के हवाले से दावा किया कि भारत के नौसैनिकों ने उनके जहाज पर धावा बोला और तलाशी ली। इसके बाद अब मालदीव सरकार ने औपचारिक रूप से भारत सरकार से उस घटना का व्यापक विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया है।

मालदीव के आरोपों पर भारत सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में दावा किया कि 31 जनवरी को, भारतीय सेना ने मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर मछली पकड़ने की गतिविधियों में लगी एक मालदीव की मछली पकड़ने वाली नाव को रोक लिया। बयान में कहा गया है कि भारतीय तटरक्षक जहाज 246 और 253 की टीमें मछली पकड़ने वाली नौकाओं से पूछताछ के लिए जिम्मेदार थीं। बता दें, राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का अनुरोध किया गया था।

मालदीव सरकार ने किया आधिकारिक अनुरोध

मालदीव की ओर से कहा गया है कि भारतीय सैनिक संबंधित अधिकारियों से पूर्व परामर्श के बिना मालदीव ईईजेड के भीतर मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं पर सवार हो गए, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और नियमों का उल्लंघन हुआ। बयान में कहा गया, "परिणामस्वरूप, मालदीव सरकार ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से एक आधिकारिक अनुरोध शुरू किया है, जिसमें भारत सरकार से घटना का व्यापक विवरण मांगा गया है।

गैर-इस्लामिक निकाह मामले में इमरान और पत्नी बुशरा बीबी को सात-सात साल की जेल

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी खान को बड़ा झटका लगा। बता दें कि पाकिस्तान की एक अदालत ने इमरान और बुशरा को गैर-इस्लामिक निकाह मामले में सात-सात साल की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया।

इस सप्ताह विवादों में घिरे 71 वर्षीय इमरान के खिलाफ चुनावों से पहले यह तीसरा फैसला है और उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। जेल में कैद इमरान को हाल ही में गोपनियता को भंग करने के लिए 10 साल (सिफर मामला) और पत्नी के साथ तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई है। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया। बुशरा पर अपने पूर्व पति को तलाक देने और इमरान खान से निकाह करने के बाद 'इद्दत' को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया था। दरअसल, इद्दत के तहत एक तय समय तक महिला दूसरी शादी नहीं कर सकती है। पहली बार प्रधानमंत्री बनने से सात माह पूर्व जनवरी 2018 में इमरान ने एक गुप्त समारोह में बुशरा के साथ 'निकाह' किया था, लेकिन उनका निकाह अचानक चर्चा का मुद्दा बन गया और सवाल उठने लगे कि क्या उन्होंने अवधि पूरी होने से पहले (इद्दत) निकाह किया था। हालांकि, खान दंपति ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

पहाड़ी हिस्सों में बर्फबारी...

श्रीनगर : कश्मीर के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बर्फबारी हुई। घाटी के अधिकांश हिस्सों में दिन का तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। भारी हिमपात के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। वहीं बारामूला जिले के तंगमर्ग में दो फुट बर्फ जम गई। ● एजेंसी

कराची में चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर विस्फोट

कराची। पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हिंसा का माहौल बना हुआ है। अब कराची में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) कार्यालय के बाहर एक विस्फोट हुआ है।

पुलिस ने बताया कि चुनाव आयोग के प्रांतीय कार्यालय की पार्किंग में आईईडी से भरा एक बैग कूड़े में फेंके जाने के बाद एक छोटा विस्फोट हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, डीआइजी सैयद असद रजा ने कहा कि आईईडी बम वाला प्लास्टिक बैग पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के प्रांतीय मुख्यालय की पार्किंग में रखा गया था। उन्होंने कहा, बैग में टाइमर के साथ एक आईईडी था, लेकिन पार्किंग की सफाई कर रहे एक कर्मचारी ने बैग को देख लिया और उसे इमारत के बाहर कूड़े में फेंक दिया। अधिकारी ने कहा कि जब बैग फेंका गया तो एक छोटा विस्फोट हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया।

विज्ञान जमीन से आसमान तक छिपे जीवन को देखने में होगी सक्षम, अब नए सिरे से होगी एलियन की तलाश

असाधारण दूरबीन बनाने में जुटे यूरोपियन खगोलविद

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्रह्मांड में एलियन की खोज के लिए खगोलविद नए सिरे से जुटने जा रहे हैं। इस दिशा में यूरोपीय वैज्ञानिक असाधारण एक दूरबीन बनाने जा रहे हैं, जो किसी भी प्लैनेट की जमीन से आसमान और किसी भी रूप में छिपे जीवन को देख पाने सक्षम होगी।

एलियन की पहेली आज भी बरकरार है। किस्से कहानियों में इनका जिक्र अक्सर देखा जाता है। मगर इनकी हकीकत का वैज्ञानिक दृष्टि से आज भी पता नही चल पाया है। प्राचीन भारत में उड़न तश्तरियों का जिक्र खूब हुआ करता था। संभवतः कई लोग इसके साक्षी भी रहे होंगे। वर्तमान में आसमान में अनजानी वस्तु देखने को अक्सर मिल ही जाती हैं, लेकिन उड़न तश्तरी का जिक्र सुनने को नही मिलता है। एलियन ब्रह्मांड का बहुत बड़ा रहस्य है। खगोल विज्ञान में इनकी तलाश करीब पांच दशक से की जा रही है, लेकिन कोई अता पता नही चल पाया है। इनकी तलाश में हजारों ग्रहों की खाक वैज्ञानिक छान चुके हैं, लेकिन परिणाम सिफर ही हाथ लगा है। इस जद्दोजहद में लंबा समय बीत चुका है, लेकिन वैज्ञानिक हार मानना नही चाहते। जिसके परिणामस्वरूप अब अगली तैयारी की जा रही है। अब एक ऐसी दूरबीन बनाई जाएगी, जो ब्रह्मांड के एक बड़े हिस्से में मौजूद किसी तिनके जितनी छोटी वस्तु को भी देख लेगी और उसकी सच्चाई को भेद पाने में सक्षम होगी। यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) के नाम से दूरबीन बनाई जाएगी, जो दो दशक बाद ब्रह्मांड में किसी भी चट्टानी दुनिया को देख सकेगी। वर्तमान वैज्ञानिक इस दूरबीन का निर्माण करेंगे और अगली पीढ़ी इस दूरबीन से एलियन की तलाश करेगी।

एलियन की तलाश में इस तरह की होगी यूरोपियन दूरबीन।

दुनिया की सबसे बढ़ी दूरबीन होगी ईएलटी

वर्तमान में दुनिया के कई हिसों में अभी तक की सबसे बढ़ी दूरबीनें बनाने की कवायद की जा रही है। जिनमें सबसे बड़ी यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) होगी। इस दूरबीन का व्यास 128 फीट होगा। इसके अलावा मौना केआ में 98 फीट व्यास की थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) के नाम से बनाई जा रही है। इस दूरबीन में भारत की हिस्सेदारी दस प्रतिशत की होगी। 79 फीट की विशालकाय मैगेलन टेलीस्कोप (जीएमटी) दूरबीन भी बनाई जा रही है। ईएलटी और जीएमटी का निर्माण चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। ईएलटी के लिए पहला दर्पण बनकर तैयार हो चुका है।

भारतीय मूल के वरुण घोष ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में नियुक्त

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की सीनेट में भारतवंशी वरुण घोष नामित किए गए हैं। वह अगले सप्ताह सीनेट में अपनी जिम्मेदारी संभाल लेंगे। लेबर पार्टी ने आधिकारिक रूप से उन्हें पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है।

पश्चिमी आस्ट्रेलिया संसद की संयुक्त बैठक में गुरुवार को 38 वर्षीय वरुण का चयन किया गया। फ्रैंसिस बर्ट चैंबर्स में बैरिस्टर वरुण वर्तमान सीनेटर पैट्रिक डॉडसन का स्थान लेंगे। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की विधानसभा ने एक्स पर यह घोषणा की है, विधानसभा और विधान परिषद ने संघीय संसद की सीनेट में पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए वरुण घोष को चुना है। बीती सदी के नौवें दशक में उनके माता-पिता भारत से में आकर बस गए थे।

हिंदुओं को रिझाने में जुटी ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी

लंदन, एजेंसी

▸▸ ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए पार्टी उठा रही कई महत्वपूर्ण कदम

हाल के वर्षों में भारतवंशियों के बीच पार्टी का समर्थन कम होने की चिंता के बीच ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी ब्रिटिश भारतीयों तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए कई कदम उठाए हैं।

इसमें समुदाय से जुड़े दो स्वयंसेवकों को नियुक्त करना, लेबर फ्रेंड्स आफ इंडिया समूह को नया स्वरूप देना और अपने दो वरिष्ठ शेडो मंत्रियों को भारत भेजने की तैयारी की है।

2021 की जनगणना के अनुसार, भारतीय मूल के लोग ब्रिटेन में सबसे बड़े एशियाई जातीय समूह और सबसे बड़े गैर-श्वेत जातीय समूह दोनों हैं। यह आबादी का 3.1 प्रतिशत हिस्सा हैं। इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि लेबर पार्टी ने भारतीय मूल के लोगों का समर्थन खो दिया है। 2010 में 61 प्रतिशत ब्रिटिश भारतीयों ने कहा कि वे लेबर का समर्थन करते हैं। वहीं, यह आंकड़ा 2019 तक घटकर 30 प्रतिशत रह गया। वरिष्ठ नेताओं को चिंता इसलिए भी है कि ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक के होने से यह चलन बढ़ सकता है।